e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 12, अंक 57
गुरुवार
27.02.2025
RNI No. - JHAHIN/2022/81895
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जरुरी नहीं सब कुछ हासिल हो जाए कुछ किस्से दिल में धड़कते ही रह जाते है!

## देवघर में महाशिवरात्रि महोत्सव में सम्मिलित हुए सीएम, शिव बारात को किया रवाना

# अदभुत है देवघर का शिवरात्रि महोत्सव : हेमंत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा नगरी देवघर में बाबा भोलेनाथ के चरणों पर शीश नवाकर आप सभी का अभिनंदन करता हूं। आज यहां शिव बारात में सम्मिलित होने का मुझे भी अवसर मिला है। यहां हम एक ऐसे समूह के साथ खड़े हैं, जिसमें इंसान के साथ जीव-जंतु भी शामिल है। यह शिव बारात मात्र नहीं है। ऐसे महोत्सव में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना यह दर्शाता है कि इससे ऊपर और कोई ताकत नहीं है और कहीं ना कहीं दुनिया इसी की बदौलत चल रही है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा नगरी देवघर के केएनएन स्टेडियम में आयोजित शिव बारात महोत्सव को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य एवं आकर्षक झांकियों के साथ शिव बारात को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए उमंग,उत्साह, खुशी, श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था का दिन है। महाशिवरात्रि का महापर्व सदियों से मनाते आ रहे हैं और आगे भी यह अनवरत जारी रहेगी। बाबा नगरी देवघर के लिए यह महापर्व विशेष है। यहां महाशिवरात्रि के पर्व के साथ निरंतर नया अध्याय जुड़ता जा रहा है। आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य रूप ले रहा है। आज यह महोत्सव निरंतर बड़ा आयाम लेने की तैयारी में आगे बढ़ रहा है।

**आस्था का यह केंद्र और मजबूती के साथ आगे बढ़े, सभी का सहयोग जरूरी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवघर की पावन धरती असीम आस्था का केंद्र है। श्रावणी मेले के दौरान देश- दुनिया से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। इतना ही नहीं सालों भर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चलता रहता है। इस पवित्र स्थल को और बेहतर करने के लिए सरकार मंथन करेगी और इसमें आपका सहयोग काफी मायने रखेगा। आने वाले समय में आस्था के इस केंद्र को और मजबूती के साथ आगे ले जाना है।

### इनकी रही उपस्थिति

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित शिव बारात महोत्सव में मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय, मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक सुरेश पासवान, विधायक उदय शंकर सिंह, पूर्व मंत्री श्री बादल, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती किरण कुमारी, संताल परगना के आयुक्त लालचंद दादेल,पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री अंबर लकड़ा तथा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### बैद्यनाथ धाम में रहा महाशिवरात्रि की धूम

देवघर- शिवरात्रि को लेकर देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ा. अहले सुबह पट खुलते ही भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक करने के लिए भक्तों की लंबी लाइन लग गई.शिवरात्रि के मौके पर पहुंचे भक्तों ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वे सभी पूजा करने पहुंचे हैं. माना जाता है कि शिवरात्रि के मौके पर यदि कोई भी भक्त भगवान भोलेनाथ के द्वादश ज्योतिर्लिंग में से एक बैद्यनाथ धाम ज्योतिर्लिंग का स्पर्श करते हैं तो उनकी हर मनोकामना पूर्ण होती है.मंदिर में किए गए इंतजामों को लेकर भक्तों ने संतुष्टि दिखाई. अलग-अलग जिलों व क्षेत्रों से पूजा करने आए भक्तों ने कहा कि इस दिन पूरे झारखंड और बिहार के लोग मंदिर में पूजा करने पहुंचते हैं, जिस कारण भीड़ निश्चित रूप से बढ़ जाती है. लेकिन जिस तरह से जिला प्रशासन के द्वारा इंतजाम किए गए हैं, वह काबिल ए तारीफ है.मंदिर के पुजारी जयशंकर पंडा ने बताया कि यह दिन झारखंड के लिए खास है. महाशिवरात्रि के दिन कोई ऐसा जिला नहीं होगा जहां से श्रद्धालु देवघर नहीं पहुंचते हैं.

# महाकुंभ : 44 दिन में करीब 68 करोड़ भक्तों ने लगाई डुबकी



**एजेंसी**

**प्रयागराज :** दुनिया के सबसे बड़े समागम महाकुंभ मेले का समापन हो गया। महाशिवरात्रि पर अंतिम स्नान के लिए आधी रात से ही श्रद्धालुओं का रेला संगम पर पहुंचा. सोमवार को 1.30 करोड़ से अधिक लोगों ने स्नान किया था. मंगलवार को भी 1.11 करोड़ से अधिक लोग त्रिवेणी पहुंचे थे. वहीं 13 जनवरी से अब तक 65 करोड़ से  श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं. बुधवार को करीब 2 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया. ऐसे में यह आंकड़ा 68 करोड़ के करीब होने का अनुमान है. भीड़ के कारण 25 फरवरी की शाम 4 बजे से ही शहर में वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी. मेला क्षेत्र भी नो व्हीकल जोन है. सीएम योगी लगातार इंतजामों की मॉनिटरिंग किया. बता दें कि प्रयागराज में 44 दिन में जुटे श्रद्धालुओं की संख्या दुनिया के 231 देशों की आबादी से ज्यादा है। सिर्फ भारत और चीन की आबादी ही प्रयागराज पहुंचे लोगों की संख्या से ज्यादा रही। जहां भारत की अनुमानित आबादी 145 करोड़ है, वहीं चीन की अनुमानित जनसंख्या 141 करोड़ है। इसके बाद नंबर आता है अमेरिका का, जहां की आबादी महज 34 करोड़ है। यानी महाकुंभनगर में पहुंचे लोगों के मुकाबले सिर्फ आधी।

**महाकुंभ आए श्रद्धालुओं ने दिया राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश : सीएम योगी**

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रदेशवासियों, प्रयागराज महाकुंभ, बाबा विश्वनाथ धाम, अयोध्या में देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं और प्रदेश के सभी देवालयों-शिवालयों में उमड़े आस्थावानों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ का विशेष उल्लेख करते हुए कहा है कि यहां अब तक लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने राष्ट्रीय एकात्मकता और राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण का संदेश पूरी दुनिया को दिया है।महाशिवरात्रि पर बुधवार को गोरखपुर के प्रमुख शिवालयों के भ्रमण, दर्शन-पूजन और जलाभिषेक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुक्तेश्वरनाथ मंदिर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि आज महाशिवरात्रि है अर्थात देवाधिदेव महादेव की उपासना का दिन।

### शिव- शक्ति के मिलन की रात्रि है शिवरात्रि : स्वामी चिदानंद

**महाकुम्भ नगर :** महाशिवरात्रि, विशेष रूप से भगवान शिव और शक्ति के मिलन की रात्रि है। यह वह रात्रि है जब शिव का आदिशक्ति के साथ मिलन होता है। यह बात बुधवार को परमार्थ निकेतन शिविर के स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा।उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि, शुद्धि की रात्रि है, इस रात्रि में शिव की उपासना से मानसिक और शारीरिक शुद्धता की प्राप्ति होती है और जीवन के पथ पर सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए शक्ति मिलती है। महाकुम्भ की दिव्य धरती पर महाशिवरात्रि का दिव्य, अद्भुत एवं अभूतपूर्व संयोग है। इस विशेष अवसर पर परमार्थ निकेतन शिविर में शिवलीला का अद्भुत आयोजन किया गया। आदिवासी और जनजाति कलाकारों द्वारा शिव जी के प्रतीक के रूप में उनके आदर्शों को पुनः जीवित कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।स्वामी जी ने कहा कि शिवरात्रि पर आप सबका जीवन 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' बने।

### सड़क दुर्घटना में 15 की मौत

**एजेंसी**

**अंबिकापुर-प्रतापगढ़-चेन्नई :** देश के कई राज्यों में हुए सड़क दुर्घटना में 15 लोगों की मौत हो गई। एमपी के अंबिकापुर में बुधवार को सरगुजा जिला के सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिशनपुर प्लांट के पास एनएच 43 पर लगभग 12 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां ट्रक और बोलेरो में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे बोलेरो में सवार एक मासूम सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सात लोग घायल हो गए।





# सड़क दुर्घटना में सांसद महुआ मांझी घायल, भर्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के होटवाग गांव के पास बुधवार की अहले सुबह एनएच 39 पर राज्यसभा सांसद महुआ माझी की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में राज्यसभा सांसद के हाथ में गंभीर चोट आई है। उन्हें लातेहार में प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद लातेहार थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रांची रेफर कर दिया गया। उन्हें आर्केड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।हालांकि चिकित्सकों के अनुसार सांसद की स्थिति खतरे से बाहर है। इधर घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में महुआ मांझी, उनके बेटे सोमबीत मांझी, बहू कृति श्रीवास्तव मांझी और चालक भूपेंद्र बासकी जख्मी हो गए।घटना के वक्त सांसद का परिवार महाकुंभ से स्नान कर लौट रहा था, और उनकी कार की टक्कर घटनास्थल पर खड़ी ट्रक से हो गई। बताया जा रहा है कि कार उनका बेटा चला रहा था।इसी दौरान नींद आने के कारण कार एक ट्रक में जाकर टकरा गई।घटना की जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ऑर्किड अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने घायल राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



# शहरवासियों के उत्साह ने अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट को और भी निखार दिया : सचिव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस एवं पलामू फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति के तत्वावधान में पलामू के पुलिस लाइन स्टेडियम में वीर शहीदों के पावन स्मृति में खेले जा रहे अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल समापन पर टूर्नामेंट आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही ये टूर्नामेंट सफल हुआ। संत मरियम स्कूल, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, नृत्यांगिनी, डी प्लानेट एकेडमी इत्यादि के बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए टूर्नामेंट को और भी बेहतर तरीके से सजाने का काम किया है। शहर के सभी होटल संचालकों को भी धन्यवाद दिया। लाली ने होटल संचालकों के संबोधन में कहा कि आप सभी ने बाहर से आए हुए खिलाड़ियों को अपने प्रतिष्ठान में रहने दिया। सचमुच आप सभी का सहयोग सराहनीय है। यहां के शहरवासियों एवं पूरे पुलिस विभाग की सराहना करते हुए कहा कि शहीदों की याद में आपने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जो भी योगदान दिया, सराहनीय है। लाली ने पलामू के प्रबुद्ध जनों, समाजसेवी, वरीय खिलाड़ी, दूर दराज से आए सभी दर्शकगण को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। उन्होंने विशेष आभार पूर्व मंत्री सह झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन संघ के अध्यक्ष मिथिलेश ठाकुर, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही, विधायक आलोक कुमार चौरसिया, भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, समाजसेवी सह नगर के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, प्रथम महापौर मेदिनीनगर अरुणा शंकर, प्रथम उपमहापौर मेदिनीनगर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह, शिक्षाविद् प्रो. एस सी मिश्र, समाजसेवी प्रेम भसीन, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा, दीपक तिवारी, सोनू सिंह नामधारी, अविनाश देव, पंडित प्रदीप नारायण, सन्नू सिद्दीकी, किसलय तिवारी, शालिनी श्रीवास्तव, ज्ञानचंद पाण्डेय, अभिषेक सिंह बाबू सहित शहर के सभी व्यक्तित्वों के लिए प्रकट किया। उन्होंने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन में सारे शहरवासी का हमें भरपूर सहयोग मिला। समाजसेवियों ने भी तन मन धन तीनों से सहायता की। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे पलामू ने हमारे उत्साह में कमी नहीं आने दी। उनके हौसले से और भी ऊर्जा मिल जाती थी। आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकर्ताओं के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप हमारे साथ हाथ से हाथ मिलाकर कार्य करते रहें। इसके लिए मैं आप सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। सभी के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने सबको मंच के माध्यम से सम्मानित भी कराया। सारे मीडिया बन्धु, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, पत्रकार बन्धु, छायाकार बन्धु, सोशल मीडिया इत्यादि सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपके द्वारा किए गए प्रचार प्रसार ने इस टूर्नामेंट में चार चांद लगाने का काम किया। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान में ऐसे आयोजन होने चाहिए। शहीदों के परिजनों को सम्मान देने में ऐसे भी पलामू अग्रणी भूमिका में रहता है। इस आशा की जानकारी अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति, पलामू के मीडिया प्रभारी मनीष कुमार मिश्रा ने दी।

# श्री श्री शिव जी को महा अभिषेक कराते हुये अखंड कीर्तन आरंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के कुकही टोला मुगल जान निवासियों ने आज प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे दिन श्री शिव जी को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर आचार्य जी ने यजमान लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद पत्नी आरती देवी से महा अभिषेक कराते हुए सभी श्रद्धालुओं ने जल ढारा। सभी भक्तों ने मिलकर शिव पार्वती जी की मंगलाचार करते हुए शिवजी की आरती एवं पूजा पाठ के पश्चात मुगलजान वासियों ने कीर्तन मंडली के साथ 24 घंटे का अखंड कीर्तन की शुरुआत की। अखंड कीर्तन मे मुख्य रूप से कर्नल डा संजय कुमार सिंह बद्रीनारायण सिंह, मनोज सिंह सुभाष कुमार, एवं ग्राम भैसना निवासी श्री राम अवतार मेहता, सुबोध राज, ललन मेहता, विनोद मेहता, संतोष मेहता राजेंद्र मेहता हरि मेहता कैलाश मेहता प्रभु मेहता राजेश मेहता, भोला पासवान, दशरथ पासवान, शिव कुमार सिंह, दिनेश राम, हरि राजवंशी, संतोष सिंह, ढोलक, झाल हरमुनिया, बजाते हुए हरे राम, हरे कृष्ण कि धुन से पुरे इलाके को गुंजायमान किया।इस अखंड कीर्तन में इलाके सभी गांवों के भक्तों ने चढ़ बढ कर भाग लिया एवं सभी झुमते हुए भाव भक्ति में लीन हो कर रंग अबीर भी खूब उड़ाए। कल दिनांक 27 फरवरी दिन गुरुवार को अखंड कीर्तन की पूर्णाहुति करते हुए 1:00 बजे दिन से भंडारा की आयोजन की जाएगी लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने सभी कीर्तन पार्टी एवं तमाम नगर वासी श्रद्धालुओं से अपील की है की कल इस महा भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करें और मुगल जान वासियों को कृतार्थ करें।



# महाशिवरात्री मेला का उद्घाटन एसडीएम व थाना प्रभारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत प्रसिद्ध लंगर कोट मुरली पहाड़ी पर हर साल की भांति इस बर्ष भी महा कालेश्वर शिव धाम परिसर में महाशिव रात्री पर्व पावन के अवसर पर क्षेत्रीय मेला का हुआ उद्घाटन यह मेला का उद्घाटन हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी गोरांग महतो हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू चौधरी शिव धाम पुजारी महंत विनय कुमार सिंह त्यागी ने फीता काटकर किया उद्घाटन मौके अनुमंडल पदाधिकारी गोरांग महतो ने कहा पावन पर्व मेला के अवसर पर आए हुए सभी सम्मानित श्राद्धालुओ हार्दिक शुभकामनाए उन्हों ने कहा की सत्यम शिवम सुंदरम सत्य ही शिव है और देवो के महादेव हैं इनके अराधना से हर प्राणी सुख समृद्धी पा लेता है वहीं थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने कहा की यह मेला में आए हुए श्राद्धालुओ शांति माहौल से मंदिर परिसर जाकर पूजा अर्चना करें और एक दुसरे को सहयोग करें ताकी किसी भक्त को परिशान एवं हुड़दंग ना करें वहीं शिव पुजारी महंत विनय कुमार सिंह त्यागी ने कहा की हर साल की भांति प्रति बर्ष महाशिव रात्री के दिन महाकालेश्वर शिवधाम परिसर में मेला का आयोजन किया जाता है और हजारो हजार की सख्या में श्रद्धालुओं वेल पत्र भांग धतुरा अन्य पूजा समाग्री चढ़ाकर जलाभिषेक कर पुन्य भागी बनते हैं यह मेला का सफल बनाने में अखबार बिक्रेता प्रेमचन्द चौधरी, शिक्षक मनोज कुमार चौधरी पुर्व पंचायत समिति सदस्य रामजी राम, समाजसेवी पवन कुमार पटेल सहित हजारो शिव भक्त मौजूद थे।

# शिवालयों में शिवरात्रि की धूम, लगा रहा शिवभक्तों का तांता

## भगवान विष्णु और भूतप्रेतों के साथ निकली शिव बारात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवो में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिरों में महिला पुरुष भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना की, वही प्रखंड के बोहिता पंचायत के शिव स्थान चमरूआ पहाड़ पर हर वर्ष की भांति मेला के साथ दुगोला का कार्यक्रम किया गया जिसमें गया के राजेश रौशन व्यास तथा छपरा के धीरज चालबाज व्यास के बीच मुकाबला हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन समाजसेवी लालबिहारी साव, चतुर्गुण राम,जपन सिंह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कमिटी के साथ साथ अवधेश सिंह चेरो विधि व्यवस्था में मुस्तैद दिखे। वही बाबा अजगर नागदेव धाम मे भी दुगोला सह मेला का आयोजन किया गया। जबकि सतबरवा के राधा कृष्ण मंदिर में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण से बाजे गाजे व भूत प्रेतो के साथ भगवान शिव की बारात निकली, बारात जोड़ा सेड, रामघाट, भट्ठी मोहल्ला, होते सतबरवा के महावीर चौक शिव मंदिर के प्रांगण में पहुंची, जहां पंडितों के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ भगवान शिव पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह संपन्न होने के पश्चात प्रखंड क्षेत्र से आए सभी श्रद्धालुओं को पूरी, सब्जी, व बुंदिया का प्रसाद ग्रहण कराया गया। इसके अतिरिक्त खामड़ीह, रेवारातू, तुम्बागड़ा, सेहरा, लोहरा पोखरी के शिव मंदिरों में दिन भर पूजन,जलाभिषेक हेतु भक्तों का तांता लगा रहा।

# राजहरा पंचायत के बिरहोरी मे मेला का उद्घाटन मुखिया अजय पासवान ने किया



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन के राजहरा पंचायत के बिल्होरी गांव में महाशिवरात्रि मेला के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण सह दुगोला का आयोजन किया गया। पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पिता काटकर किया। इस कार्यक्रम में बिहार से पहुंचे दो कलाकार सुदर्शन यादव, व शिव शंकर यादव के बीच जोरदार गान बजान के मुकाबला से दर्शकों को आकर्षित किया। पंचायत के मुखिया के द्वारा कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर उपस्थित मेला के कमिटी सदस्य ओम प्रकाश सिंह, सतौवा मुखिया अखिलेश सिंह, कांग्रेस मजदूर अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, अशोक विश्वकर्मा, पूर्व मुखिया नारद यादव, कमलेश दुबे, भर्दुल सिंह, चेरो संघ के अध्यक्ष, अमृत सिंह, समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# मुखिया पति और पंचायत सचिव के बीच मारपीट की घटना, निष्पक्ष जांच की मांग



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हंटरगंज प्रखण्ड के गोसाईडीह पंचायत सचिवालय में प्रखण्ड मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ उपाध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से गेंजना पंचायत मुखिया पति और पंचायत सचिव के बीच मारपीट सहित सरकारी कर्मी पंचायत सचिवालय में नहीं बैठे जाने पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान गेंजना पंचायत मुखिया चिंता देवी ने अपने पति प्रभु भारती और पंचायत सचिव दीपक टोपनो के बीच हुए मारपीट की घटना के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। मुखिया संघ ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए. संघ ने बताया कि आज हमलोगों को विस्तृत से जानकारी हुई है, इसमें जिला प्रशासन से अनुरोध है कि जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच करते हुए दोषियों पर करवाई की जाए वही निर्दोष लोग फंसे नहीं, वही संघ उपाध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने कहा कि पंचायती राज अधिनियम के तहत पंचायत सचिव व पंचायत सहायक व कर्मी को नियमित रुप से साप्ताहिक बैठक होनी अनिवार्य है। ग्रामीण परेशान हैं परंतु कोई अधिकारी उनकी बातों को नहीं सुन रहा है। छोटे से कार्य के लिए ग्रामीणों को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का दौड़ लगाना पड़ता है। एक ओर झारखण्ड सरकार चाहती है कि ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय से हर कार्य हो लेकिन कुछ कर्मी पंचायत सचिवालय ना आकर अपना कार्य प्रखण्ड मुख्यालय से ही निपटा देते हैं ऐसे कर्मियों पर सरकार से अनुरोध है कि करवाई करे जिससे ग्रामीणों का कार्य पंचायत सचिवालय में ही पूर्ण हो। मौके पर बलुरी मुखिया रूबी देवी, तरवागडा मुखिया चमेली देवी, तिलहेत मुखिया सोनी देवी, खुटिकेवाल मुखिया बृजकिशोर सिंह, मीरपुर मुखिया चम्पा देवी, नावाडीह बसंती पन्ना समेत प्रखण्ड के दर्जनों पंचायत के मुखिया मौजूद थे।

# अजसु पार्टी का बैठक आज बेतला में : दिलीप चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आजसु पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि पार्टी का संगठनात्मक मजबूती एवं विस्तार हेतु पलामू प्रमंडल स्तरीय बैठक दिनांक 27 फरवरी 2025 स्थान जनता लॉज बेतला नेशनल पार्क में की जाएगी। बैठक को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है। बैठक में मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो होंगे। साथ में केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर देशवरान भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर समेत अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। इस बैठक में पलामू प्रमंडल के सभी केंद्रीय पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला पदाधिकारी एवं सदस्य, प्रखंड पदाधिकारी एवं सदस्य, नगर पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला पार्षद, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, प्रखंड प्रमुख साथ ही साथ पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ नेता, पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित होंगे। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम संगठन का विस्तार, युवाओं को राजनीतिक संवाद एवं भागीदारी, नगर इकाई चुनाव, सशक्त सोशल मीडिया टीम का विस्तार एवं महिलाओं को सक्रिय राजनीतिक भागीदारी पर विचार किया जाएगा। जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने सभी को समय पर बैठक में पहुंचने का आह्वान किया है।

# श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में महाशिवरात्रि महोत्सव का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** श्री सर्वेश्वरी समूह के गुरी प्रार्थना गृह में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया. सामूहिक रूप से पूजा अर्चना, जलाभिषेक व आरती किया गया. इसके अलावा अघोरेश्वर मलंग संवाद पुस्तक का पाठ किया गया. पाठ्य पुस्तक में महाशिवरात्रि के माहात्म्य, शिवरात्रि क्यों और कब कब मनाया जाता है इसका विस्तृत रूप से वर्णन है. इसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया. इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें पारम्परिक होली के गीतों साथ लोगों ने भरपूर रागोत्सव मनाया. संध्या आरती के बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन हुआ. कार्यक्रम को सफल बनाने में जयराम मिश्रा, राधेश्याम मिश्रा, रामलखन पांडेय, हलकनी राम, श्रीकांत मिश्रा, शैलेंद्र बकसराय, रश्मि राय, सकुंतला देवी, प्रेमलता देवी, श्रीजा कुमारी, चंद्रदेव साव, साहेब राम, जवाहिर साव, सरयू पांडेय, सत्येंद्र कुमार मिश्रा, संजीत कुमार मिश्रा, आकाश कुमार, बिनोद पांडेय, अंशराज, रूपेश कुमार, राजू राम, रामनाथ साव आदि का अहम योगदान रहा।

# हवन और भंडारे के साथ नवनिर्मित शिवमन्दिर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतबरवा :** बुधवार को शिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के लोहरा पोखरी में नवनिर्मित शिव मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम हवन और भंडारे के साथ संपन्न हो गया। मूर्ति अधिवास के पश्चात बुधवार को नवनिर्मित शिवमन्दिर में शिवलिंग के साथ शिव परिवार के सदस्यों मां पार्वती, कार्तिकेय जी, गणेशजी, नंदी के साथ साथ भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठित किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।कार्यक्रम के सफल आयोजन से कमिटी के साथ स्थानीय लोगों में उल्लास और खुशी देखी गई।सभी धार्मिक कामकांड यज्ञाचार्य अखिलेश पाठक, सुरेंद्र पाठक, अरविंद मिश्रा सहित सहयोगियों द्वारा संपन्न कराया गया। उप मुखिया मुधिर साहू ने बताया कि कमिटी के सदस्यों के साथ जिनका भी सहयोग सभी लोग बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आभार जताते हुए खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह के आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आखिरी चरण में परशुराम व्यास के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रमना प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाई गई. जिसमें मुख्य रुप से नीचे बाजार स्थित शिवबाला मंदिर, श्री सीताराम मानस मंदिर, बाजार स्थित दुर्गा मंदिर, सुखदा नदी स्थित शिव मंदिर,चुंदी पहाड़ी शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया. वही सुखड़ा नदी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की तरह मेले का आयोजन किया गया.जिसमे सैकड़ो श्रद्धालु पहुंचकर पूजा अर्चना कर मेले का लुत्त उठाया. इस अवसर पर मंदिरो को फुल व डेकोरेशन से भब्य रूप से सजाया गया. वही नीचे बाजार स्थित शिवाला मंदिर के तत्वधान में पूजा पाठ हवन के बाद वृंदावन से कलाकारों के द्वारा भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा में शिव पार्वती आदि के भेष के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति संगीत से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया. शोभा यात्रा नीचे बाजार से सब्जी बाजार मुख्य सड़क होते पुनः नीचे बाजार सिवाला मंदिर पहुंचकर शोभा यात्रा समाप्त हुवा. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बिट्टू कुमार, संतोष प्रसाद, संजय गुप्ता, कृष्णा प्रसाद, सुमित कुमार, राहुल कुमार, रविंद्र प्रसाद, पंकज कुमार, अभिषेक सोनी, अर्जुन कुमार, गोलू कुमार, रोहित कुमार, बबुई गुप्ता, सहित अन्य लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई. वही भागोडीह पंचायत अंतर्गत पहाड़ी शिव मंदिर चुन्दी के प्रांगण में महाशिवरात्रि के दिन विशेष पूजा पाठ की गई. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संतोष साह, गुलाबचंद साह,फकीरा साह, अवधेश साह, विष्णु देव प्रजापति, नंद कुमार प्रजापति, प्रमोद कुमार सिंह, एस कुमार सिंह कुशवाहा, सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है. इसी तरह चांद राज पहाड़ी के प्रांगण में शिव मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा पाठ किया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

## बाल सुधार गृह में नाटक पुनरुत्थान और नशा मुक्ति का किया गया मंचन

**रांची।** बुधवार को बूटी मोड़ स्थित बाल सुधार गृह के परिसर में झारखंड फिल्म एंड थिएटर एकेडमी÷ के छात्रों के द्वारा राजीव सिन्हा के निर्देशन में दो नाटकों का मंचन किया गया जिन में शामिल थे पुनरुत्थान और नशा मुक्ति÷ गौरतलब है कि दोनों ही नाटकों का विषय किशोरों के प्रोत्साहन तथा जागरूकता के लिए प्रस्तुत किया गया, नाटक पुनरुत्थान से जहां किशोर में देशभक्ति का संदेश गया वहीं नशा मुक्ति के माध्यम से उन्हें नशा के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया। इस आयोजन को बाल सुधार गृह के नोडल ऑफिसर कर्नल जीवन कुमार के द्वारा आयोजित किया गया था, जिन्होंने इस मौके पर बाल सुधार गृह के सभी बच्चों को झारखंड के टूरिस्ट गाइड बनने का भी संदेश दिया।नाटक में अभिनय करने वाले कलाकारों में शामिल थे अंशु अग्रवाल, अलका भगत, श्रुति जयसवाल, प्रिंस राजपूत, सोमकांत, अमित कुमार राज, सूरज पार्या, अब्दुल तौफिक, नीतीश कुमार गुप्ता और मनीष राव आदि शामिल थे।

## निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन

**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष विनिता सिंघानिया के नेतृत्व में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति ने सहयोग किया। शिविर में मौजूद दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग हाथ - पैर, एक ट्राइसाइकिल, चार व्हीलचेयर, तीन बैसाखी, छह कैलिपर, दो ईयर मशीन का वितरण किया गया।

# पूर्व के पुलिस एसोसिएशन पदाधिकारियो से नाराज हैं राज्य के पुलिस कर्मी : राहुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव केंद्रीय कार्यालय रांची के समक्ष 28 फरवरी 2025 को होगा। इस चुनाव से पहले उम्मीदारों ने पुलिस एसोसिएशन के बाहर सड़क पर ही पत्रकारों को संबोधित करने को विवश होना पड़ा। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राहुल मुर्मू की टीम ने 1056 पुलिस एसोसिएशन के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि एसोसिएशन में जो पदाधिकारी पहले से जमें हुए हैं उनका कार्यकाल दो साल पहले ही खत्म हो चुका था बावजूद इसके समय पर चुनाव नहीं कराया। एसोसिएशन में अब परिवर्तन कराने की जरूरत है।

संकल्प ले और अध्यक्ष पद के उम्मीदवार राहुल मुर्मू की टीम के जिसमें रोहित कुमार रजक , उपाध्यक्ष अशोक कुमार तिवारी उपाध्यक्ष ,संजीव कुमार महामंत्री,



संतोष कुमार महतो संयुक्त सचिव , राकेश कुमार पाण्डेय संयुक्त सचिव और मंटू कुमार संगठन सचिव उम्मीदवारों को मतदान करके चुनाव जीताने का काम करें, ताकि पूर्व के पदाधिकारियों को सबक मिल सके। मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राहुल कुमार मुर्मू के द्वारा पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड पुलिस एसोसिएशन के केंद्रीय पदाधिकारियो के होने वाले चुनाव में राज्य से कुल 1056 पुलिस कर्मी मतदान करेंगे।

केंद्रीय पुलिस एसोसिएशन में कुल 7 पद के लिए चुनाव होना है जिसमें 1 अध्यक्ष 2 उपाध्यक्ष 1 महामंत्री 2 संयुक्त सचिव एवं 1 संगठन सचिव पूरे राज्य के सभी जिला/वाहीनी/इकाई भ्रमण करने के पश्चात यह बात प्रकाश में आया कि पुलिस पदाधिकारी विभिन्न समस्याओं पर पूर्व के एसोसिएशन केंद्रीय पदाधिकारियो से उदासीनता, उपेक्षाक्षा, पूर्वाग्रह का शिकार हुए हैं । सभी पुलिस पदाधिकारी बदलाव चाहते हैं, पुलिस एसोसिएशन के सदस्य पुलिस पदाधिकारी में चुनाव को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया ,क्योंकि यह चुनाव अपने नियत कार्यकाल से 2 साल देरी से कराया जा रहा है।

हमारी टीम विजय होकर आने पर सभी पुलिस पदाधिकारी के सम्मान, विभिन्न समस्या, स्थानांतरण में एकरूपता, सःसमय प्रोन्नति, आर्थिक लाभ आधारभूत संरचना, वर्षो से लंबित एसीपी/एम ए सी पी का लाभ प्रदान कराया जाना सभी प्रकार के भत्ते का पुनरिच्छित करते हुए भुगतान कराया जाना सहित सभी सदस्यों के इलाज हेतु जल्द से जल्द बेहतर सुविधा प्रदान कराया जाना आदि हमारी प्रमुखता है।

# अफीम की खेती सरकार संपोषित व संरक्षित गिरोह का संगठित अपराध है : रमाकांत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने प्रदेश में सरकार द्वारा अफीम की खेती को बुलडोजर एवं ट्रैक्टर द्वारा रौंदे जाने को आईवॉश करार दिया है और हेमन्त सरकार को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया है। महतो ने कहा है कि हेमन्त सरकार विगत पाँच सालों से राज्य एवं जिले के सीमावर्ती इलाकों में सरकार द्वारा संपोषित व संरक्षित गिरोह बनाकर लाखों एकड़ जमीन पर अफीम की खेती कराती रही है।गिरोह के माध्यम से ग्रामीण इलाकों से उगाही का पैसा सीधे मुख्यमंत्री तक पहुंचता है।पुलिस महकमा से लेकर पूरा सरकारी तंत्र अफीम की खेती करवाने में मिला हुआ है। भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो ने सरकार के अधीन काम करती खुफिया विभाग पर भी सवाल खड़ा करते हुए जवाब मांगा है कि जब लाखों एकड़ जमीन पर अफीम की फसलें लहलहाती हैं तब सरकार का ये खुफिया विभाग क्या कर रहा होता है।जब चीरा लगाकर



माल पंजाब, राजस्थान के अलावे अन्य प्रदेशों में चला जाता है उसके बाद सरकार की कुंभकर्णी नींद खुलती है और पुलिस के माध्यम से अफीम की खेती को बुलडोजर व ट्रैक्टर से रौंदवा दिया जाता है।जो केवल और केवल एक आईवॉश के अलावा और कुछ नहीं है। प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा है कि सरकार के इशारे पर पुलिस महकमा ग्रामीण क्षेत्रों में गिरोह बनाती है।फिर भोले-भाले किसानों को दिग्भ्रमित कर अफीम की खेती करवाती है।प्रति डिसमिल जमीन के हिसाब पैसों का उगाही भी करती है। महतो ने साफ शब्दों में कहा है कि ये खेती सरकार संपोषित नहीं है तो अबतक सरकार गंभीरता से संज्ञान में लेकर ठोस कदम उठाते हुए कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं करती? सरकार को स्पष्ट करनी चाहिए कि विगत पांच सालों अफीम खेती करने वाले एवं उससे संरक्षण देनेवालों पर क्या -क्या कार्रवाई हुई है। महतो ने कहा है कि एक ओर जहां राज्य बिना नीति बनाकर तम्बाकू गुटखा आदि पर बैन लगा लगाती है वही राजधानी के सटे क्षेत्रों में खुलेआम अफीम की खेती को रोक पाने असमर्थ है।झारखण्ड को नशे के क्षेत्र में पंजाब बनाना चाहती है हेमन्त सरकार।

## महाशिवरात्रि में ग्रामीण एसपी ने परिवार संग किया पूजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नवीन पुलिस केंद्र, रांची के आदिदेव महादेव भगवान शिव के मंदिर में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल , रांची के द्वारा अपने पूरे परिवार के साथ पूजा अर्चना किए, जिसमें परिचारी प्रवर- 1, 2, 3. परिचारी गण, सभी पुलिसकर्मी एवं उनके परिवार, कार्यालय कर्मी, एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे ।

## एक महीने से सउदी में है शादाब का शव, परिवार को अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से है उम्मीदें

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** बीते 17 फरवरी को झामुमो नेता सह समाजसेवी लाडले खान ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी से उनके आवास पर मुलाकात की और डालटनगंज के रहने वाले पीड़ित परिवार से मिलवाया। पीड़ित परिवार ने मंत्री इरफान से मदद की गुहार लगाते हुए कहा कि मो शादाब साउदी में रोजी रोटी कमाने के लिए गया था। लेकिन वहां उसकी मृत्यु हो गई, लेकिन शव पिछले एक महीने से अधिक समय हो गया है, वहीं है, झारखंड लाने में कोई मदद नहीं कर रहा है। इसकी जानकारी झामुमो नेता लाडले खान को हुई तो उसके साथ आपसे मिलकर मदद मांग रहे हैं। वहीं झामुमो नेता लाडले खान ने बताया कि जैसे मुझे जानकारी मिली वैसे ही हमने



मंत्री डा इरफान अंसारी को बताया तो मंत्री ने परिवार से मिलने का समय दिये और फिर परिवार से मिलकर सारी बातों को सुनने के बाद साउदी में भी संपर्क किया। वहीं मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मंत्री इरफान अंसारी ने बात की और मुख्यमंत्री ने भी गंभीरता दिखाई है उम्मीद है कि अब शादाब का जनाजा झारखंड सही सलामत आ जायेगा। लाडले ने बताया कि मृतक की पत्नी और परिवार का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक शदाब का तीन मासूम बच्चे हैं। जैसे जैसे समय गुजर रहा है परिवार की उम्मीदें भी टूट रही है।अब देखना यह है कि झारखंड सरकार मो शदाब का शव लाने में मदद करते हैं या फिर साउदी में ही मिट्टी मंजिल करवाते हैं।

## शिव बारात में आये सभी शिव भक्तों का पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्री शिव बारात स्वागत समिति के द्वारा शिव बारात में आए सभी महादेव के भक्तों का भव्य स्वागत समिति के मुख्य संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा, शंकर दुबे , अध्यक्ष लंकेश सिंह एवं समस्त पदाधिकारियो के द्वारा भव्य स्वागत किया गया ।समिति के संरक्षक मिश्रा ने बताया कि समिति के द्वारा शिव बारात में आए सभी शिव भक्तों को महादेव के नाम का अंगवस्त्र देकर , माला पहनाकर एव पुष्प वर्षा कर किया गया । समिति के द्वारा शिव भक्तों के लिए जल एवं जूस का वितरण किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपाल पारीक , राजीव सिंह , ज्योति शंकर साहू , टिंकू महतो , अरविंद कुमार लाल, वेणु गोपाल ,इंदर सिंह , श्रवण कुमार , आकाश दुबे , विशाल कुमार , शशांक पाठक सहित दर्जनों सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## महाशिवरात्रि पर शिवशिष्यों ने की शिव की पूजा अर्चना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिवशिष्यों द्वारा पुराना विधान सभा मैदान एचईसी, धुर्वा में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम प्रारंभ हुआ। हर भोला,हर शिव के नाम की धूनी के साथ मंत्रोच्चार से माहौल सुवासित हो उठा। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि आये हुए आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। वैश्विक शिवशिष्य परिवार की ओर से



निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया है जिसमें पारस अस्पताल, धुर्वा के चिकित्सकों द्वारा आये हुए लोगों को निःशुल्क चिकित्सा एवम दवाई उपलब्ध कराई गई। तथा गरुड़ आई हॉस्पिटल के ओर से निःशुल्क नेत्र एवं दांत का उपचार किया गया। तथा होमियोपैथीक चिकित्सा शिविर भी लगाया गया लगभग पांच हजार लोगों ने चिकित्सा शिविर में अपना उपचार करवाया। उक्त कार्यक्रम में वैश्विक शिवशिष्य परिवार के मुख्य सलाहकार श्री अर्चित आनन्द ने महती भूमिका निभाई।श्री अर्चित आनन्द ने गरुड़ आई हॉस्पिटल एवं पारस हॉस्पिटल के डॉक्टरों था व्यवस्थापक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निःशुल्क चिकित्सा शिविर के आयोजन में इनका योगदान सराहनीय है। इस आयोजन में शिवशिष्य हरीन्द्रानंद फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रीमती बरखा आनन्द एवम शिवशिष्य परिवार के सचिव अभिनव आनन्द भी उपस्थित थे।

## साइबर अपराध पर लगाम लगाने के लिए जागरूक होना जरूरी : राज्यपाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में साइबर क्राइम को खत्म करने और जागरूक होने के लिए साइबर पीस कामिनिटी सेंटर का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची के सांसद राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ के कार्यालय पर नमो- ई लाइब्रेरी का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के रिसर्च के मंत्र का प्रमुख माध्यम बनेगा, जहां शोध से जुड़े लोग लाभान्वित होंगे।

विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को




पूर्ण करने में टेक्नोलॉजी का महत्वपूर्ण योगदान होगा। इसी सोच के तहत यह सेंटर काम करेगा। तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ साइबर शिक्षा के क्षेत्र में भी लोग स्किल्ड हों, रोजगार के अवसर सृजित हों, इस उद्देश्य से भी इस लाइब्रेरी का योगदान महत्वपूर्ण होगा। झारखंड में पहली बार शुरू हुई यह लाइब्रेरी हर वर्ग को समर्पित रहे , इस इस अवसर पर रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जयसवाल, साइबर पीस फाउंडेशन के प्रमुख मेजर विनीत, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, भाजपा रांची जिला अध्यक्ष वरुण सहित भाजपा कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली होने से कई प्रतियोगी परीक्षाएं हो रही हैं प्रभावित : अजय राय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) में अध्यक्ष पद सहित कई महत्वपूर्ण पदों के खाली होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन पदों के रिक्त रहने से आयोग की कार्यक्षमता बाधित हो रही है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है और राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है।

राय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली होने से कई प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हो रही हैं और कई परीक्षाओं का प्रकाशन नहीं हो पा रहा है। इससे राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है, लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। यह राज्य के युवाओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति करनी चाहिए। साथ ही, आयोग के खाली पदों को भी भरना चाहिए ताकि आयोग की कार्यक्षमता में सुधार हो सके। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि वह इस मुद्दे को प्राथमिकता में रखे और जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति करे।

साथ ही, आयोग के खाली पदों को भी भरे ताकि आयोग की कार्यक्षमता में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन इस मुद्दे पर सरकार से जवाब चाहता है और आवश्यक कार्रवाई की मांग करता है । उन्होंने राज्य के युवाओं से भी अपील की है कि वे इस मुद्दे पर एकजुट हों और सरकार से जवाब मांगें।

## महाशिवरात्रि पर रांची के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई

**रांची :** महाशिवरात्रि के मौके पर राजधानी रांची के विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। बुधवार सुबह से ही रांची के पहाड़ी मंदिर सहित कोकर, बूटी मोड़, लालपुर, बरियातू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, नामकुम के मराशिली पहाड़, हिनू, डोरंडा, धुर्वा आदि मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं और भक्ति गानों से पूरा वातावरण शिवमय हो गया है।

# मुख्यमंत्री ने टीएसी का गठन कर दिया विपक्ष के विधायकों को भी मिली जगह

प्रभाात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने ट्राइबल एड्वाइजरी काउंसिल टीएसी का गठन कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पदेन अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा उपाध्यक्ष हैं। इस संबंध में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। टीएसी का मुख्य उद्देश्य राज्य के अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों के आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिये सरकार को सुझाव देना है। साथ ही सुझावों का प्रभावी रूप से लागू भी कराना है। राज्य में आदिवासियों के विकास के लिये टीएसी के



अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सभी सदस्यों की भूमिका अहम होगी। झारखंड टीएसी में 15 विधायकों को भी बतौर सदस्य शामिल किया है। इनमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी, पूर्व मंत्री और जामा विधायक लुईस मरांडी, पोटका विधायक संजीव सरदार, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकू, मनोहरपुर विधायक जगत मांझी, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, तोरपा विधायक सुदीप गुडिया, खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, सिसई विधायक जिग्गा सुसारन होरो, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी और मनिका विधायक रामचंद्र सिंह का नाम शामिल है। इसके अलावा जमशेदपुर के जोसाई मार्डी और रांची के नारायण उरांव को बतौर मनोनीत सदस्य टीएसी में जगह दी गयी है।

# आर्य समाज ने महाशिवरात्रि को ऋषिबोधोत्सव के रूप में मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची अपर बाजार के श्रद्धानंद पथ स्थित आर्य समाज मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि के पर्व को ऋषिबोधोत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आर्य समाज ने डीएवी विद्यालयों के शिक्षकों से मिलकर सामूहिक रूप से वैदिक विधि-विधान के अनुसार हवन किया। इससे पूरा वातावरण वैदिक मंत्रों और आस्था की ऊर्जा से गुंजायमान हो उठा।

इसके बाद सभागार में महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन,उनके संघर्ष और वैदिक सिद्धांतों को दर्शाने वाले भजनों की प्रस्तुति दी गई। मौके पर श्रद्धालुओं ने महर्षि दयानंद सरस्वती



के आदर्शों और उनके समाज सुधारक योगदान से लोगों को परिचित कराया। आर्य समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने समाज में व्याप्त अंधविश्वास,पाखंड और कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष किया और वैदिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार का मार्ग प्रशस्त किया।इसलिए महाशिवरात्रि का पर्व आर्य समाज में केवल पारंपरिक रूप से नहीं, बल्कि ऋषिबोधोत्सव के रूप में उनके योगदान को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है।

उपस्थित सभी सदस्यों ने महर्षि दयानंद के आदर्शों पर चलने और समाज में वैदिक मूल्यों को पुनः स्थापित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर आर्य समाज संरक्षक एसएल गुप्ता , आर्य समाज के प्रधान राजेन्द्र आर्य, अजय आर्य,डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के प्राचार्य एसके मिश्रा सहित अन्य शामिल थे।

## रात में डीजे बजाने वाले पर होगी कार्रवाई एसएसपी ने जारी किया फोन नंबर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में रात दस के बाद और सुबह के 6 बजे से पहले तक लाउड स्पीकर, डीजे और ध्वनी विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। इस संबंध में झारखंड हाई कोर्ट ने ध्वनी प्रदुषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम-2000 की धारा-2 के आलोक में साफ दिशा-निर्देश दे रखा है। पर कहीं-कहीं अभी भी देर रात तक डीजे और लाउड स्पीकर बजाये जा रहे हैं। रांची में ऐसे लोगों के खिलाफ शिकायत करने के लिये फोन नंबर जारी किये गये हैं। डीआईजी सह एस एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रांची पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर जारी किया है। मोबाइल नंबर 9798300836 और 898779664 या फिर 112 पर फोन किया जा



सकता है। शिकायत करने वालों का नाम-पता गुप्त रखा जायेगा। वहीं, प्रतिबंधित अवधि में डीजे और लाउड स्पीकर बजाने वालों और उसके संचालकों के खिलाफ विधि-सम्मत कारवाई की जायेगी। जिले के सभी थानेदारों को इस बाबत निर्देश दे दिया गया है।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# विधायक राजेश कच्छप ने खिजरी विधानसभा में तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने खिजरी विधानसभा में तीन योजनाओं का किया शिलान्यास बात करें तो सर्वप्रथम माननीय विधायक ने खिजरी विधान सभा क्षेत्र के अनुशंसा पर स्वीकृत राँची जिला के नामकुम प्रखण्ड के ग्राम सिलवे में कैम्ब्रीज स्कूल के पीछे गणेश राम के घर से रेलवे जमीन तक पी.सी.सी पथ का शिलान्यास

अनगड़ा प्रखण्ड के हेसल नयाटोली में मंगरी देवी के घर से अशोक पहान के घर तक पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का शिलान्यास जल संसाधन विभाग राज्य सम्पोषित योजनान्तर्गत राँची जिला के अनगड़ा प्रखण्ड में लोघाबेड़ा श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय विधायक श्री राजेश कच्छप के कर कमलों द्वारा किया गया ।



मौके पर विधायक ने कहा कि यह कदम न सिर्फ विकास की ओर एक बड़ा कदम है, बल्कि क्षेत्रवासियों के लिए एक नई उम्मीद और सुविधा का प्रतीक भी है आने वाले दिनों में और विकास योजनाओं का शिलान्यास किया जाना है ताकि क्षेत्र का विकास तेजी से हो ।

इस मौके पर प्रमुख दीपा उरांव आशा कच्छप उपप्रमुख जयपाल हजाम विधानसभा प्रभारी अशोक कुमार मिश्रा विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्रर मुण्डा प्रखण्ड संयोजक अनगड़ा एतवा उरांव जिप सदस्य राजेन्द्र शाही पंचायत समिति सदस्य फल्गूनी देवी शीला देवी वरिष्ट कांग्रेस नेत्री अर्चना मिश्रा अनिता देवी विधायक प्रतिनिधी शिक्षा विभाग शकिर अंसारी विधायक प्रतिनिधी मत्स्य विभाग सचिन नायक विधायक प्रतिनिधि औद्योगिक क्षेत्र टाटी सिलवे किस्टो कुजुर अजा अध्यक्ष संजय नायक मुखिया भूनेश्वर बेदिया युवा अध्यक्ष अजय करमाली सहित शनिचरवा बेदिया एतवा बेदिया मनरत्न करमाली कमलेश करमाली अरबिन्द लोहरा बाबूराम महली किशन नायक बिजली देवी विजय बेदिया सुलेन्द्रर बेदिया पंचम भोगता बिचना भोगता प्रदिप बेदिया अघनु बेदिया अक्षय बड़ाईक संजय बेदिया सन्तोष बेदिया नारायण बेदिया बलिया बेदिया राजेन्द्रर शाही सुजीत मुण्डा अजय मुण्डा इत्यादी उपस्थित रहें !

## केंद्र सरकार अभिलंब सरना कोड लागू करें : रमेश उरांव



**ओरमांझी :** बुधवार को बुढ़मू प्रखंड के अंतर्गत सिदरोल सरना स्थल में रांची जिले के ओरमांझी बुढ़मू ,मांडर, चानहो,नामकुम,अनगड़ा,काँके,रातु, लापुंग बेड़ो इत्यादि प्रखंडों के ग्राम प्रधानों की बैठक बूड़मु प्रखंड के ग्राम प्रधान महासंघ के अध्यक्ष शंकर दयाल पहान के अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में विशेष रूप से रमेश उरांव मुख्य अतिथि अध्यक्ष ग्राम प्रधान महासघं झारखंड प्रदेश रांची शामिल हुए। विभिन्न प्रखंडों से आए हुए सभी ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने विचार रखें। और कहा खासकर हेमंत सरकार के कार्यकाल में पेसा कानून नियमावली का प्रारूप बनकर तैयार है लेकिन सरकार लागू कराने मे चुप्पी साधे हुए हैं।(2) केंद्र सरकार अभिलंब सरना कोड लागू करें।(3) अनुसूचित क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों पारंपरिक ग्राम प्रधान है। ग्राम सभा प्रधान नहीं है। एवं ग्राम प्रधानों के हक अधिकार एवं कई बिंदुओं पर विशेष रूप से विचार विमर्श किया गया। इस बैठक के दौरान सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रमेश उरांव ने कहा कि पेसा कानून नियमावली का प्रारूप बनकर तैयार है हेमंत सरकार अपने वादे के अनुसार शीघ्र लागू करें। अन्यथा सभी ग्राम प्रधान मिलकर जोरदार रूप से आंदोलन करने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। श्री उरांव ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार आदिवासियों के प्रति संवेदनशील नहीं है। अगर सरना कोड़ नहीं लागू करती है तो जल्द से जल्द नरेंद्र मोदी सरकार के विरोध में पुतला दहन रोड जाम चक्का जाम प्रखंड अंचल कार्यालय , उपायुक्त कार्यालय एवं राज भवन घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। श्री उरांव ने यह भी कहा कि झारखंड के अनुसूचित क्षेत्र में सभी ग्राम प्रधान पारंपरिक ग्राम प्रधान है ना कि ग्राम सभा प्रधान इस बिंदु पर सरकार को विशेष रूप से अवगत कराया जाएगा। और सभी ग्राम प्रधानों को समय के अनुसार निर्धारित मानदेय नहीं मिलता है सरकार से मांग किया जा रहा है कि सभी ग्राम प्रधानों को नियमित रूप से समय के अनुसार मानदेय भुगतान करने का सुनिश्चित करें। झारखंड में दो तरह के प्रावधान बने हुए हैं गैर अधिसूचित और अनुसूचित क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र में सिर्फ और सिर्फ ग्राम सभा की अध्यक्षता पारंपरिक ग्राम प्रधान ही कर सकते हैं। और गैर अनुसूचित क्षेत्र में निर्वाचित मुखिया ग्राम सभा की अध्यक्षता कर सकते हैं लेकिन ग्राम प्रधानों को गुमराह करते हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी उपायुक्त एवं निर्वाचित मुखिया सभी मिलकर गलत ढंग से अनुसूचित क्षेत्र में मुखिया के द्वारा ग्राम सभा की अध्यक्षता कराया जाता है जो गलत है। इस विषय पर सभी ग्राम प्रधानों को कहा गया कि अपने अपने हक अधिकारों को पहचाने और जहां गलत होता है उसका जोरदार रूप से विरोध करें। इस बैठक के संचालन कर्ता ग्राम प्रधान बलदेव पहान ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सभी ग्राम प्रधान एक मत होकर अधिकार के लिए लड़ाई लड़ेंगे। ग्राम प्रधान बिरसा पहान, राजेश मुंडा बसंत पहान, प्रकाश मंडा रखिद्र पहान, सुरेश पहान, सुखराम पहान, घणेनाथ करमाली जेठू मुंडा बालेश्वर उरांव कैलाश बेदिया, रामदास पहान, रोहित मुंडा, कार्तिक पहान, संतोष पहान, दशरथ पहान वासुदेव पहान, बाबूलाल पहान, इत्यादि सैकड़ो की संख्या में ग्राम प्रधान शामिल थे।

## बचरा खेल मैदान में एक मार्च को होगा वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समापन समारोह का आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):**सीसीएल के मगध संघमित्रा एरिया की मेजबानी में एक मार्च को पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में सीसीएल स्तरीय वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समापन सह पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा।इस कार्यक्रम को लेकर मगध संघमित्रा एरिया प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।बुधवार को मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में स्टाफ ऑफिसर पर्सनल संजय कुमार चौबे और स्टाफ ऑफिसर ईएंडएम नलिन चंद ने प्रेसवार्ता कर बताया कि कार्यक्रम को लेकर बचरा चार नम्बर खेल मैदान मे भव्य पंडाल और स्टैज का निर्माण कराया जा रहा है।पंडाल और स्टैज बनाने को लेकर कारीगर के द्वारा दिन रात काम किया जा रहा है।मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ के नेतृत्व में सभी अधिकारी और कर्मचारी इसकी तैयारी में लगे हुए हैं।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खान सुरक्षा महानिदेशालय के महानिदेशक उज्जवल ताह, सीसीएल के अध्यक्ष प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह, खान सुरक्षा महानिदेशालय के उप महानिदेशक डॉ. एसएस प्रसाद,रांची क्षेत्र के खान निदेशक आफताब अहमद,कोडरमा क्षेत्र के खान निर्देशक एनपी देवरी, चाईबासा क्षेत्र के खान निर्देशक आरआर मिश्रा, सीसीएल के निदेशक वित्त पवन कुमार मिश्रा,निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा और निदेशक तकनीकी हरीश दुहन सहित कई अधिकारी शामिल होंगे।वही कार्यक्रम में सीसीएल के सभी क्षेत्रो की टीम व एनटीपीसी, डीवीसी,हिन्डाल्को और टाटा की टीम इस समारोह में शामिल होकर अपने-अपने एरिया का स्टॉल भी लगायेगें।उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में सीसीएल के सभी क्षेत्रों में आयोजित वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का समापन किया जाएगा, जबकि बेहतर प्रदर्शन एवं सुरक्षा के साथ कार्य करने वाले क्षेत्रों व मजदुरो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।समारोह को सफल बनाने के लिए मगध संघमित्रा एरिया प्रबंधन के द्वारा सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।मगध संघमित्रा एरिया प्रबंधन के द्वारा सभी अधिकारी, कर्मचारी,श्रमिक प्रतिनिधि के अलावा विस्थापित ग्रामीणों से भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## गुटखा पान-मसाला पर झारखंड सरकार के प्रतिबंध का असर

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड में गुटखा, तंबाकू व पान मसाला पर प्रतिबंध संबंधी राज्य सरकार के निर्णय की चहुंओर सराहना की जा रही है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों सहित कई युवाओं ने भी गुटखा व पान मसाला प्रतिबंध करने के झारखंड सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। वहीं खिजरी विधायक राजेश कच्छप के शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि तौहिद आलम ने झारखंड सरकार के निर्णय को स्वागत योग्य बताते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि युवाओं को नशे की लत व पान-मसाला, गुटखा आदि से छुटकारा दिलाने के लिए राज्य सरकार का यह प्रयास काफी सराहनीय है।



## एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो से मिला आशीर्वाद



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):**जूनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप वेस्ट बंगाल के बोलपुर शांतिनिकेतन में आयोजित की गई थी जिसमें झारखंड टीम की ओर से खेलते हुए कंपाउंड डिवीजन में कृष चंद्र देव ने मिक्स टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था एकेडमी में आने से पूर्व अभिभावक व बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी के संरक्षक माननीय सुदेश कुमार महतो से आशीर्वाद लिया!

# महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जलेश्वर धाम पहुंचे भाजपा नेता सन्नी टोप्पो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सह विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे सन्नी टोप्पो चान्हो के जलेश्वर नाथ धाम एवं मांडर के गौरी शंकर धाम पहुंचे। उन्होंने दोनों जगह पर पूजा अर्चना करके क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि खुशहाली एवं विकास की कामना की उन्होंने कहा कि महादेव सबका कल्याण करें और सबकी मनोकामना को पूर्ण करें। मौके पर आयोजन समिति द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। दोनों जगह पर आयोजन समिति द्वारा मेले का आयोजन किया गया था उन्होंने सभी से आपसी एकजुटता समरसता बनाकर त्यौहार का आनंद लेने एवं अपने क्षेत्र के विकास के लिए ईश्वर आशीर्वाद प्राप्त करके सदैव सत्य के पथ पर कार्य करने का आह्वान किया। मौके पर जलेश्वर धाम समिति का अध्यक्ष अजय मिश्रा सचिव हरीश कुमार गोप कोषाध्यक्ष उमेश साहू संरक्षक नंदकिशोर साहू, रनथेश्वर शाही , सदस्य अनुप राम संजय शाही राजेंद्र शाही अशोक गोप गौरी शंकर धाम अंबाटोली मांडर के अध्यक्ष बंधन महतो उपाध्यक्ष विमल गोप सचिव किशुन पहान विनोद महतो पल्लव मिश्रा बीजुपाड़ा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह भाजपा कार्यकर्ता जनार्दन साहू मनोज किस्पोट्टा जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी हरि करमाली शिवम पाठक सोनू मुंडा विकास मुंडा अमर नायक उमेश गोप सहित समिति के अन्य पदाधिकारी गण एवं हजारों हजार की संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।



# पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों को मिला ग्राम पंचायत विकास योजना कार्य, बढ़ेगा डिजिटल सशक्तिकरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों को अब अपने संबंधित ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) के कार्य सौंपे गए हैं। इससे डिजिटल प्रशासन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकेगा।

GPDP के तहत पंचायत स्तर पर योजनाओं की प्लानिंग, मॉनिटरिंग और कार्यान्वयन में प्रज्ञा केंद्र संचालक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके जरिए वे ग्राम सभा की जरूरतों के अनुसार योजनाओं को डिजिटल रूप से दर्ज कर सकेंगे और उनके क्रियान्वयन में मदद कर सकेंगे।




**संचालकों का बल्ले-बल्ले**

इस फैसले से पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों में खुशी की लहर है। उनका कहना है कि इससे उनकी भूमिका अधिक प्रभावशाली होगी और वे अपने क्षेत्र में विकास कार्यों में प्रत्यक्ष योगदान दे सकेंगे।

बेड़ो प्रज्ञा केंद्र संचालक शाहिद अंसारी ने कहा, अब हमें पंचायत विकास योजनाओं से जुड़ने का अवसर मिला है। इससे हमारी जिम्मेदारी तो बढ़ेगी, लेकिन डिजिटल इंडिया मिशन को भी मजबूती मिलेगी।

सरकार के इस कदम से ग्रामीण विकास को गति मिलेगी और डिजिटल पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

# बेड़ो में धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि

## प्रखंड प्रमुख सुश्री विनीता कच्छप ने दी शुभकामनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बेड़ो में श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। सुबह से ही शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और रुद्राभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर शिव आराधना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

शहर के विभिन्न मंदिरों में भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। ÷हर हर महादेव के जयघोष से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।



इस शुभ अवसर पर प्रखंड प्रमुख सुश्री विनीता कच्छप ने समस्त क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व सत्य, भक्ति और सद्भाव का प्रतीक है तथा समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी बोकारो रेलखंड के पुंदाग स्टेशन में बुधवार को ट्रेन से गिरकर उम्र 17 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बिहार के सीतामढ़ी कुम्हारा निवासी आंनद बिहारी दुबे का पुत्र विकास कुमार दुबे 07025 रक्सौल सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन से सफर कर रहे थे।इसी दौरान किसी कारण वश ट्रेन से गिर पड़ा। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। प्रशासन द्वारा शव को मुरी लाया गया।एवं उनके परिजनों को सुचना दिया गया। मुरी रेलवे पुलिस द्वारा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।

## मक़तब निर्माण का जायज़ा लेने और कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलने ग्राम डुमरी पहुंचे बंधु तिर्की

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को मक़तब खलिलुस सुंदूस दारुल हुदा का तीसरा सालाना तालिमी मज़ाहरा व तक्सिमें अस्नाद व मक़तब-ए-संगेबुनियाद के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाने के कारण कांग्रेस पार्टी के कार्यकारिणी अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री श्री बंधु तिर्की ने बुधवार को मांडर प्रखंड के सरवा पंचायत के ग्राम डुमरी में प्रखंड अंजुमन कमेटी के सेक्रेटरी जनाब अफरोज हुसैन साहब से उनके आवास में मुलाकात कर मक़तब के निर्माण का हाल खबर लिए। इस दौरान श्री तिर्की ने मक़तब में पढ़ने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिए। मौके पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता, मकतब से जुड़े लोग और ग्रामीण मौजूद रहे।



## नथिंग ने अपनी फोन पूर्ण डिज़ाइन का किया खुलासा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने जल्द ही लॉन्च होने वाली अपनी फोनए (3ए) सीरीज के पूरे डिजाइन का आधिकारिक तौर पर खुलासा किया है। दुनिया में पहली बार, नथिंग के स्मार्टफोन को अनोखे तरीके से अनबॉक्स किया गया - नॉर्वे की फर्म 1× द्वारा इंजीनियर किए गए ह्यूमनॉइड रोबोट नियो गामा की मदद से। पूरा वीडियो यहाँ डाउनलोड करें।दूसरी तरफ, डिज़ाइन डायरेक्टर एडम बेट्स ने नथिंग की यूट्यूब टीम के साथ डिज़ाइन प्रक्रिया/प्रेरणाओं के साथ-साथ फोन (3ए) सीरीज़ पर पेरिस्कोप कैमरा लेआउट के औचित्य पर गहराई से चर्चा की।

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाई गई महाशिवरात्रि

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में बुधवार को महाशिवरात्रि का त्यौहार धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर क्षेत्र के मन्दिरो में श्रद्धालु भक्तों की काफी भीड़ देखी गई।बचरा सहित आसपास के सभी ग्रामीण इलाकों में महाशिवरात्रि का उत्साह देखा गया।जानकारी के अनुसार बुधवार की अहले सुबह से सभी मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ देखी गई।श्रद्धालु भक्त मंदिर प्रांगण जाकर भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना की।दोपहर में पूरे गाजे-बाजे के साथ शिव जी की बारात निकाली गई।बचरा चार नंबर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के प्रांगण में लोगों की काफी भीड़ पूजा अर्चना के लिए देखी गई।वहीं बचरा शिव मंदिर में चल रहे 24 घंटे का अखंड कीर्तन का समापन किया गया,जिसके बाद संध्या मे शिव बारात निकाली गई।शिव बारात में काफी संख्या में आसपास के लोग शामिल हुए।शिव बारात पिपरवार क्षेत्र के बचरा बसंत बिहार कॉलोनी,माईर्न्स कॉलोनी,टीएच कॉलोनी, अशोक विहार कॉलोनी, बचरा चार नंबर चौक,बस स्टैंड चौक,थाना चौक,पटेल चौक,बाजारटांड़ आदि जगहों का भ्रमण किया।जिसके के बाद देर रात को मंदिर प्रांगण में शिव विवाह का आयोजन किया गया, जिसमें मंदिर कमेटी के सभी सदस्य शामिल हुए।मंदिर कमेटी के द्वारा सभी श्रद्धालुओ के बीच प्रसाद का भी वितरण किया गया।कई सीसीएल अधिकारी,श्रमिक प्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।इसके अलावा कोयलांचल क्षेत्र के राय शिव मंदिर से भी पूरे गाजे-बाजे व झांकी के साथ शिव बारात निकाली गई।कमेटी के द्वारा शिव बारात में झांकी भी प्रस्तुत की गई।शिव बारात में भारी संख्या में लोगों की भीड़ देखी गई।इसके साथ ही कोयलांचल क्षेत्र के है बेती,किचटो,बहेरा, कारो,कल्याणपुर, चिरैयाटांड़, बिलारी,बचरा बस्ती,हौसीर, पुरानी राय,बमने चुरी सहित अन्य जगहों पर धूमधाम और गाजे-बाजे के साथ शिव बारात निकाली गई। महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतेजाम देखा गया।पिपरवार पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों के बाहर पुलिस बल के जवानों की तैनाती की गई थी।साथ ही साथ शरारती तत्व और मनचलों पर कड़ी नजर रखी गई।





## मिथिला विकस मंच ने किया सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजन, कोकिल विद्यापति को दी श्रद्धांजलि



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । मिथिला विकास मंच की ओर से महाशिवरात्रि के अवसर पर छोटा गम्हरिया स्थित दुर्गापूजा मैदान में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजनोत्सव सह विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में मिथिला समाज के लोगों ने भाग लिया। इस दौरान मौजूद पंडित आचार्य पं बद्री नारायण झा, आमोद पाठक, दिलीप ठाकुर, नवल चौधरी, बुलन पाठक, गोविंद झा, ब्रह्मानंद झा आदि की ओर से मिथिला रीति रिवाज से देवाधिदेव महादेव की विधि विधान से पूजा अर्चना कराई गई। तटपश्चात कोकिल विद्यापति की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंच के अध्यक्ष फूलकांत झा ने कहा कि देश के गौरवशाली इतिहास में विद्यापति सदैव अमर रहेंगे। पंडित प्रिया नाथ,रिंकू ठाकुर, प्रवीण चौधरी, विवेक झा, रामचंद्र झा, आरके मिश्रा, पीताम्बर ठाकुर, संजय चौधरी समेत मिथिला समाज के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी भीड़, हर-हर महादेव के नारे से गूंजे शिवालय



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महाशिवरात्रि के अवसर बुधवार को कांड्रा, गम्हरिया समेत आसपास के क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कई मंदिरों में जल चढ़ाने को लेकर श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखी गई। गम्हरिया के एसकेजी कॉलोनी, कांड्रा थाना परिसर, प्रखंड परिसर, सतबहिनी, बड़ा गम्हरिया बस्ती में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लगी रही। इस मौके पर बड़ा गम्हरिया के शिवपुरी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में प्रातःकाल में पूजा अर्चना के बाद सन्ध्या में बाबा भोलेनाथ की पालकी लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य बारात निकाली गई जो पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर पुनः मन्दिर परिसर पहुँचकर सम्पन्न हुआ। मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष जयपाल सिंह, पूर्व पार्षद धनंजय गुप्ता समेत सभी सदस्य मौजूद थे। वहीं, कांड्रा थाना परिसर स्थित शिव मंदिर से भगवान शिव के बारात की भव्य झांकी निकाली गई जो कांड्रा के डोकाकुली बस्ती, कांड्रा बाजार, स्टेशन चौक, एसकेजी कॉलोनी होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर बुरुडीह में भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## बेलटांड़ व बोड़ाम में जनप्रतिनिधियों ने खाया फाइलेरिया की दवा




**पटमदा :** पटमदा सीएचसी की ओर से बुधवार को पटमदा के बेलटांड़ चौक एवं बोड़ाम हाट बाजार परिसर में फाइलेरिया जागरूकता अभियान के तहत करीब 200 से अधिक लोगों को फाइलेरिया की दवाई खिलाई गई। बेलटांड़ चौक में सीएचसी प्रभारी डॉ. क्रिस्टोफर बेसरा, उत्तम कुमार मल्लिक, सुगदा मुर्मू, भूपेश प्रमाणिक व डोली कुमारी ने पटमदा के सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो एवं विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू समेत 100 से अधिक लोगों को दवाई खिलाई गई। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने लोगों से कहा कि यह दुर्भाग्य है कि पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा, बोड़ाम, मानगो और गोलमुरी सह जुगसलाई प्रखंड में ही इस बीमारी के लक्षण पाए गए हैं और यह क्षेत्र अब तक मुक्त नहीं हो पाया है। दूसरी ओर बोड़ाम बाजार में पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ मल्लिक एवं अन्य स्वास्थकर्मियों ने अंचलाधिकारी रंजीत रंजन की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों एवं अन्य लोगों को दवाई खिलाई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अगले 10 मार्च तक इसकी तिथि बढ़ा दी गई है।

## पटमदा के बेलटांड़ में खुला अमरोन का शोरूम, बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शिव चतुर्दशी के मौके पर बुधवार को पटमदा के बेलटांड़ चौक में अमरोन के शोरूम का पूर्वी सिंहभूम जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार व अमरोन कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जमशेदपुर- 04 की जिला पार्षद प्रभावती दत्ता, पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत, ग्राम प्रधान बृंदावन दास, पटमदा इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य पंचानन दास, समाजसेवी ईशान चंद्र गोप, जगदीश प्रसाद मंडल, विजय कुमार मंडल, राजशेखर महतो, अजीत दत्ता, धरणीधर महतो, विजय कृष्ण मल्लिक, माणिक हालदार, बुद्धेश्वर महतो, आदित्य हालदार, संजय कुमार दास, प्रदीप कुमार पैड़ा, गिरीजा प्रसाद मिश्रा, राधारमण दास, माधव मंडल, फटीक महतो समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। इस संबंध में कंपनी के डीलर पिंटू दत्ता ने बताया कि यहां अमरोन कंपनी की बैटरी व अन्य उत्पादों में इनवर्टर, मोबिल आदि वाहनों के लिए, जरूरी सामान गुरुवार से ही मिलने लगेंगे।

## आदिवासी हितों की आवाज होंगे संजीव सरदार, जेटीएसी के सदस्य बनाए गए



**रांची/जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार ने झारखंड ट्राइब्स एडवाइजरी काउंसिल (जेटीएसी) का गठन कर दिया है। इस परिषद में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पदेन अध्यक्ष और अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा कल्याण विभाग मंत्री चमरा लिंडा को पदेन उपाध्यक्ष बनाया गया है। झारखंड विधानसभा के जनप्रतिनिधियों को इस परिषद में शामिल किया गया है, जिनमें पोटका विधायक संजीव सरदार का नाम प्रमुखता से शामिल है। उन्हें परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया है, जिससे राज्य की आदिवासी नीतियों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

**संजीव सरदार की अहम भूमिका :** पोटका विधायक संजीव सरदार झारखंड की राजनीति में आदिवासी हितों के सशक्त पैरोकार माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति से राज्य में अनुसूचित जनजाति समुदाय से जुड़े मुद्दों को मजबूती मिलेगी। वे लंबे समय से जनजातीय अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं के लिए सक्रिय रहे हैं।

**परिषद में अन्य विधायक भी शामिल :** परिषद में महेशपुर विधानसभा के विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी, शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन, जामा विधायक और पूर्व मंत्री लुईस मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला से भाजपा विधायक चंपई सोरेन, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकू, मनोहरपुर विधायक जगत मांझी, खरसावां विधायक दशरथ गगराई, सुदीप गुड़िया, राम सूर्य मुंडा, राजेश कच्छप, जिगा सुसारन होरो, नमन विक्सल कोनगाड़ी, रामचंद्र सिंह के साथ पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भी सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा जोसाई मार्डी और नारायण उरांव को मनोनीत सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन बने आरटीईएफ के अध्यक्ष, फाउंडेशन का करेंगे संचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** टाटा संस के प्रमुख एन चंद्रशेखरन को रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशन (आरटीईएफ) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह फैसला रतन टाटा की वसीयत के एग्जीक्यूटर (मेहली मिस्त्री, शिरीन, डेरियस खंबाटा) ने लिया। आरटीईएफ एक धारा-8 संस्था है, जो टाटा ट्रस्ट से अलग है, इसलिए इस नियुक्ति में कोई कानूनी अड़चन नहीं आई। चंद्रशेखरन अब फाउंडेशन के प्रबंधन ढांचे और संचालन को व्यवस्थित करेंगे। यह फैसला कानूनी राय लेने के बाद किया गया, क्योंकि यह टाटा की इच्छा थी।

**फाउंडेशन का उद्देश्य और संरचना :** आरटीईएफ की स्थापना रतन टाटा ने भारतीय समाज की भलाई और तकनीकी क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए की थी। यह फाउंडेशन परोपकारी कार्यों पर केंद्रित रहेगा। टाटा ने बुर्जिस तारापोरेवाला और आर.आर. शास्त्री को इसके होल्डिंग ट्रस्टी के रूप में नियुक्त किया था, जबकि जमशेद पोंचा को इसका सीईओ बनाया गया था। यह संस्था समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बनाई गई थी और इसे स्वतंत्र रूप से संचालित करने की योजना थी।

**चंद्रशेखरन के नेतृत्व में फाउंडेशन का भविष्य :** टाटा के निधन के बाद से आरटीईएफ के संचालन को लेकर कुछ भ्रम था, जिसे दूर कर दिया गया है। चंद्रशेखरन अब संस्था को प्रभावी ढंग से चलाने और इसकी मूलभूत योजनाओं को लागू करने की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनके नेतृत्व में फाउंडेशन परोपकारी परियोजनाओं को और मजबूत करेगा और नए अनुसंधान कार्यक्रम शुरू करेगा। इसके अलावा, यह भारतीय समाज की जरूरतों के अनुसार तकनीकी विकास और नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर ध्यान देगा, जिससे फाउंडेशन का उद्देश्य पूरा हो सकेगा।

## आयुष बने कांग्रेस सहकारिता विभाग के साकची प्रखंड अध्यक्ष




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** बुधवार को साकची पलंग मार्केट में कांग्रेस सहकारिता विभाग की एक बैठक में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। साथ ही साकची प्रखंड अध्यक्ष के रूप में आयुष कुमार तिवारी को उनकी कार्यशैली को देखते हुए मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष चिन्ना राव ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक प्रखंड की जनता तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि यदि सहकारिता विभाग से जुड़ी कोई समस्या आती है, तो उसे संगठन के माध्यम से हल किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री वशी हैदर, जिला महासचिव अविनाश यादव, महासचिव सोनू सोनकर, दीपक तिवारी, ऋतिक सिंह, मोहित महतो, रवि, जमशेद सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा के राजीव प्रताप रूडी ने गिनाई केंद्रीय बजट 2025-26 की खूबियां

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने बुधवार को कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट समावेशी विकास, आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार जनता के हितों के लिए समर्पित है और यह बजट उसी का प्रमाण है। राजीव प्रताप रूडी बुधवार को झारखंड प्रदेश भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जमशेदपुर महानगर अंतर्गत बिस्टुपुर में केंद्रीय बजट पर आधारित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सीए राजीव अग्रवाल, जिला महामंत्री अनिल मोदी, मीडिया प्रभारी प्रेम झा, अखिलेश सिंह मौजूद रहे। बिस्टुपुर स्थित चैंबर भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग, किसानों, युवाओं और उद्यमियों के सशक्तिकरण का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आर्थिक मजबूती और समावेशी विकास पर केंद्रित है। रूडी ने बताया कि मध्यम वर्ग को इस बजट में ऐतिहासिक कर राहत दी गई है। रूडी ने बताया कि युवाओं के कौशल विकास के लिए अगले पांच वर्षों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित होंगी। आईआईटी और मेडिकल कॉलेजों में क्रमशः 6,500 और 75,000 नई सीटें जोड़ी जाएंगी।

## जमशेदपुर एफसी केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए तैयार

प्रभात मंत्र संवाददाता




**जमशेदपुर :** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में रोमांच बढ़ रहा है और जमशेदपुर एफसी अपनी अगली चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है. प्लेऑफ में जगह पक्की करने के बाद, मेन ऑफ स्टील अब सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है. 1 मार्च को केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ उनका अगला मैच अहम है और टीम अपनी तैयारी में कोई कसर नहीं छोड़ रही है. जमशेदपुर एफसी ने 26 फरवरी को फ्लैटलेट में अपने अंतिम प्रशिक्षण सत्र का समापन किया और अहम मुकाबले से पहले अपनी रणनीति को दुरुस्त किया. टीम 27 फरवरी को कोच्चि की यात्रा करेगी, जहां वह केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ अपनी पिछली जीत को आगे बढ़ाने और उन पर दोहरी जीत दर्ज करने के लिए उत्सुक है. मुख्य कोच खालिद जमील गहन प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से टीम का मार्गदर्शन कर रहे हैं, उनकी खेल योजना को बेहतर बना रहे हैं और उनका आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं. यह मुकाबला 1 मार्च को शाम 7:30 बजे कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में होने वाला है.

## शिवरात्रि पर शिवहनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमशेदपुर :** मुंसा सिंह बगान, साकची गुरूद्वारा बस्ती स्थित श्री श्री शिवहनुमान मंदिर में शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। उक्त अवसर पर अतिथियों के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंत्री, बिहार पुलिस मेन्स एवं झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह एवं सूर्य मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उपस्थित थे एवं सभी अतिथिगणों द्वारा शिवरात्रि के अवसर पर बच्चों के लिए स्कूल बैग एवं महिलाओं के लिए साड़ी का वितरण किया गया।उक्त अवसर पर श्री श्री शिवहनुमान मंदिर के संचालकगण सरदार मंदीप सिंह, सुभाष नन्द एवं भरत नन्द ने कहा कि इस मंदिर के प्रति यहां के लोगों में काफी आस्था है और यह कमिटि समय-समय पर कुछ न कुछ सामाजिक कार्य करते आया है। उक्त अवसर पर रॉकी सिंह सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे.

## खिताब के लिए खरकई और सुवर्णरेखा की टीम शुक्रवार को होगी आमने सामने

प्रभात मंत्र संवाददाता






**जमशेदपुर :** मीडिया कप क्रिकेट 2025 के फाइनल में खरकई का मुकाबला सुवर्णरेखा से शुक्रवार को होगा। बुधवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में खरकई ने हुडको को सात विकेट से हरा दिया। कीनन स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए हुडको एकादश ने आशुतोष के 45 और और रोहित के 19 रनों की बदौलत पांच विकेट पर 124 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए खरकई एकादश की टीम ने कुवंर हेंब्रम के 55 रन और बाबू वसीम के 39 रनों की बदौलत तीन विकेट पर 125 रन केवल 13.2 ओवर में बनाकर जीत लिया। कुवंर हेंब्रम को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे सेमीफाइनल में सुवर्णरेखा एकादश ने कालीमाटी एकादश को 25 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सुवर्णरेखा एकादश ने कप्तान जयप्रकाश राय (64) के और रणधीर (64) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत 15 ओवर में पांच विकेट पर 156 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी कालीमाटी एकादश की टीम 15 ओवर में दो विकेट पर 131 रन ही बना सकी। अभिषेक सिंह ने 36 गेंदो पर 73 रन और कप्तान रत्नेश तिवारी के नाबाद 43 रनों ने टीम के लिए उम्मीद बनायी थी। लेकिन मध्यमक्रम के बल्लेबाजों के विफलता के कारण टीम लक्ष्य हासिल करने में सफल नहीं हो सकी। रणधीर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। फाइनल शुक्रवार को 9.30 बजे 20-20 ओवर का खेला जाएगा।

## खरसावां विधायक गागराई ने सदन में उठाया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का मुद्दा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** झारखंड विधानसभा के तारांकित प्रश्न काल में खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कस्तूरबॉ गाधी बालिका विद्यालयों में पिछले 10-12 वर्षो से कार्यरत अंशकालिक शिक्षिकाओं के कम मानदेय का मुद्दा उठाया। खरसावां विधायक ने कस्तूरबॉ के शिक्षिकाओं के कम मानदेय का मुद्दा उठाते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री से पूछा है कि कोल्हान प्रमण्डल के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला के कस्तूरबा गाधी बालिका विद्यालयों में पिछले 10-12 वर्षों से कार्यरत अंशकालिक शिक्षिकाओं को मात्र 6 हजार रुपया मानदेय दिया जाता है। जिसपर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने अपनी पक्ष रखते हुए बताया कि राज्य में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित है। जो कि केन्द्र प्रायोजित योजना है। इसके अंतर्गत प्रति विद्यालय 05 अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिकाओं हेतु स्वीकृति प्राप्त है तथा प्रति अंशकालिक शिक्षक शिक्षिकाओं हेतु प्रति माह 11 हजार तथा राज्य योजना के अन्तर्गत 2,200 रूपये अतिरिक्त के साथ कुल 13,200 रूपये स्वीकृत है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में स्वीकृत संख्या से अधिक अंशकालिक शिक्षक शिक्षिकाओं की सेवा विद्यालय प्रबंध समिति के द्वारा आवश्यकतानुसार प्राप्त की जा रही है। जिसमें पूर्वी सिंहभूम जिला में कुल 9 कस्तूरबा विधालय, पश्चिमी सिंहभूम जिला में 15 तथा सरायकेला खरसावां जिला में 8 कस्तूरबा विधालय सहित तीनो जिला में कुल 32 कस्तूरबा विधालय संचालित है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अंशकालिक शिक्षक शिक्षिकाओं की अधिकतम अनुमान्य संख्या 160 है। शिक्षक शिक्षिकाओं की वर्तमान संख्या 260 तथा अतिरिक्त कार्यरत अंशकालिक शिक्षिकाओं की संख्या 100 है। कोल्हान प्रमण्डल के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों द्वारा अधिकतम अनुमान्य संख्या से अधिक अंशकालिक शिक्षक शिक्षिकाओं की सेवा प्राप्त करने के कारण, उनकी घंटी आधारित सेवा प्राप्त की जा रही है। इसके अन्तर्गत कक्षा 06 से 08 के लिये प्रति कार्य



दिवस 240 रूपये (प्रत्येक कार्यदिवस में 03 घंटी तथा एक-दूसरे अधिकतम् 25 दिनों के लिये) तथा कक्षा 09 से 12 के लिये 720 रूपये प्रत्ति कार्य दिवस (प्रत्येक कार्यदिवस में 04 घंटी तथा अधिकतम 25 दिनों के लिये) दिया जा रहा है।

## सरायकेला में शिवरात्रि को लेकर सभी शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सरायकेला :** सरायकेला, सीनी, राजनगर, खरसावां समेत पूरे सरायकेला-खरसावां जिला में आज शिवरात्रि के शुभ अवसर पर सभी शिवालयों में पूजा अर्चना को लेकर सैकड़ो की संख्या में भक्त श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई. जहां भक्तों ने सुबह से ही फूल, बेलपत्र, प्रसाद, चुनरी एवं दूध समेत कई तरह-तरह के समग्री के साथ स्नान नाहन कर शिव मंदिर पहुंचे. बता दें कि सरायकेला के कुद्रसई, माजना घाट, पुराना बस स्टैंड समेत सभी शिवालयों में भक्तों की सैकड़ो की संख्या में लंबी कतार देखी गई। भक्तों ने शिव जी एवं मां गोरा जी के कई जयकारे लगाने के साथ जमकर पूजा अर्चना की और झूमते नाचे गाते हुए शिवरात्रि पूजा का आनंद लेते हुए देखें गए। वही आज पूरा सरायकेला समेत पूरे जिले में शिव जी के भजन गूंजते हुए देखा जा रहा है जहां शिवरात्रि को लेकर सभी भक्त श्रद्धालुओं में एक अलग ही आनंद एवं उत्साह नजर आ रही है।

## महाशिवरात्रि पर पटमदा-बोड़ाम के शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** महाशिवरात्रि के मौके पर बुधवार को पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। अधिकांश शिव मंदिर व मंडपों में सुबह से शाम तक घंटों लाइन में लगकर खासकर महिलाओं ने बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। पटमदा प्रखंड के शक्तिश्वर शिव मंदिर जोड़सा, लच्छीपुर शिव मंदिर, बांसगढ़ शिव मंदिर, लावा सार्वजनिक शिव मंदिर, आगुईडांगरा सिंगी बांध बड़तल शिव धाम, पटमदा ब्लॉक कॉलोनी शिव मंदिर, काटिन शिव मंदिर, कुमीर शिव मंदिर, बनकुंचिया शिव मंदिर जबकि बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा शिव मंदिर, कुइयानी शिव मंदिर, लायलम शिव मंदिर, दलमा बूढ़ा बाबा शिव मंदिर, बोड़ाम थाना परिसर शिव मंदिर समेत अन्य शिवालयों में दिन भर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई।आगुईडांगरा गांव में महाशिवरात्रि के मौके पर पुजारी सूर्यकांत दास गोस्वामी की ओर से शिव महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें पूर्णानंद ब्रह्मचारी एवं किशोर षड़ंगी ने यज्ञ संपन्न कराया। इसके अलावा शाम को लीला कीर्तन, बाउल संगीत एवं महामंत्र संकीर्तन आदि धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। यहां आगुईडांगरा, तिलाबनी, चड़कपाथर, पवनपुर, जाल्ला व लोवाडीह आदि गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी किया गया।

## आस्था का महा पर्व महाशिवरात्रि पर शिवालयों में भक्ति में डूबे श्रद्धालु

प्रभात मंत्र संवाददाता



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिवालयों में भक्तों की भाड़ी भीड़ देखने को मिला। क्षेत्र के शिवालयों में सुबह से ही व्रतियों का भीड़ रहा। शिवभक्तों ने व्रत रखकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और जलअभिषेक किया। वहीं ईचागढ़ स्थित चतुर्मुखी शिव मंदिर,बांका महादेव, जारगोडीह महादेव मंदिर,बारूणा, टीकर, थाना परिसर सहित तमाम शिवालयों में शिवरात्रि धूमधाम से मनाया गया। ईचागढ़ थाना परिसर स्थित मनोकामना महादेव मंदिर में पूजा अर्चना से पूर्व चांडिल अनुमंडल के पुलिस निरीक्षक अजय कुमार तिवारी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। भगवान शिव संग भक्तों का टोली ,भूत पिसाच के साथ बारात निकाली गई और पुरे टीकर बस्ती में भ्रमण किया गया। धनबाद के पूजारी धनंजय मिश्रा के द्वारा पूजा पाठ कराया गया। वहीं धनबाद एवं आदित्यपुर के चंद्रभान पांडे एवं पार्टी द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। शिव बारात में पुलिस निरीक्षक अजय कुमार तिवारी, थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे, तिरूलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार, एस आई बिमलेश महतो, नारायण साह, धनंजय शर्मा, अनिल सिन्हा, बासुदेव चटर्जी, अमित सिन्हा, मुरलीधर मिश्रा, विश्वनाथ उरांव, अमर गोप, ललित घोष सहित सैकड़ों लोग सामिल हुए।

संपादकीय

# आज़ादी का दुरुपयोग

पिछले दिनों एक विवादास्पद मामले में सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संबंधित कानूनों के अनुपालन की जरूरत महसूस करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिये एडवाइजरी जारी की है। निस्संदेह यह वक्त की जरूरत है। दरअसल, हाल ही में एक यूट्यूबर की अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद पर देशव्यापी प्रतिक्रिया हुई थी। केंद्र सरकार की पहल को शीर्ष अदालत के सख्त रुख के आलोक में देखा जा रहा है। पारिवारिक मूल्यों वाले भारतीय समाज में अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करते हुए अमर्यादित व संवेदनहीन टिप्पणी के मामले गाहे-बगाहे प्रकाश में आते रहते हैं। यही वजह है कि इलाहाबादिया प्रकरण में कई राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज कर किए गए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को गिरफ्तारी से राहत तो दी मगर सख्त टिप्पणी भी की थी कि वे दिमागी गंदगी को थोप रहे हैं, जिससे समाज शर्मसार हुआ है। लेकिन इस प्रकरण ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के नियमन की बहस को नये सिरे से शुरू कर दिया। हालांकि, आपातकाल के सीमित कालखंड को छोड़ दें तो देश में हमेशा अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया गया है। सुप्रीम कोर्ट समेत कई उच्च न्यायालयों ने अभिव्यक्ति की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। लेकिन आजादी के अतिक्रमण के बाद सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए संबंधित कानून के सभी प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। निस्संदेह, इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के निर्धारण की आवश्यकता है। हाल के दिनों में डिजिटल मंचों पर अश्लीलता व हिंसक अभिव्यक्ति के चलते इनके नियमन की जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर पारिवारिक जीवन मूल्यों का अतिक्रमण करने वाली टिप्पणियों पर रोक जरूरी है। यदि स्थिति में सुधार नहीं होता तो बहुत संभव है कि सरकारी निगरानी बढ़ जाए। दरअसल, सूचना प्रसारण मंत्रालय ने इस बाबत बनी संसदीय समिति से कहा है कि समाज में इस बात को लेकर रोष है कि अभिव्यक्ति की आजादी के संवैधानिक अधिकार का अतिक्रमण करके हिंसक व अश्लील सामग्री का प्रसारण किया जा रहा है। वहीं संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति का कहना है कि इसके नियमन के लिये कुछ कानून तो हैं लेकिन वर्जित सामग्री के नियमन के लिये नया प्रभावी कानून होना चाहिए। ऐसी राय देश के जनप्रतिनिधियों, अदालतों तथा कुछ वैधानिक संस्थाओं ने व्यक्त की है। देश की शीर्ष अदालत का मानना रहा है कि यूट्यूब जैसे मंचों पर सामग्री साझा करने पर नियंत्रण हेतु कानून निष्प्रभावी नजर आते हैं। अब नये मीडिया मंचों पर विवादास्पद सामग्री पर अंकुश लगाने के लिये कानून में संशोधन की भी बात कही जा रही है। इसकी वजह यह भी है कि परंपरागत प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तो इस बाबत बने कानून के दायरे में आते हैं, लेकिन नए डिजिटल प्लेटफॉर्मों के लिये प्रभावी कानून नहीं है। निश्चित रूप से संविधान प्रदत्त अभिव्यक्ति की आजादी के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने की जरूरत है।


केंद्र सरकार की पहल को शीर्ष अदालत के सख्त रुख के आलोक में देखा जा रहा है। पारिवारिक मूल्यों वाले भारतीय समाज में अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करते हुए अमर्यादित व संवेदनहीन टिप्पणी के मामले गाहे-बगाहे प्रकाश में आते रहते हैं। यही वजह है कि इलाहाबादिया प्रकरण में कई राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज कर किए गए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को गिरफ्तारी से राहत तो दी मगर सख्त टिप्पणी भी की थी कि वे दिमागी गंदगी को थोप रहे हैं, जिससे समाज शर्मसार हुआ है। लेकिन इस प्रकरण ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के नियमन की बहस को नये सिरे से शुरू कर दिया। हालांकि, आपातकाल के सीमित कालखंड को छोड़ दें तो देश में हमेशा अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया गया है। सुप्रीम कोर्ट समेत कई उच्च न्यायालयों ने अभिव्यक्ति की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। लेकिन आजादी के अतिक्रमण के बाद सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए संबंधित कानून के सभी प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। निस्संदेह, इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के निर्धारण की आवश्यकता है। हाल के दिनों में डिजिटल मंचों पर अश्लीलता व हिंसक अभिव्यक्ति के चलते इनके नियमन की जरूरत महसूस की जा रही है।


### किसानों पर बकाया कर्जों को अगर माफ कर दिया जाए तो किसान जहां ज्यादा खुशहाल होंगे

# औपचारिक और बेहतर कर्ज से किसानों की बढ़ती उत्पादकता

उमेश चतुर्वेदी


भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या का 46.1 प्रतिशत हिस्सा खेती–किसानी और उससे जुड़े कार्यों से अपनी रोजी–रोटी चलाता है। हालांकि कुछ जानकारों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है। सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार देश के 12 करोड़ किसान परिवार सीमांत हैं। इनमें करीब 35 प्रतिशत की जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, जबकि 69 प्रतिशत किसानों के पास एक हेक्टेयर से कम जमीन है। आंकड़ों के अनुसार देश के 82 प्रतिशत किसान छोटे या सीमांत हैं। जिनकी जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, उनकी खेती से सालाना आमदनी आठ हजार रूपए के आसपास है। जाहिर है कि देश के किसानों के बड़े हिस्से के पास बिक्री के लिए उपज ही नहीं होती। खेती के जरिए वे जो अन्न या सब्जी उपजाते हैं, उनका इस्तेमाल अपने खाने–पीने में ही करते हैं।


साल 2025-26 के बजट में किसान क्रेडिट कार्ड पर किसानों को मिलने वाले तीन लाख रूपए के कर्ज को बढ़ाकर पांच लाख कर दी गई है। इसका जिक्र करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में एक्स पर लिखा है कि इससे सब्जी-फल, हॉर्टिकल्चर की खेती करने वाले किसानों को विशेष रूप से लाभ होगा। अब वे खेती में ज्यादा पैसे लगा सकते हैं, ये उत्पादन की लागत घटाने के उपाय हैं। हालांकि किसान संगठनों को लगता है कि इसका जितना फायदा सोचा जा रहा है, उतना नहीं होने वाला है। किसान संगठनों की मांग है कि किसान क्रेडिट की सीमा बढ़ाने के साथ ही किसानों पर बकाया कर्जों को अगर माफ कर दिया जाए तो किसान जहां ज्यादा खुशहाल होंगे। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, देश की कुल जनसंख्या का 46.1 प्रतिशत हिस्सा खेती-किसानी और उससे जुड़े कार्यों से अपनी रोजी-रोटी चलाता है। हालांकि कुछ जानकारों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है। सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार देश के 12 करोड़ किसान परिवार सीमांत हैं। इनमें करीब 35 प्रतिशत की जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, जबकि 69 प्रतिशत किसानों के पास एक हेक्टेयर से कम जमीन है। आंकड़ों के अनुसार देश के 82 प्रतिशत किसान छोटे या सीमांत हैं। जिनकी जोत 0.4 हेक्टेयर से कम है, उनकी खेती से सालाना आमदनी आठ हजार रूपए के आसपास है। जाहिर है कि देश के किसानों के बड़े हिस्से के पास बिक्री के लिए उपज ही नहीं होती। खेती के जरिए वे जो अन्न या सब्जी उपजाते हैं, उनका इस्तेमाल अपने खाने-पीने में ही करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता संभालते ही किसानों की आय 2022 तक दोगुना करने का वादा किया था। उसके लिए जो कदम उठाए गए, उसी कड़ी में किसान क्रेडिट कार्ड की शुरूआत भी थी। इसके फायदे हुए भी हैं। लेकिन जो लक्ष्य रखा गया था, उसे पाना अब भी कठिन चुनौती बना हुआ है। शिवराज सिंह चौहान का कहना ठीक है कि किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने का फायदा किसानों को होगा। इसकी तस्दीक हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर हुए कृषि सर्वेक्षण से जुड़े घरेलू स्तर के आंकड़ों का आकलन भी बताता है। घरेलू स्तर के आंकड़ों के जरिए कृषि में उत्पादकता और उसके जोखिम के साथ ही कृषि ऋण के प्रभाव का आकलन भी



किया गया था। इस आकलन के नतीजे बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर उचित कर्ज मिलता है तो उससे उसकी उत्पादकता में 24 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दिखने लगती है। इससे किसानों को होने वाले नुकसान का जोखिम 16 फीसद तक कम हो जाता है। महाजनी सभ्यता और अनौपचारिक कर्ज व्यवस्था के जोखिम और उससे उपजे खराब हालात से जूझते किसानों की दयनीय और मार्मिक कहानियों से भारतीय साहित्य भरा पड़ा है। हिंदी कथा सम्राट प्रेमचंद का मशहूर उपन्यास गोदान ऐसी ही कथाभूमि पर रचा गया गया है। उसे कृषक के दारूण जीवन की महागाथा कहा जाता ही है। बहरहाल यह अध्ययन मानता है कि किसानों को अगर औपचारिक क्षेत्र का ऋण मिलता है तो उसकी उपज और उसकी जिंदगी पर उस कर्ज का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, जबकि अनौपचारिक यानी महाजनी कर्ज व्यवस्था का किसानों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव अधिक होता है। साफ है कि किसानों को अगर सही तरीके से औपचारिक कर्ज सही वक्त पर दीर्घकालिक अवधि के लिए मिले तो उसकी जिंदगी में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। कुछ अन्य अध्ययन भी बताते हैं कि अगर किसानों को समय पर दीर्घकालिक और औपचारिक कर्ज मिलता है तो उसकी खेती को जरूरतों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। इससे उसकी उत्पादकता बढ़ने की गुंजाइश बढ़ जाती है। किसान की उपज बढ़ जाती है, फसल तैयार भी हो जाती है, लेकिन उसे बेचने के लिए सही बाजार तक पहुंच के लिए रकम नहीं होती तो उसे अपनी फसल और उपज औने-पौने दामों में बेचनी पड़ती है। लेकिन अगर किसान को सही तरीके से औपचारिक कर्ज मिलता है तो उस पर तात्कालिक आर्थिक दबाव नहीं रहता और फ़सल के बाद के खर्चों को पूरा करने में उसे मदद मिलती है। अगर किसानों के पास कुछ पैसे रहते हैं तो उस पर घरेलू जरूरतों का दबाव नहीं झेलना पड़ता और उसे अपने घरेलू खर्चों को पूरा करने में जहां सहायता मिलती है, वहीं इसके लिए उसे अपनी उपज सेंतमेत में बेचने को मजबूर नहीं होना पड़ता। इस कर्ज से किसान अपने कृषि उपकरणों और दूसरी अवसंरचनाओं को आसानी से रखरखाव कर सकता है। अध्ययन बताते हैं कि समय बद्ध और सहूलियत भरे अधिक कर्ज के जरिए किसानों को पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन जैसे कृषि आधारित और सहयोगी कामों को आगे बढ़ाने में मदद होती है। इस पूरी प्रक्रिया का असर यह होता है कि किसान की आर्थिक सुरक्षा मज़बूत हो जाती है। तब वह बाजार और अपने उपज की वाजिब कीमत का इंतजार भी कर सकता है। आर्थिक सहूलियत रहने से समय पर वह जरूरी खाद और दवाओं को खरीदकर उनका खेती में इस्तेमाल कर सकता है। इसके साथ ही वह दूसरे खर्चों का दबाव भी नहीं महसूस कर सकता है। बीती 31 जनवरी को को संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार देश में मार्च 2024 तक 7.75 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जा चुके थे। इनके जरिए किसानों को 9.81 लाख करोड़ रुपये की राशि दी जा चुकी है। यह रिपोर्ट भी कहती है कि छोटे और सीमांत किसानों को लाभ देने के चलते खेती की उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल रही है। इस रिपोर्ट के अनुसार, देश के 5.9 करोड़ किसानों को किसान क्रेडिट योजना का फायदा उठा रहे हैं। किसानों की उत्पादकता बढ़ाने को ही ध्यान में रखते हुए बैंकों को स्पष्ट निर्देश है कि अपने कर्ज का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि और छोटे किसानों को दें। इसके जरिए कोशिश की जा रही है कि छोटे और सीमांत किसानों को आसानी से औपचारिक कर्ज तो मिल ही सके, उन्हें महंगी दर पर अवशोषक अंदाज में मिलने वाली निजी कर्ज राशि पर निर्भरता ना रहे। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, अब साहूकार जैसे गैर-बैंकिंग कर्जदाताओं पर किसानों की निर्भरता घटकर 1950 के 90 फीसद की तुलना में 2022 में सिर्फ 25 फीसद रह गई। साफ है कि अब ज्यादातर किसान बैंक और संस्थागत स्रोतों से कर्ज ले रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक ताकत और उत्पादकता बढ़ रही है।

दृष्टि कोण

# बैलों पर राजस्थान की पहल का स्वागत हो

राजस्थान सरकार की ओर से एक अच्छा फैसला आया है। सरकार बैलों से खेती करने वालों को 30 हजार रुपए वार्षिक सहायता देगी। यह निर्णय कृषि अर्थव्यवस्था की भारतीय समझ रखने वालों को समझ में आएगा। मशीनों से खेती करने वालों को तो अनेक प्रोत्साहन सबसिडी के रूप में दिए जाते हैं। मशीनों से लेकर मशीनों के ईंधन तक लगातार उनको सहायता दी जाती है। हिमाचल में पॉवर टिलर को 50 फीसदी तक सबसिडी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। यानी पूरे काल तक जब तक वह मशीन काम करेगी उसे विदेश मुद्रा के द्वारा लाए गए ईंधन को उपलब्ध करवाना होगा। वैसे तो पूरे भारतवर्ष में ही जो जोतें एक हेक्टेयर से छोटी हैं, उनके लिए आत्मनिर्भर होने का मार्ग बैलों से खेती के माध्यम से ही निकल सकता है। किन्तु पहाड़ी क्षेत्रों में तो यह और भी ज्यादा जरूरी है क्योंकि यहां की 80 फीसदी जोतें एक हेक्टेयर से छोटी हैं, कुछ तो एक एकड़ से भी छोटी हैं। इनको लाभदायक बनाना खासी चुनौती का काम है। पॉवर टिलर से जुताई का एक बीघा के लिए 2 हजार रुपए तक लिया जा रहा है। ऊपर से धुआं और शोर अलग से भेंट स्वरूप मिल रहा है। हर किसान अपना पॉवर टिलर ले भी नहीं सकता। और ले भी ले तो दो दिन के बाद सारा सीजन खाली पड़ा रहेगा। दूसरे, पहाड़ी खेती को आम तौर पर ही ज्यादा गोबर खाद की जरूरत रहती है क्योंकि भारी बरसात और ढलानदार जमीनों से हर साल खाद बह कर नीचे चली जाती है, जबकि हम जैविक खेती की ओर बढ़ रहे हैं जिसके लिए गोबर की खाद और भी ज्यादा जरूरी हो गई है, जिसके अभाव में यह पहल भी सफल होना कठिन हो जाएगी। खेती देश में घाटे का सौदा होती जा रही है। इसी के चलते लोग खेती को छोड़ कर अन्य व्यवसायों की ओर मुड़ते जा रहे हैं। खेती लाभदायक तब तक नहीं हो सकती जब तक खेती को आत्मनिर्भर बनाने की ओर काम नहीं किया जाता। खेती के लिए हमें अपने संसाधनों से ही काम चलाना सीखना होगा, जिससे कृषि व्यवसाय का पैसा कृषि व्यवसाय में ही घूमता रहे। मिसाल के लिए बैल से खेती करेंगे तो बैल किसान ही पैदा करेगा। किसान जब बैल खरीदेगा तो पैसा दूसरे किसान के पास ही जाएगा। एक किसान का व्यय दूसरे किसान की आमदनी बनेगा। और पैसा आपस में ही घूमता रहेगा, जिससे आत्मनिर्भरता बनती जाएगी। आज मैं बैल खरीद रहा हूं, कल मैं बेच रहा हूंगा। जैविक खेती के लिए घर का खाद बिना बैंक के कर्ज के उपलब्ध होगा। जबकि मशीनी खेती में ज्यादा से ज्यादा निवेशित वस्तुएं बाहरी क्षेत्रों उद्योग आदि से आएंगी, जिससे उद्योग तो बढ़ेगा, किन्तु खेती की कमाई उसी में चुक जाएगी। घाटे की खेती का दुश्चक्र इसी तरह आत्मनिर्भरता की ओर प्रस्थान से तोड़ा जा सकता है। यह ठीक है कि बड़ी जोत वाले किसानों के लिए यह कठिन है, किन्तु छोटी जोत वाले किसान दृढ़संकल्प करके एक बार इसे अपना लें तो धीरे-धीरे किसानी आत्मनिर्भर होगी और कर्ज से मुक्ति होने का रास्ता भी बनेगा जिसके कारण ही ज्यादातर आत्महत्याएं कृषि क्षेत्र में हो रही हैं। अपना बीज, अपना बैल, अपनी खाद, यही किसान का नारा होना चाहिए। जब तक यह तरीका कृषक अपना रहे थे तब तक कहीं भी किसान को आत्महत्या की जरूरत ही नहीं थी। यही अब अपनाना होगा, किन्तु थोड़े वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जिससे फसलों की उपज भी कम न हो। हिमाचल का उदाहरण लें तो यहां 9.97 लाख कुल जोतों में से 7.12 लाख जोतें एक हेक्टेयर से कम हैं। उन सभी को बैलों पर सबसिडी देकर बैल से खेती के लिए प्रोत्साहित करना होगा। जिससे पेट्रोल, डीजल पर खर्च विदेशी मुद्रा भी घटेगी और किसान बैंक कर्जों से भी बचेगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान 13.57 फीसदी है, जबकि खेती से 58.37 फीसदी रोजगार पैदा हो रहे हैं। इसलिए खेती के योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता। न्याय का भी यही तकाजा है कि बैल से खेती करने वाले को मशीन से खेती करने वाले के बराबर ही अधिमान दिया जाए। हालांकि बैल से खेती को यदि थोड़ा अधिक भी सहयोग दिया जाए तब भी उससे देश पर ज्यादा बोझा नहीं पड़ेगा क्योंकि बैल से खेती करने के कारण पैसा देश में ही रहेगा और किसान के हाथ में ही किसान द्वारा खर्च किया गया रुपया पहुंचेगा। यह काम खेती और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के ही हित में है, इसलिए सरकारों को राजस्थान सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए किसान हित में स्वावलंबी कृषि व्यवस्था खड़ी करने की दिशा में आगे बढने के लिए पूरी वैज्ञानिक समझ के साथ कार्य शुरू करना चाहिए। इस दिशा में सफलता के लिए बैल चालित मशीनों का अपना महत्व है।

कुछ अलग

# एक महाकुंभी से मुलाकात

करीब एक महीने के बाद झुन्नू लाल जी के दर्शन नसीब होते ही मैं धन्य हो उठा। पिछली बार जब मिले थे तो कांधे पर एक पि_, एक हाथ में थैला और दूसरे में डंडा लिए प्रयागराज में कुंभ स्नान के लिए जा रहे थे। चेहरे पर प्रसन्नता के भाव थे। लेकिन उन भावों के पीछे उनके चेहरे पर छपे भय, दीनता और दायस्ता के भाव उसी तरह मुखर थे, जैसे एक आम धार्मिक व्यक्ति और लोकतंत्र के मारे आदमी के मुखमंडल पर होते हैं। कुंभ स्नान के बाद उनका परलोक सुधरने, स्वर्ग में सीट पक्की होने और दुनिया भर में देश का डंका बजने के बावजूद उनके चेहरे पर अंकित भय, दीनता और दास्यता के भावों में कोई अंतर न पाकर मुझे आश्चर्य तो नहीं हुआ, पर दुःख अवश्य हुआ। मैंने उनसे पूछा, 'कुंभ में स्नान के बाद आपको मुक्ति मिल चुकी है, स्वर्ग में अब आपकी सीट पक्की है, आपका परलोक सुधर चुका है। आपकी पार्थिव यात्रा मुकम्मल होने पर आपको लिवाने के लिए यमराज भैंसे पर नहीं पुष्पक विमान में आएंगे। पूरी संभावना है कि अगली बार आपको इलॉन मस्क, बिल गेट्स, अडानी, अम्बानी या किसी शेख़ के घर में जन्म मिले। पर आप सनातन धर्म की ध्वजा के अग्रवाहक हैं। आप अडानी या अम्बानी के घर ही पैदा होना चाहेंगे। इलॉन मस्क और बिल गेट्स तो ईसाई हैं और शेख़ मुस्लिम। लेकिन कुंभ में नहाने के बावजूद आपके चेहरे पर पसरे भय, दीनता और दास्यता के भावों में कोई अंतर क्यों नहीं आया।' झुन्नू लाल जी मुझे घूरते हुए बोले, 'नए भारत में हो रहे महाकुंभ-2025 की अमर गाथा को कुछ हज़ार या लाख यहां तक कि करोड़ों-अरबों शब्दों में भी बयां करना और लिखना नामुमकिन है। इसके बावजूद तुम्हारे जैसे काफिर हिंदू धर्म पर तंज़ कसने से बाज़ नहीं आते। धिक्कार है तुम पर और तुम्हारे पापी जीवन पर। तुम्हारे जैसे धर्म और देशद्रोही उलटा-सीधा कहने और लिखने की कोताही कर रहे हैं। पर तुलसी दास जी ने ठीक ही कहा है- जाकी रही भावना जैसी, तिन देखी प्रभु मूरत तैसी। तुम्हारे जैसे पापियों को घोर नर्क में भी स्थान नहीं मिलेगा। तुम भी विपक्षियों की तरह ईर्ष्या में सुलग रहे हो। मेला चले एक महीने से अधिक हो चुका है। निकम्मे और ज़िम्मेदार अधिकारी असफल दिख रहे हैं। पर भोले भंडारी की कृपा देखो। यह कहने में संकोच नहीं कि तीर्थराज प्रयाग ही इसे चला रहे हैं। मौनी अमावस्या स्नान के पर्व पर भगदड़ से लेकर रास्ता जाम और कुंभ मेले के वीआइपी सेंट्रिक होने का वितंडा घडने के लिए तुम्हारे जैसे गद्दार और धर्म के दुश्मन ही ज़िम्मेवार हैं। धर्म की राह में अगर कुछ सैंकड़ों आदमी सीधे गोलोक सिधार गए तो क्या हुआ? भोले शिव स्वयं उनको परमधाम ले जाने के लिए प्रयागराज में परिवार सहित उतरे हैं।' मेले की अव्यवस्था और भगदड़ में कई लोगों के मारे जाने की ख़बरों को गोदी मीडिया द्वारा दबाए जाने से आहत होने के बावजूद मैंने अपने आपको संभालते हुए कहा, 'निःसंदेह इस आयोजन के प्रति आम आदमी की निष्ठा असंदिग्ध है। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नहीं होते तो 144 सालों बाद आने वाले इस महाकुंभ को कौन आयोजित करता। विदेशी ताकतें इस महा आयोजन को असफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य कर रही हैं। विपक्ष विदेशी ताकतों के हाथों खेल रहा है।' मेरे मुंह से प्रशंसा भरे शब्द सुनने के बावजूद वह मेरी तरफ संशय भरी नजरों से देखते हुए बोले, 'मुझे प्रसन्नता है कि तुम पहली बार किसी अंधभक्त की तरह बात कर रहे हो। यह भी भोले की ही कृपा है कि तुम्हारे जैसे पापियों को भी सद्बुद्धि आ रही है। मुझे पूरी उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल, गरिमामयी पारदर्शी, ओजस्वी और प्रेरणामयी नेतृत्व में वर्ष 2047 तक सभी विधर्मी और तुम्हारे जैसे धर्मद्रोही धर्म की राह पर अग्रसर होंगे।

देश दुनीया से

# उनकी भी सोचें जिनसे किसी ने हमदर्दी नहीं जतायी

पंजाब पांच दरियाओं की धरती,यूनानी जिसे पेंटापोटामिया (इसका अर्थ भी वही है) पुकारते थे। वह धरा जो प्राचीन काल में सिंधु घाटी सभ्यता, ऋग्वेद और महाभारत की रही। इसी भूमि पर सिकंदर ने झेलम के तट पर पोरस से युद्ध किया, बाबर ने इब्राहिम लोदी से युद्ध किया, एंग्लो-सिख युद्ध यहीं लड़े गए – पंजाब जैसी भूमि के उदाहरण कम ही हैं, जिसने सदियों तक आक्रमण, तबाही और लूटपाट झेली हो। हम शुरुआत करते हैं 1947 के बाद से, यानी वह घड़ी जो एक शानदार युग की सुबह होने वाली थी। यह प्रभात शेष भारत में खुशी और धूप की तरह खिली, सिवाय पंजाब और बंगाल सूबों के। जो विभाजन हुआ, वह काफी हद तक पंजाब और बंगाल का था। अंग्रेजों द्वारा खींची गई और कांग्रेस नेतृत्व, गांधी और जिन्ना द्वारा स्वीकार की गई एक काल्पनिक रेखा ने पंजाब को बांट दिया। यह पंजाब के शरीर और आत्मा के टुकड़े करना था। इसने अपने पीछे हत्या, बलात्कार और तबाही की सुनामी छोड़ी। ऐसा रक्तपात पहले कभी नहीं हुआ और संभवतः इतिहास का विशालतम जबरन पलायन। यह बड़ी उथल-पुथल कदाचित 1950 के दशक के शुरू में पश्चिमी दुनिया की ओर शुरू पलायन की पहली लहर के अंतर्निहित मुख्य कारणों में से एक थी। शुरू में, यह मामूली थी, अधिकांशतः यूके और उसके बाद कनाडा की तरफ। दो विश्व युद्धों में इस इलाके का योगदान बहुत बड़ा था, और लौटकर आए फौजी यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व से कहानियां व अनुभव सुनाते थे। मनुष्य सदा बेहतर जिंदगी तलाशता रहा, और जब घर पर मौके निराशाजनक हों, तो वह बाहर की ओर देखता है। यहां देश में, पंजाबी जीवट धीरे-धीरे तारी हुई और अच्छे नेतृत्व और प्रशासन की मदद से, हमने बिखरे टुकड़े सहेजे और विभाजन की भयावहता पर काबू पाया और लगभग सामान्य जीवन जीने लगे। कुछ दशकों तक लगा कि हम समृद्धि-शांति की राह पर हैं। परंतु यह मृगतृष्णा साबित हुई और राजनीतिक-प्रशासनिक व्यवस्था में खामियां उभरने लगीं। पहले से बंटे पंजाब में और विभाजन की मांग की गई जो अंततः सफल हुई। अकाली सिख वर्चस्व वाला राज्य चाहते थे, वहीं पहाड़ी लोगों ने अपने लिए सुरक्षित सूबा मांगा, ठीक यही हरियाणा के लोगों ने किया। संयुक्त पंजाब को तीन राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में बांट दिया। चंडीगढ़, जिसे लाहौर के स्थान पर बतौर आधुनिक राजधानी विकसित किया गया था, वह भी जाती रही। विभाजन से पूर्व के पंजाब सूबे के पांच प्रशासनिक संभाग थे – जलंधर (अब जालंधर), लाहौर, दिल्ली, मुल्तान और रावलपिंडी। इसे बड़ी उपलब्धि के रूप में सराहा गया, लेकिन असल में इसने पंजाब के पतन की शुरुआत की क्योंकि लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था और पतनशील नेतृत्व ने अफरातफरी पैदा की। पहाड़ और उनके जंगल व जलीय स्रोत हिमाचल में वहीं राष्ट्रीय राजधानी की निकटता, इसके फायदे और यमुना किनारे की भूमि हरियाणा में चले गए। इस क्षेत्र का नाम बदलकर अब 'लघु आब' कर दिया जाना चाहिए क्योंकि यह अब 'पंज-आब' कहलवाने लायक नहीं रहा। अधिकांश विकास सूंचकाकों में ये तीनों राज्य फिसड्डियों में आते हैं। लोकतंत्र में वोट संख्या का महत्व होता है, जाहिर है संसद में 80 सीटों वाले राज्य की आवाज़ और उपस्थिति 10 या 13 सीटों वाले राज्य की तुलना में कहीं ज़्यादा है। धीरे-धीरे युवाओं का कट्टरपंथीकरण होता गया और धर्म के नाम पर हिंसक आंदोलन के नये नारे देने वाला उग्रवादी नेतृत्व उभरा। इसके पीछे कई किस्म के नेताओं के हाथ-दिमाग थे, हालात बनते गए और हिंसा बढ़ती गई, उधर शासन की शक्ति बढ़ती गई। यह सब ऑपरेशन ब्लू स्टार त्रासदी और इंदिरा गांधी की हत्या का कारण बना, जिसके बाद भारत भर में सिखों का कत्लेआम हुआ व समय रहते उस पर अंकुश नहीं लगाया। अगला दशक व्यर्थ गया, जिसमें रोजाना बेगुनाहों की हत्याएं होती रहीं। हमारे उत्तर-पश्चिमी पड़ोसी ने स्थिति का जमकर फायदा उठाया, चरमपंथ और आतंकवादी आंदोलन की आड़ में छद्म युद्ध चला दिया। पंजाब को इसकी कीमत चुकानी पड़ी। पाकिस्तान 1948, 1965 और 1971 में बड़ी लड़ाइयां हार चुका था, वह बदला लेने की ताक में था और यह मौका हमने तश्तरी में रखकर दे दिया (1965 में भी पंजाब ने ही युद्ध का खमियाजा भुगता, क्योंकि ज्यादातर लड़ाई यहीं तक सीमित रही)। पंजाब में हालात फिर कभी पहले जैसे नहीं रहे और चुनाव होने तक, लगभग एक दशक राष्ट्रपति शासन रहा। जनता की मांग के बावजूद, पंजाब के लिए कोई वित्तीय पैकेज या विशेष विकास कार्यक्रम नहीं दिया गया, ताकि बेगुनाह लोगों के दशकों झेले आघातों की भरपाई हो पाती। सनद रहे कि दक्षिणी, पश्चिमी और पूर्वी तटों वाले प्रायद्वीप के विपरीत, पंजाब गैर-समुद्र तटीय राज्य है, व्यापार की एकमात्र राह उत्तर-पश्चिम और मध्य एशिया की तरफ खुलती है। किंतु यह रास्ता भी बंद हो गया और खोलने की अपीलें अनसुनी रहीं। इस घटनाक्रम ने 1980 के दशक में पलायन की दूसरी और ज्यादा बड़ी लहर को जन्म दिया। राहत और रोजगार पाने की आस में पश्चिमी देशों का रुख किया। फिलहाल, तीसरी लहर जारी है क्योंकि युवा शिक्षा और रोजगार के लिए बेहतर मुल्कों में भविष्य देख रहे हैं। मैं इसे तीसरी लहर कहता हूं क्योंकि इसमें अब वे युवा शामिल हैं जिन्हें विरासत में कर्ज में डूबा राज्य मिला (पंजाब पर लगभग 4 लाख करोड़ रुपये का ऋण है) और उसके पास अवसर या उन्हें बनाने वाली शिक्षा नदारद है। इंटरनेट जागरूकता लाया, और आगे आकांक्षा को जगाया है। युवा पश्चिमी दुनिया का जीवन और सुख पाना चाहते हैं। उन्हें यहां यह सब नहीं मिलता और न ही इसे बनाने के साधन और माहौल हैं। पंजाब से लोग वैध-अवैध पलायन कर रहे हैं। राजनेता, पुलिस और ट्रैवल एजेंटों का गठजोड़ खुलेआम चल रहा है, ढेरों पैसे दिए जा रहे हैं। इसके लिए जमीन बेची जाती हैं, कर्ज लिए जाते हैं और रिश्तेदारों से रकम जुटाते हैं। अंग्रेजी सिखाने वाले कोचिंग सेंटर खुले, वहां भी पैसे ऐंठे गए। यह सब खुलेआम चलता रहा व गांवों, कस्बों और सत्ता के गलियारों में, इसे आम बात मान लिया गया। किंतु, पंजाब की इस लूट को रोकने को कोई कदम नहीं उठाया गया।



आप का नजरीया

# एक त्रासद तबाही का युद्ध

रूस यूक्रेन युद्ध के तीन साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन युद्ध अभी जारी है। रूस ने ऐसे प्रतिरोध की कल्पना भी नहीं की होगी। हालांकि अब समझौते, शांति और संवाद की एकतरफा कोशिशें भी की जा रही हैं। अमरीका-रूस के विदेश मंत्री स्तर के प्रतिनिधिमंडल ने सऊदी अरब में बातचीत की है। यूक्रेन और यूरोप को इस संवाद से बाहर ही रखा गया है। क्या यूक्रेन की संप्रभुता और स्वतंत्र अस्तित्व को नकारा गया है? क्या यूक्रेन की सहमति के बिना कोई युद्ध-समझौता हो सकता है? यूक्रेन का संकट बढ़ता जा रहा है, क्योंकि अमरीका में राष्ट्रपति ट्रंप के सत्तासीन होने के बाद उसने यूक्रेन की मदद करने से साफ इंकार कर दिया है। यूरोप अब यूक्रेन की सैन्य, आर्थिक मदद को लेकर विभाजित हो गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का सरोकार इतना है कि शांति स्थापित हो और यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाया जाए, तो वह राष्ट्रपति पद छोडने को तैयार हैं। रूस का साम्राज्यवादी रुख रहा है। इसी आधार पर उसने यूक्रेन पर आक्रमण कर युद्ध छेड़ा था। रूस की सोच है कि यूक्रेन को संप्रभु देश होने का कोई अधिकार नहीं है। तो फिर इस युद्ध का निष्कर्ष क्या होगा? हमारा मानना है कि इस युद्ध में न तो कोई विजेता है और न ही कोई पराजित है। बल्कि रूस-यूक्रेन दोनों ही हारे हैं, क्योंकि दोनों ही देशों में विध्वंस, तबाही व्यापक स्तर पर हुई है। दोनों ही देशों को यह अनुभव हो गया होगा कि युद्ध की परिणति क्या होती है? युद्ध भी एक नए किस्म की निरंतर राजनीति का प्रतिरूप है। इस संदर्भ में ट्रंप, पुतिन, मोदी और यूरोपीय देश अपनी राजनीति के मोहरे चल रहे हैं। बहरहाल यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक त्रासद् तबाही वाला युद्ध साबित हुआ है। तबाही रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों में हुई है। दोनों के करीब 2.5 लाख लोग मारे गए हैं। उनमें अधिकतर सैनिक थे। करीब 68.5 लाख यूक्रेनी शरणार्थी यूरोपीय देशों में हैं। करीब 1 करोड़ यूक्रेनी बेघर हुए हैं। उसके 8 लाख सैनिक घायल बताए जा रहे हैं। उनका इलाज कैसे होगा? बेघर होने वालों में करीब 20 लाख बच्चे भी हैं। यूक्रेन का 20 फीसदी जमीनी हिस्सा खो चुका है। 2024 में यूक्रेन का 4168 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र रूस ने कब्जा लिया। यूक्रेन के 10 बड़े शहर 'खंडहर' हो चुके हैं। रूस को भी कुल 109 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उसके 20 से अधिक पोत यूक्रेनी हमलों के कारण 'काला सागर' में डूब चुके हैं। रूस के बख्तरबंद वाहन, टैंक आदि भी तबाह हुए हैं। युद्ध के कारण ही रूस के औसत जीवन-स्तर में 35 फीसदी की गिरावट आई है। तो किस आधार पर रूस खुद को युद्ध का विजेता घोषित कर सकता है? बेशक युद्ध को समाप्त कराने के प्रयास प्रधानमंत्री मोदी के अलावा राष्ट्रपति ट्रंप ने भी किए हैं, लेकिन ट्रंप 'शांति का नोबेल पुरस्कार' हासिल करने के मद्देनजर ऐसे भेदभावपूर्ण प्रयास न करें। संवाद की मेज पर दोनों देशों के प्रतिनिधि उपस्थित होने चाहिए। इस युद्ध ने विश्व की 'सप्लाई चेन' को बुरी तरह प्रभावित किया है। रूस-यूक्रेन गैस और गेहूं उत्पादन के सर्वोच्च देश हैं। गैस सप्लाई नहीं की गई, तो यूरोप कंपकंपाया है। गेहूं की आपूर्ति नहीं हो सकी, तो गरीब, पिछड़े देशों में खाद्य-संकट उभरा है। दुनिया भर की अर्थव्यवस्था भी गिरी है। रूस और यूक्रेन में धार्मिक, जातीय, नस्लीय, सांस्कृतिक समानताएं हैं।

प्रभात मंत्र


e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# महादेव मठ में महाशिवरात्रि पर उमड़ा सैलाब, हजारों हजार की संख्या में किया जलाभिषेक

➲महाशिवरात्रि के मौके पर लगे पशु मेले में जमकर हुवी खरीद बिक्री

➲सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखी पुलिस, चप्पे चप्पे की जा रही थी निगरानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर कुंदा के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल महादेव मठ में भगवान शिव की पूजा अर्चना व जलाअभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की सुबह से ही भारी भीड़ उमड़ पड़ी।श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर गुफा में स्थापित शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अक्षत चंदन बेलपत्र इत्यादि से विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान शिव से अपनी इच्छा फल मांगा।श्रद्धालुभक्त सुबह से ही मंदिर आना शुरू हो गया था जो देर शाम तक चलता रहा।वही शिवरात्रि के शुभ अवसर पर कुंदा में पशु मेले का सरकारी स्तर पर आयोजन किया जाता है जिसमें भारी संख्या में पशुओं की खरीद बिक्री की गई। इस मेले में झारखंड, बिहार, बंगाल समेत कई अन्य राज्यों के लोग मेला में आकर खरीद बिक्री करते हैं।श्रद्धालु पूजा अर्चना कर झूले का खूब आनंद लिया।मेला में आने वाले लोगों को परेशानी न हो इसे लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी,सुरक्षा व्यवस्था का कमान स्वयं थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह संभाल रहे थे। महादेव मठ में विधि व्यवस्था के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हर जगह बैरिकेडिंग के साथ पुलिस गस्ती करती रही।

**वहीं बड़ी एवं छोटी वाहनों के लिए पार्किंग की सुविधा की गई थी।**

भीड़ इतनी बढ़ गई की नेटवर्क का सर्वर डाउन हो गया और लोग एक दूसरे संपर्क साधने के लिए परेशान दिखे,यहां तक की कुछ समय के लिए इंटरनेट काम करना बंद कर दिया। महादेव मठ में मठ समिति की ओर से नींबू शरबत पानी की व्यवस्था की गई थी।वही सूर्य कुंड परिसर में 28 घंटे का अखंड हरिकृतन एवं भजन का आयोजन किया गया।जहां श्रद्धालुओं के द्वारा हरे राम,हरे कृष्ण का जयकारा गूंजता रहा।महाशिवरात्रि पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू,सचिव नंदकिशोर वैद्य,कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सौंडीक,सत्येन्द्र सिंह, लवकुश कुमार गुप्ता, अनुज कुमार गुप्ता समेत दर्जनों सदस्य लगे हुवे थे।

**महाशिवरात्रि मेला में लाखों की हुई खरीद बिक्री**

महाशिवरात्रि के अवसर पर लगे पशु मेले में पशु,घरेलू उपयोग से लेकर, हर जरूरत की सामान,मिठाई की दुकानों में खूब खरीदी हुई। बतादें की यह ऐतिहासिक मेला प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के मौके पर लगता है। जहां लोगों को लंबे समय से इंतजार रहता है।ये पशु मेला राजतंत्र के समय से लगता आ रहा है।यहां पशुओं की खरीद बिक्री के लिए झारखंड,बिहार,बंगाल से लोग पहुंचते हैं।वही मेला ठिकेदार मनोज कुमार यादव ने बताया की आम आवाम के सहयोग के कारण मेला सफ़ल रहा और लोगों ने झूला समेत कई आयोजनों का आनंद उठाया और जमकर खरीद बिक्री हुवी।

**पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, जिप अध्यक्ष ममता देवी, महिला राजद प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश ने किया जलाअभीषेक**


पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता एवं राजद महिला प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, जिला परिषद अध्यक्ष ममता देवी ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और अमन चैन की कामना की वहीं मंत्री ने सभी श्रद्धालुभक्तो को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी जबकी जिला परिषद अध्यक्ष ने श्रद्धालु भक्तों को नींबू शरबत पिलाया।वही मठ समिति के पदाधिकारीयों ने पूर्व मंत्री एवं जिप अध्यक्ष से महादेव मठ को और सुंदर और सुविधायुक्त बनाने के लिए ध्यान आकृष्ट कराया। वही मुखिया सह मठ समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने मठ में हाईमास्क लाइट लगाने को लेकर पूर्व मंत्री एवं जिप अध्यक्ष के समक्ष बात रखी।

## ग्राम गेरुआ शिव मंदिर के प्रांगण में 24 घंटा का अखंड हरिकृतन का किया गया आयोजन



**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रत्येक साल की तरह इस साल भी ग्राम गेरुआ शिव मंदिर के प्रांगण में 24 घंटा का अखंड हरी कीर्तन का आयोजन किया गया 25/02/2025को समय 11:00रूसे शुरू हुआ और 26/02/2025 को 11:00रू को समाप्त हुआ अखंड हरी कीर्तन का मुख्य पुजारी जितेंद्र कुमार पांडे शिवम अखंड के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, संचालक कृष्णा सिंह, समाजसेव (पूर्व मुखिया) रामजी भुईयां,शालिग्राम सिंह, दरोगा सिंह, शंकर सिंह, रंजय साव, उमेश सिंह, सविंदर यादव,वार्ड सदस्य बलदेव यादव, अमर राम, अनूप कुमार चंद्रवंशी, विनय सिंह, शेखर कुमार सिंह, मुख्य सलहकार, कुमार संतोष बाबू, कैलाश सिंह, विजय सिंह, मंदिर कमिटी के अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनूप कुमार चंद्रवंशी, सचिव सविंदर यादव, मुख्य संरक्षक समस्त ग्रामीण जनता।

## शिवरात्रि पूजा को लेकर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के दर्जनों शिवालयों में ऐतिहासिक एवं महाशिवरात्रि पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की सैकड़ो की संख्या में बुधवार को भीड़ देखी गई। प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर कालेश्वरी शिव मंदिर सलगा शिव मंदिर कटघरा शिव मंदिर गांगपुर शिव मंदिर बलबल शिव मंदिर पेक्सा शिव मंदिर बारिसाखी शिव मंदिर एवं दर्जनों प्रखंड के शिवालयों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग को जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। इस पूजा में सुहागन महिलाएं एवं कुमारी कन्याएं पूजा अर्चना करते देखी गई। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए पूजा अर्चना किया। जहां लंबी कतारें लगी हुई हैं। श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए शिवालय में लंबी-लंबी कतार लगे हुए थे। साथ ही सभी शिवालय में प्रखंड प्रशासन भी जगह-जगह पर मुस्तैद देखे गए। वही मंदिर कमिटी के लोग भी श्रद्धालुओं को सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। और उनकी सुविधा के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। पूजा के अवसर पर श्रद्धालु पूजा अर्चना कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। तथा प्रखंड प्रशासन श्रद्धालुओं से अपील कीया है कि वे शांति और अनुशासन बनाए रखें और भगवान शिव की पूजा अर्चना भक्ति में डूबे रहें।

## सांसद व विधायक ने किया महाशिवरात्रि मेला का उद्घाटन

### मेला से ही पेक्सा चेकडैम का किया गया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड़ पंचायत मुख्यालय में लगने वाला 10 दिवसीय कौलेश्वरी पशु मेला का उद्घाटन बुधवार को किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बुधवार को फीता काटकर किया। उद्घाटन सांसद कालीचरण सिंह, विधायक कुमार उज्वल, मुखिया निर्मला देवी समेत अन्य ने किया।सांसद व विधायक ने शिवमंदिर में पूजा अर्चना किया। इस दौरान विधायक कुमार उज्वल में संबोधित करते हुए कहा कि यह पशु मेले कला, संस्कृति, और पर्यटन के क्षेत्र से भी महत्वपूर्ण है।वहीं सांसद कालीचरण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कौलेश्वरी मंदिर परिसर में पशु मेला लगने से किसानों को काफी सहूलियत होगी। पशु मेला, पशुओं की खरीद - फरोख्त के लिए आयोजित होने वाला बड़ा आयोजन है।यह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी केंद्र होता है। 2026 में मेला भव्य लगाने के लिए व्यापारियों से बात कर दूर दराज से व्यापारी को लाने की बात कही। इसके बाद पशु मेला में खरीद बिक्री शुरू हो गया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, मेला समिति अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा, मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रणाथ दांगी, सचिव निरंजन दांगी, महादेव दांगी, देवनारायण दांगी, बीरबल दांगी, आशीष दांगी, राजेश कुमार राजू समेत अन्य मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि पर ठाकुर पारा गांव के महादेव मांड़ा मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड अंतर्गत नावागढ़ पंचायत के ठाकुर पारा गांव में स्थित महादेव माँड़ा मंदिर में महाशिवरात्रि का पर्व बुधवार को बड़े ही श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया गया। शिव पूजा-अर्चना के लिए सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया, जो शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विशेष पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर समिति के सदस्यों ने व्यवस्था संभालते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान शिव की आराधना की।

## मकरा के ब्रह्मादेवता टोला में एक माह से ट्रांसफार्मर खराब, ग्रामीण परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत शिबला पंचायत के ग्राम मकरा टोला ब्रह्मादेवता मे लगे ट्रांसफार्मर बिते एक माह से ख़राब है जिससे ग्रामीणों को पेयजल सहित अन्य आवश्यक कार्य के लिए परेशानी बढ़ गई है. ग्रामीण भोला राम, पूरन राम, सुनील कुमार, श्याम उरांव, अमित उरांव, केदार राम, पिंटू सहित कई ग्रामीणों ने बातया कि हमलोग यह टोला मे 28 घर की संख्या मे लोग निवास करते है बिजली ट्रांसफार्मर एक माह से ख़राब हो जाने से हम सभी ग्रामीणों को काफ़ी परेशानियां झेलनी पड़ रही है और अभी झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक व इंटर की परीक्षा चल रहा है जिससे घर में बिजली नहीं रहने से विद्यार्थियों को तैयारी करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी हो रही है ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से तत्वरित कारवाई कर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

## महाशिवरात्रि एवं मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भव्य कलश यात्रा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित दिवाकर नगर के दुर्गा मंदिर परिसर से महाशिवरात्रि और मंदिर के वार्षिकोत्सव के मौके पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए, गाजे-बाजे के साथ निकाले गए इस कलश यात्रा में महिलाओं ने माथे पर कलश रखकर दिवाकर नगर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से मकईयाटांड नदी पहुंची ।जहां से पंडित जगनारायण पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोउच्चारण के बीच कलश में जल भराया गया और पुनः वापस मंदिर पहुंचकर पहुंचे जहां कलश को रखा गया। वही इस कलश यात्रा में शामिल लोग बम-बम भोले, ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव, हर-हर भोले, जय श्री राम, हर-हर गंगे समेत कई नारा लगा रहे थे इस ककलस यात्रा में लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी भी शामिल हुई। वही आयोजित कलश यात्रा को देखते हुए बालूमाथ पुलिस ने बालूमाथ में शहर में बड़े वाहनों पर नो एंट्री लगा दिया था। कलश यात्रा के दौरान पुलिसकर्मी सुरक्षा के मध्य नजर ड्यूटी में तैनात दिखे। मौके पर निर्मल सिन्हा, उपेंद्र रंगीला, लालदेव गंझु, ललन सिंह, राजू गुप्ता, राजकुमार भगत,पपु चौबे, विनोद साव, रति गंझु समेत कई लोग शामिल थे।

## महाशिवरात्रि पर बरवाडीह पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा तांता



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड मुख्यालय के प्राचीन पहाड़ी मंदिर के साथ-साथ प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालयों में हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। बुधवार की सुबह 5 बजे से पहाड़ी मंदिर पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो चुका था जहां देर शाम तक श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान भोलेनाथ के मंदिर के साथ-साथ, ऊपरी हिस्से में बने हनुमान मंदिर, काली मंदिर, और निचली तराई पर बने दुर्जागीन मंदिर में पूजा अर्चना की गई। मंदिर समिति के अनुसार देर शाम तक पहाड़ी मंदिर में 25 हजार से अधिक श्रद्धालु प्रखंड के साथ पूरे पलामू प्रमंडल से पूजा अर्चना करने पहुंचे थे। चेन स्नेचिंग गिरोह रहा सक्रिय पहाड़ी मंदिर में इस बार उम्मीद से अत्यधिक भीड़ उमड़ी थी। वहीं मंदिर परिसर में चेन स्नेचिंग गिरोह की सक्रियता दिखी। जहाँ गिरोह के सदस्यों ने अनीता देवी बांसडीह खुर्द का मंगलसूत्र, सविता कुमारी डबरा लेस्लीगंज, आतिश कुमार लंका का चेन छीन लिया वहीं इसके साथ कई अन्य लोग भी इसके शिकार हुए। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की पड़ताल की।

## शहर में निकली भव्य शिव बारात, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार की शाम शहर के बाजार टांड़ प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण से भव्य शिव बारात निकाली गई। मंदिर समिति के संरक्षक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम तथा समिति के अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में यह शिव बारात बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई। शिव बारात पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ शहर के प्रमुख मार्गों - थाना चौक, शहीद चौक, जबली चौक, धर्मपुर, समाहरणालय गेट और ब्लॉक होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण लौटी। शिव बारात में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा शहर भक्तिमय हो गया। इस दौरान शिव-पार्वती की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई, जिसमें भूत-प्रेत, गण, नंदी और शिव के अन्य गणों की झलक भी देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से शिव बारात का स्वागत किया और 'हर हर महादेव' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक सह पूर्व शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष भव्य और दिव्य शिव बारात का आयोजन किया जाता है, जिसमें नगरवासियों का अपार सहयोग प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन धार्मिक एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसमें श्रद्धालु बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।शिव बारात के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपी के निर्देशानुसार पुलिस बल की विशेष तैनाती की गई थी। एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जबकि मौके पर थाना प्रभारी दुलर चौड़े दल-बल के साथ मुस्तैद रहे। इस शुभ अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक, मंदिर समिति के सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर बाबा कोड़ीनाथ धाम में श्रद्धालुओं का जनसैलाब

### भव्य भंडारे और सामूहिक विवाह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में भव्य पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। बेलटोली धाम और छठ घाट स्थित शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने सुबह से ही भगवान शिव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया।

बेलटोली धाम में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।शिवभक्तों ने हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से वातावरण भक्तिमय कर दिया।महिलाएं व्रत रखकर भगवान शिव की अराधना में लीन रहीं। मंदिर के पुजारी राजेश पाठक ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन शिव उपवास रखने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**भव्य भंडारे का आयोजन**

बेलटोली धाम में आईपीएस सेवा संस्थान की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में आरपीएस सेवा संस्थान के कमलेश यादव, शंकर यादव, अंतू साव, रणधीर भगत, सुनील नगेसिया, विशेष केसरी, रामदयाल यादव, संतोष यादव, जितेंद्र यादव, हरेंद्र सिंह, जसवंत यादव, कालेश्वर नगेसिया और सरवन यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**छह जोड़ों ने लिए सात फेरे**

बेलटोली में स्थित बाबा कोड़ीनाथ धाम में आरपीएस सेवा संस्थान के सहयोग से छह जोड़ों की सामूहिक शादी कराई गई। आगे भी अधिक से अधिक संख्या में इस तरह से शादी की व्यवस्था करने की बात भी आर पी एस संस्थान के द्वारा कही गयी. विवाह समारोह में ग्रामीणों और गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस आयोजन का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहयोग प्रदान करना था।महाशिवरात्रि पर्व के इस पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।

# दो समुदाय के बीच हिंसक झड़प, आगजनी व पत्थरबाजी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** इचाक प्रखंड के डुमरौन गांव मे बुधवार को महाशिवरात्रि पर दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प हो गई। दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी और आगजनी की गई। इस घटना में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हुए हैं। उपद्रवियों ने तीन बाइक, एक दुकान और एक कार को आग के हवाले कर दिया। एक ऑटो में भी तोड़ फोड़ की गई है। वहीं, प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रित करने को लेकर हल्का लाठीचार्ज भी किया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है। मिली जानकारी के मुताबिक शिवरात्रि के दौरान झंडा बांधने और साउंड सिस्टम लगाने को लेकर विरोध हुआ था और इसके बाद ही यह घटना घटी है। हजारीबाग के इचाक प्रखंड में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में दर्जनभर लोग घायल हो गए हैं। वहीं आधा दर्जन से अधिक बाइक जला दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही तीन थानों की पुलिस गांव में कैंप कर रही है, दोनों ओर से स्थिति तनावपूर्ण बनी है। प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति सिंह सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इचाक प्रखंड के पदाधिकारी तथा भारी



संख्या में पुलिस बल घटना स्थल पर मौजूद है। घटना के बाद स्थिति तनावपूर्ण है लेकिन नियंत्रण में है। घटना को लेकर बताया जा रहा कि बुधवार की सुबह हिंदुस्तान चौक पर महाशिवरात्रि का भगवा पताका और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद उपद्रवियों ने गुस्से में मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया। यह भी जानकारी मिल रही है कि पहले दोनों संप्रदाय के बीच में सुलह हो गया था कि एक दिन के लिए लाउडस्पीकर लगाया जाए। पूजा समाप्त होने के बाद लाउडस्पीकर उतार लिया जाएगा। इस दौरान थाना प्रभारी भी वहां उपस्थित रहे। सुलह होने के बाद फिर से दोनों गुटों के बीच झड़प हो गई। फिलहाल इलाके में स्थिति तनावपूर्ण है। जगह-जगह पर पुलिस की तैनाती की गई है। पुलिस स्थिति को शांत कराने में जुटी हुई है। जिला प्रशासन ने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा शांति बनाए रखने की अपील की है। हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने इस सबंध मे कहा कि इचाक में साउंड सिस्टम चलाने को लेकर मारपीट और पथराव हो गया। पर्याप्त बल तैनात किए गए हैं। वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर डेरा डाले हुए हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में और शांतिपूर्ण है।

## आई टी आई बरही में हो रही अनियमितता की जांच को लेकर विकास सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** युवा साथी झारखंड के अध्यक्ष विकास सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही में हो रही अनियमितता से अवगत कराया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड स्थित आई टी आई कॉलेज बेंदगी के प्राचार्य रविन्द्र कुमार द्वारा कई घोर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों एवं सुरक्षा कर्मियों के साथ लगातार दुर्व्यवहार किया जा रहा है। प्राचार्य द्वारा कॉलेज के संचालन कार्यों के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर भारी- भरकम पैसों की लूट और गबन किया जा रहा है।साथ ही पत्र के माध्यम से उन्होंने लिखा है कि प्राचार्य रविन्द्र कुमार द्वारा अपने निजी कार्यों एवं हितों के लिए सरकारी परिसर का उपयोग किया



जा रहा है। सरकार से प्राप्त राशि को कॉलेज स्टाफ के खाते में भेजकर उन्हें ही मजदूर दिखाकर लगातार राशि की निकासी की जा रही है। ग्रामीणों से कोई समन्वय बनाकर नहीं चलना और उन्हें मारने-पीटने की बात एवं अपने पवार का धौंस दिखाकर धमकी देना। सुरक्षा प्रहरी से व्यक्तिगत काम करवाना। उनके मानदेय राशि को कम देना, उनका शोषण करना।साथ ही विद्यार्थियों के लिए आने वाले राशि को गलत तरीके से निकासी कर अपने व्यक्तिगत कार्यों में उपयोग करना।उन्होंने पत्र लिखकर मुख्यमंत्री से आग्रह किया है, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरही में हो रहे अनियमितता की जांच करें।तथा संलिप्त दोषी पदाधिकारियों पर विधिसम्मत कार्रवाई हो।

## नावाडीह शिव मंदिर में एक दिवसीय रुद्राभिषेक यज्ञ का हुआ आयोजन, हेदलाग एवं गोविंदपुर स्कूल चौक शिव मंदिर से यात्रा निकाला गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**कटकमदाग :** शिवरात्रि को लेकर कटकमसांडी और कटकमदाग प्रखंड में शिव बारात निकाली गई ।इस मौके पर बारात में शामिल शिव भक्त झुमते नजर आए । इससे पूर्व दोनों प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों को आकर्षक विधुत सज्जा से सजाया गया है ।वही हेदलाग एवं गोविंदपुर स्कूल चौक शिव मंदिर से कलश ले कर छड़वा डैम से जल उठाकर पुनः हेदलाग शिव मंदिर श्रद्धालु गण आए शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित हुए निकाला गया शिव मंदिरों में सुबह से ही पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ती रही । इस मौके पर महाशिवरात्रि को लेकर 26 फरवरी को नावाडीह शिव मंदिर में एक दिवसीय रुद्राभिषेक यज्ञ का आयोजन किया गया । साथ ही भोले भंडारी की विशेष पूजा अर्चना की गई । रुद्राभिषेक यज्ञ में शामिल भक्त रविन्द्र नाथ ओझा , सुजीत कुमार, ऋतिक साव, सुभाष ठाकुर, करण ठाकुर, राहुल साव, निशांत कुमार, सोनू साव, अनिल पासवान, अंकज ठाकुर,विशाल राणा, विशाल यादव,ओझा , कृष्ण कांत ओझा ,



संदीप पाण्डेय , मुरारी ओझा , जितेन्द्र ओझा , अमिताभ ओझा , कपिल ओझा ,अजय ओझा , सुरेंद्र कुमार , सर्वजीत कुमार आदि ने भगवान शिव पर 11 किलो दूध से अभिषेक कर गांव में सुख समृद्धि की कामना की । पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया ।इधर कटकमदाग प्रखंड के बानादाग पहाड़ी पर स्थित गोरी शंकर धाम मंदिर में श्रद्धालु पूजा अर्चना कर भगवान शिव से आर्शीवाद मांगा ।इस मौके पर भक्तों द्वारा सामूहिक भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है । महाशिवरात्रि को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थित शिवालय सज धजकर तैयार हैं। कई जगहों पर भगवान शिव की बारात गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। आचार्य पंडित मनोज पाण्डेय ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन रात के चारों प्रहरों में भगवान शिव के पूजन अर्चन और अभिषेक करने की मान्यता है। प्रथम प्रहर में दूध, द्वितीय प्रहर में दही, तृतीय प्रहर में घृत द्वारा और चतुर्थ प्रहर में मधु द्वारा स्नान कराकर उनका पूजन करने से विशेष लाभ मिलता है। इस दिन व्रती भगवान शिव के निमित्त उपवास कर सम्पूर्ण रात्रि में भगवान शिव का पूजन और अभिषेक करता है। इस दिन की गई पूजा अर्चना एवं अभिषेक से भगवान शिव विशेष रुप से प्रसन्न हो जाते हैं। इस दिन भगवान शिव जी को मनाने और उनकी कृपा पाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। भगवान शिव अपने भक्तों पर बहुत जल्द प्रसन्न हो जाते हैं। इसलिए उन्हें भोलेनाथ और आशुतोष भी कहा जाता है। ईशान संहिता के अनुसार फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि को रात्रि में भगवान शिव करोड़ों सूर्य के समान लिंग रूप में प्रकट हुए थे।

## प्रदीप प्रसाद उतरे फुटपाथ व्यवसाईयों के पक्ष मे, लगवाया दुकान

- **जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलता, फुटपाथ व्यवसायियों को कोई नहीं हटाएगा : प्रदीप प्रसाद**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। अपने कार्यालय में फुटपाथ व्यवसायियों के प्रतिनिधियों से वार्ता करने के बाद वे स्वयं कचहरी चौक पहुंचे और व्यवसायियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए निर्देश दिया कि वे अपने-अपने स्थान पर दुकान लगा सकते हैं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे।

**फुटपाथ व्यवसायियों को नहीं किया जाएगा परेशान**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस मामले



में नगर निगम के नगर आयुक्त और ट्रैफिक इंचार्ज से भी वार्ता की। उन्होंने नगर निगम प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक फुटपाथ व्यवसायियों के लिए कोई स्थायी समाधान नहीं निकल जाता, तब तक किसी भी व्यवसायी को बेवजह तंग न किया जाए। उन्होंने कहा कि फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले छोटे व्यापारी अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं, ऐसे में उनकी समस्याओं की अनदेखी नहीं की जा सकती।

**यातायात व्यवस्था और व्यवसायियों के हितों में संतुलन बनाने के निर्देश**

विधायक ने ट्रैफिक प्रभारी को निर्देश दिया कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हुए फुटपाथ व्यवसायियों को रोजगार करने की पूरी छूट दी जाए। उन्होंने अधिकारियों से अपील की प्रशासन ऐसा समाधान निकाले जिससे न तो ट्रैफिक प्रभावित हो और न ही छोटे व्यापारियों का नुकसान हो।

**व्यवसायियों में खुशी की लहर**

विधायक के इस हस्तक्षेप से फुटपाथ व्यवसायियों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने श्री प्रसाद के इस प्रयास की सराहना की और उनके प्रति आभार प्रकट किया। व्यवसायियों ने एक स्वर में कहा कि विधायक ने उनकी वर्षों पुरानी समस्या को गंभीरता से लिया है और उनके हक के लिए मजबूती से खड़े हैं। फुटपाथ व्यवसायियों के समर्थन में अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा, मैं आपका हूं और हर परिस्थिति में आपके साथ खड़ा हूं। जब तक आप सभी को एक स्थायी समाधान नहीं मिल जाता, तब तक मैं आपके हक के लिए लड़ता रहूंगा। इस फैसले से न केवल फुटपाथ व्यवसायियों को राहत मिली है, बल्कि हजारीबाग के बाजार क्षेत्र में संतुलित व्यवस्था बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## एक ही रात में चोरों ने पांच घरों में चांदी सोने के आभूषण सहित लाखों की संपत्ति की किया चोरी



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत कोल्हूआ खुर्द गांव में अज्ञात चोरों के विरुद्ध अमरेश यादव ने चोरी की घटना को लेकर बरही थाना में एक लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने बताया कि दिनांक 25 फरवरी 2025 की रात को मैं अपने घर में रोज की तरह लगभग 11ः00 बजे सो गया। जब मैं सुबह करीब 5ः00 बजे उठा तो देखा कि मेरे घर का मुख्य दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और घर के अन्य दरवाजे खुले हुए हैं। अचानक मेरी नजर रखे बक्से पर पड़ा तो बक्सा का ताला टूटा हुआ पाया। उसमें रखे कीमती सामान व सोने चांदी के साथ नगद लगभग एक लाख रुपए गायब था। मेरे घर के चारो तरफ सामान बिखरा पड़ा हुआ था। बाहर आया तो पता चला कि मेरे घर के अलावा गांव के अन्य पांच घरों में भी चोरी की वारदात हुई है ।जिसमें प्रकाश यादव, फरीद अंसारी, दिनेश दास, देवनारायण मोदी एवं रामजु पासी के घर शामिल था ।उक्त सभी लोगों के द्वारा अगल-बगल काफी खोजबीन किया गया लेकिन चोरों का कहीं कोई कुछ पता नहीं चल पाया। उक्त लोगों ने बताया कि गांव के कर्बला स्थित बिजली पोल से गांव का बिजली कनेक्शन भी कटा हुआ है। इस संबंध में पुलिस दिए आवेदन के अनुसार घटना की जांच पड़ताल कर रही है एवं भुक्तभोगियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही घटना में संलिप्त लोगों को पकड़ा जाएगा।

## नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाला शिक्षक पुत्र गिरफ्तार, भेजा न्यायिक हिरासत

**कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले शिक्षक पुत्र को पेलावल पुलिस बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया है । आरोपी पेलावल गदोखर रोड़ निवासी व प्राईवेट ट्यूशन पढ़ाने वाले मोहम्मद हसीब का 19 वर्षीय पुत्र तैहसिन है । जिसपर थाना कांड संख्या 53/25 पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज हैं । बताया जाता है कि पिछले दो-तीन दिन पूर्व सोमवार को पेलावल थाना क्षेत्र के एक नाबालिग स्कूली छात्रा के साथ ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक के पुत्र ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद नाबालिग स्कूली छात्रा ने अपने परिजनों के साथ पेलावल ओपी में पहुंच कर शिकायत दर्ज कराया था । घटना 24 फरवरी की शाम चार बजे की है ।प्राइवेट ट्यूशन पढ़ाने वाले शिक्षक पुत्र पेलावल गदोखर रोड निवासी मो तैहसिन 19 वर्ष पिता मो हसीब है। पीड़िता एक सरकारी स्कूल के चौथी वर्ग की छात्रा है। पीड़िता ने बताया गदोखर रोड के एक उर्दू अरबी विषय पढ़ाने वाले शिक्षक मो हसीब के यहां लगभग एक साल से ट्यूशन पढ़ रही थी।कभी मो हसीब तो कभी उनके बदले उसके छोटे पुत्र मो तैहसिन19 वर्ष ट्यूशन पढ़ाता था ।करीब 20 से 25 लडकिया उनके यहां टयूशन पढ़ती है।।सोमवार की शाम करीब चार बजे मुझे शिक्षक पुत्र तैहसिन अपने कमरे में बुलाया और पढ़ाई की कुछ बातचीत किया ।उसके बाद अचानक मुंह मे दुपट्टा लपेट दिया और मेरे साथ जबरन शारीरिक दुष्कर्म की घटना का अंजाम दिया। जिससे मैं काफी भयभीत हो गयी ।किसी तरह से वहां से घर आयी और अपने परिजनों को घटना की जानकारी दिया । पीड़िता ने यह भी कहा कि इस तरह का घटना का अंजाम और मेरे साथ पढ़ने वाली कई लडकियों के साथ घटी है ।लेकिन इज्जत और शिक्षक के डर से कोई लड़की घटना के बारे में घर मे नही बता पाई। इस बाबत पेलावल थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया है।

## चरही थाना क्षेत्र सहित प्रखंड के सभी शिवालयों में लगा रहा शिव भक्तों का तांता



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जरबा मंदिर प्रांगण में पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता सुबह से ही लगा रहा और इस दौरान मंदिरों में भक्तों का भारी उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु बोल बम और हर-हर महादेव के जयकारों के साथ भगवान शिव की आराधना में लीन रहे। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आस्था, भक्ति और शिवत्व की अनुभूति का प्रतीक है। सभी भक्तो ने भगवान शिव से सभी श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। पूरे प्रखंड में महाशिवरात्रि को लेकर भक्तिमय माहौल बना हुआ है, वही जरबा मंदिरों में आनंद देव शर्मा के द्वारा पूजा अर्चना किया गया।मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन महाभोग का वितरण का आयोजन किया गया।मौके पर उपस्थित मंदिर समिति अध्यक्ष कोषाध्यक्ष सचिव कोशलेश किशोर, अवध माली , अरुण वर्मा,बसंत भगत , राजू भगत,आशुतोष कुमार,मुकेश भगत,दीपक साव, सुधीर साव, महेश राम ,रामचंद्र रवि,सुधीर साव, सहित कई सनातनी श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

## दो बच्चे की मां को प्रेमी संग ग्रामीणों ने पकड़ा, प्रेमी को किया पुलिस को सुपूर्द, प्रेमिका फरार

**कटकमसांडी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दो बच्चे की मां को प्रेमी संग ग्रामीणों ने पकड़ा और फिर प्रेमीको पकड़ कर पुलिस को सुपूर्द कर दिया जबकी प्रेमिका फरार मौके से फरार हो गयी । घटना सोमवार की देर रात की है । बताया जाता है कि पेलावल गांव के दो बच्चे की मां विधवा महिला उम्र 30 वर्ष का मुफ्फ़सील थाना क्षेत्र के लालपुर चौक निवासी अकबर हुसैन 22 वर्ष पिता गुलाब हुसैन जो अविवाहित है से प्रेम प्रसंग एक साल से दोनों के बीच चल रहा था । बताया जाता है की दोनों शहर के होटलों में एक साथ केटरर का काम करते थे इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम हो गया । सोमवार को देर रात प्रेमी अकबर हुसैन विधवा महिला के ससुराल पेलावल गांव पहुंचा और फिर दोनों एक कमरे में चले गए । इसकी भनक ग्रामीणों को मिली तभी ग्रामीण उन्हें पकड़ने का प्लान बनाया और फिर उन्हें आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया । दोनों को पकड़ने के दौरान महिला अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकली वहीं प्रेमी को ग्रामीणों ने पकड कर पेलावल पुलिस को सुपूर्द कर दिया । इस बाबत पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का मामला है । लिखित आवेदन आने के बाद केस दर्ज किया जाएगा ।

## महाशिवरात्रि पर गाजे बाजे के साथ निकाली गई भव्य शिव बारात मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक



- **हम बड़े सौभाग्यशाली हैं कि हमें बाबा विश्वनाथ के बारात में बाराती बनने का मौका मिल रहा है : मनोज यादव**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** महाशिवरात्रि पर एक और जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए लंबी लाइन में इंतजार कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी और बड़ी संख्या में लोग भगवान शिव के बारात में भी शामिल हो रहे हैं बुधवार को भगवान शिव की परंपरागत बारात प्राचीन बड़ा शिवालय मल्हार टोली, बरही ब्लॉक मैदान स्थित मनोकेश्वर शिवालय और सूर्य मंदिर स्थित शिवालय से महाशिवरात्रि पर भगवान भोले नाथ की बाराती निकली है। जिसमें भूत, पिचाश, नर, किन्नर, गंधर्व के साथ महादेव दूल्हा बनकर बरही की सड़कों पर निकले है। दूल्हे की तरह सजाकर उन्हें मां पार्वती से विवाह करने के लिए विदा किया गया। महादेव की बारात में उनके प्रिय गणों के साथ-साथ बरही के हजारों की संख्या में श्रद्धालु भी बाराती बने। दोपहर 3ः45 बजे निकाली गई बारात। शिव बारात में मुख्य रूप से बरही विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए।महादेव स्वरूप में महावीर निषाद समेत भूत बेताल में पप्पू निषाद, प्रदीप निषाद, रोशन ,सहित दर्जनों लोग शामिल हुए। शिव बारात में प्राचीन मंदिर मल्लाह टोली कमेटी अध्यक्ष सुरेंद्र निषाद, कोषा अध्यक्ष अजय गुप्ता, सचिव राजीव मालाकार, शिवा निषाद, अभिषेक निषाद, गणेश निषाद, राजेश निषाद, राजीव निषाद आदि की माहिती भूमिका रही वहीं सूर्य मंदिर कमेटी के श्याम सिंहा, पप्पू सिंहा, सहित कई महिला पुरुष आदि शामिल थे।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी ।** केरेडारी प्रखण्ड के पचड़ा शिवमन्दिर में महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर जन कल्याण रूरल डब्लेपमेंट सोसायटी के सौजन्य से भंडारा का आयोजन किया गया । अवसर पर एनटीपीसी चट्टीबारियातू कोल खनन परियोजना के महा प्रबंधक नवीन गुप्ता के आर्थिक सहयोग से किया गया।इस भंडारा का विधिवत अपर महाप्रबंधक नीलमाधव स्वाइन , बी नवीन कुमार, संतोष कुमार ने शिव दर्शन कर क्षेत्र में सुख शान्ति और समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात नीलमाधव स्वाइन ने मंदिर के पुजारी रूपलाल साव को प्रथम प्रसाद देकर शुभ आरंभ किया।ज्ञात हो कि पचड़ा शिव मंदिर का निर्माण 1935 में हुई थी लगातार शिवरात्रि पूजा धूम धाम मानते आ रहा हैं । सोसायटी के अध्यक्ष सह पचड़ा पंचायत के मुखिया महेश प्रसाद साव ने कहा कि सनातन धर्म में शिव भक्तों की कमी नहीं है इस भंडारा कार्यक्रम में समाज सेवी देवनारायण शर्मा, अजय कुमार, गोवर्धन साव, वार्ड सदस्य सुरेश कुमार साव, पूर्व उपमुखिया कृष्ण कांत कुमार, छोटेलाल कुमार फुलेश्वर रजक, बैजनाथ राणा, पिंटू कुमार, अशोक साव, रामकिशन साव, बालेश्वर साव, आशा देवी, खुशबू कुमारी, दसनी देवी, किरण देवी समेत अन्य सैंकड़ों लोगों ने भाग लिया ।

## सड़क दुर्घटना में बरही अनुमंडलीय अस्पताल के महिला स्वास्थ्य कर्मी की मौत



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र बुंडू में कार्यरत एएनएम संजू प्रकाश सिंह का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब वह घर से ड्यूटी के लिए आ रहे थे। इस अचानक हुई दुखद घटना से स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल कर्मियों में शोक की लहर है। अस्पताल के डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने गहरा दुःख व्यक्त किया और कहा कि संजू प्रकाश सिंह एक कर्मठ और समर्पित स्वास्थ्यकर्मी थी, जिनकी सेवाओं को हमेशा याद रखा जाएगा। अस्पताल कर्मियों ने आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और भगवान से उनके परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की।

## महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की भक्ति में लीन रहा केरेडारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखण्ड के बिभिन्न गाँवो के शिवमंदिरों में शिवरात्रि पूजा धूमधाम से किया गया।जिसमे मुख्य रूप से थाना परिषर शिव मंदिर केरेडारी, भदईखाप, चट्टी पेटो, कंडाबेर, बेलतु, पचड़ा, बुंडू, चट्टीबरियातु ,हेवई, जोरदाग, बेलतु, केरेडारी, गरीकला सहित सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमडती रही जो देर शाम तक रहा।श्रद्धालुओं ने पुरे भक्ति भाव के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस महापर्व के अवसर पर प्रखण्ड के सभी शिवालयों को विधुत से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।थाना परिषर स्थित शिव मंदिर में केरेडारी थाना प्रभारी विवेक कुमार ने भी पूजा अर्चना किया7 वही कई गांव के मंदिरों में भंडारा आयोजन किया गया।और प्रसाद वितरण भी किया गया7 पेटो पंचायत के बेला पेटो में स्थानीय पूजा समिति के द्वारा



आकर्षक झांकी के साथ भव्य शिव बरात निकाली गई ।जो बेला पेटो शिव मंदिर से निकालकर लोयसूक्कार व चट्टीपेटो ,भदई खाप होते हुए वापस शिव मंदिर पहुंचे 7 इस बरात में युवाओ ने भुत ,बैताल ,बन्दर ,भालू आदि मुखोटा पहनकर वेश भूषा में आकर्षक रूप सज्जा के साथ भक्ति गीतों पर श्रद्धालु भक्त नाचते गाते झूमते चल रहे थे।इस मौके पर बड़कागांव विस् विधायक रौशनलाल चौधरी ,पेटो मुखिया कौशलिया देवी, नरेश कुमार महतो, बालेश्वर कुमार, पेटो मुखिय प्रतिनिधि, गुरुदयाल साव,रामेश्वर साव, पूर्व मुखिया राजकिशोर यादव, के अलावे छोटन साव,रामेश्वर साव, राजेन्द्र प्रसाद साव, बिरेन्द्र प्रसाद साव, मनोहर साव, राजेश तिवारी, राजकिशोर साव, रघुबीर साव, मिथलेश कुमार साव, टिकेश्वर साव,प्रीतम साहू, हुसैनी साव,राजकिशोर साव समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

# रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में भीषण सड़क हादसा में एक की मौत, पांच लोग घायल हो गए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुट्टूपालू घाटी में भीषण सड़क हादसा हुआ है. इसमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई है तथा अलग-अलग वाहनों में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. यह हादसा उस समय हुआ जब एक अनियंत्रित ट्रेलर ने आगे चल रहे पांच वाहनों को टक्कर मार दी. सभी वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस व बचाव दल मौके पर पहुंचा और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा. साथ ही क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क के किनारे से हटाया गया।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि घाटी क्षेत्र में एक अनियंत्रित ट्रेलर ने दो ट्रक, चार पहिया व दो पहिया वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे सभी वाहन चकनाचूर हो गए और वाहनों में सवार लोग घायल हो गए. वहीं ट्रक का चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में बुरी तरह फंसे चालक को बाहर निकाला गया. उससे पहले अन्य वाहनों में सवार घायलों को रामगढ़ पुलिस ने इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भेजा. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के कारण एकतरफा सड़क पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया. किसी तरह दूसरे लेन से वाहनों की आवाजाही शुरू की गई और क्रेन व हाइड्रा के जरिए सभी वाहनों को हटाने का प्रयास शुरू किया गया. इस पूरे हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें रांची रेफर किया गया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि घाटी इलाके में दुर्घटना की सूचना मिली थी, जिसके बाद रामगढ़ थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर जॉनी कुमार को तत्काल हाईवे पेट्रोलिंग वाहन से पुलिस बल के साथ वहां भेजा गया. घटनास्थल पर कई लोग घायल हैं और ट्रेलर चालक केबिन में बुरी तरह फंसा हुआ था. सबसे पहले घायल फोरव्हीलर, ट्रक और बाइक सवार को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. वहीं करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक में फंसे ट्रक चालक को बेहद गंभीर हालत में बाहर निकालकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।





## अल्पसंख्यक वरिय उपाध्यक्ष बन्नी गांधी की दादी का निधन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के वारिये उपाध्यक्ष श्री बन्नी गांधी जी की दादी सरदारनी धर्म कौर गांधी जी का निधन हो गया है। ईश्वर इस दुख की घड़ी में परिवार वालों को हिम्मत दे। आज 03-00 बजे घर से अंतिम यात्रा निकल दामोदर घाट रामगढ़ जाएगी एवं क्रियाक्रम किया जाएगा। वारिये उपाध्यक्ष बन्नी गाँधी की दादी के निधन होने पर रामगढ़ ज़िला अध्यक्ष श्रीमती ज़ोया परवीन ने शोक व्यक्त की साथ ही रामगढ़ अल्पसंख्यक कमिटी के तमाम पदाधिकारियों ने भी शोक व्यक्त किया।

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुक्ति धाम संस्था, गांधी घाट, दामोदर नदी के किनारे स्थित महाकाल शिवयोगी की पूजा की गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को मुक्ति धाम संस्था, गांधी घाट, दामोदर नद के किनारे स्थित महाकाल शिवयोगी की पूजा की गई। साथ साथ नव स्थापित नंदीश्वर भगवान की भी आराधना की गई। धूप ,दीप, दूध जलाभिषेक एवं आरती प्रार्थना कर महाकाल का वंदन किया गया। भगवान शिव की आराधना से ध्यान की प्राप्ति होती है जो संसार में वैराग्य के भाव को प्रकट करती है। यह भाव मनुष्य को शांति एवं प्रेम प्रदान करता है। इस अवसर पर कमल बगड़िया ने सपतनीक पूजा कर पूरे रामगढ़ वासियों के लिए सुख शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर दिनभर महिला ,पुरुष ,बच्चे एवं बच्चियां शिव के दर्शन के लिए आते रहे और अपनी सेल्फी खिंचवाकर आनंदित होते रहे। शमशान भूमि पर स्थित होने के कारण भगवान महाकाल शिवयोगी का विशेष महत्व है।

## हॉस्पिटल कॉलोनी से निकला भगवान शिव की बारात

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि के अवसर पर भुरकुंडा के हॉस्पिटल कॉलोनी शिव मंदिर .से भाव भोले बाबा के बारात निकालाया इस बारात में बाराती के तौर पर कई लोग तरह-तरह के वेशभूषा में भूत पिचास बनकर बाराती बन कर शामिल हुए। यह बारात शिव मंदिर से होते हुए छठ मंदिर होते होए सोंडा डी से वापस भुरकुंडा बिरसा चौक से वापस क्षेत्र का भ्रमण किया गया जगह बरतियायों का स्वागत किया गया बारात वापस मंदिर प्रांगण पहुंचेगी और रात्रि में । शिव मंदिर प्रांगण मे शिव - पार्वती का शुभ विवाह.संपन्न किया जायगा । इस दौरान श्रद्धालु शिव भक्त नाचते झुमते नजर आयें। बारात मे हर हर महादेव, जय भोलेनाथ सहित अन्य देवी-देवताओं के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा।शिव बारात में सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त शामिल हुए। सफल बनाने में मुखिया अजय पासवान,विजय कुमार, संजय मिश्रा, टुनटुन पाण्डेय, अभिषेक सोनी, सुधीर दुबे, अमृत सागार, राजन सिन्हा, मनोज सिन्हा काला बाबुअतिथियो में पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम,अनामिका श्रीवास्तव, देव कुमार,विजयंत कुमार, योगेश दांगी, सत्येन्द्र यादव, बैजनाथ कुमार, अशोक सोनी, अमरेश सिंह अंजु ठाकुर, किशोर कुमार, हरिशंकर चौधरी, आजाद भुईयाँ उपस्थित थे।

## कोतरे बसंतपुर- पचमो कोल परियोजना का मामला विधानसभा में जयराम महतो ने आवाज उठायी

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने झारखंड के जवलंत मुदों में से रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड के कोतरे बसंतपुर- पचमो कोल परियोजना का मामला को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई ! और सरकार को संज्ञान मे दिया! तथा जयराम कुमार महतो ने सरकार को अवगत कराया की मांडू के प्रभावित गांव बसंतपुर, पचडा ,कोतरे ,बालमहुआ ,इचाकडीह ,बरगइया, रहावन ,पचमो, हुरदाग, लइयो, दनिया ! यहां एक कंपनी है कंपनी का नाम पावर मेक लिमिटेड और उनके सहयोगी अमर लिमिटेड के माध्यम से खनन कार्य होना सुनिश्चित हुआ है! तथा विगत दो-तीन दिनों से 500 की संख्या में महिलाएं धरने पर बैठी है ! इसलिए इस मामला को विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष संज्ञान में दिए। तथा अन्य जगहों के शोषित, पीड़ितों की आवाज बुलंदी से रखे । जयराम महतो ने विधान सभा मे कहा कि अगर सरकार संवेदनशील है । चुकी लॉ एंड ऑर्डर की बात करती है, सामाजिक न्याय की बात करती है, विधि कानून की बात करती है ! आपका एक डीएसपी घायल हुआ, अपने लॉ एंड आर्डर को हाथ में लिया, डीआईजी, आईजी ने मार्च किया, डीएसपी संज्ञान में लिया, डीसी धरने पर गई ! लेकिन जब ग्रामीणों को पीटा जाता है, ग्रामीणों का जमीन जबरन अधिग्रहण लिया जाता है, उस समय कानून अपनी प्रतिक्रिया क्यों नहीं देती है! भारतीय संविधान आर्टिकल 14 कानून के समक्ष सबों की बराबरी की बात करता है ! जिसके पास भूमि नहीं है उसे सरकार भूमि आवंटित करेगी! लेकिन जिसके पास भूमि है सदियों से, हजारों वर्षो से, जो जोत, कोड करते हैं! लगता है ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन बरकरार है! आज इसी प्रशासन के दौर पर ग्रामीणों का जबरन जमीन अधिग्रहण कर लिया जाता है !इससे पूर्व 5 दिसंबर 24 को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री आदरणीय रवि कुमार महतो ने बयान जारी कर कहा था कि झुमरा पहाड़ के अस्तित्व को बचाने की जरूरत है! बसंतपुर कोतरे परियोजना सीसीएल की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस परियोजना के लिए 1162 हेक्टेयर जमीन, यानी 2872 एकड़ जमीन जंगल को उजाड़ कर 50 लाख मिट्रिक टन प्रति वर्ष कोयला का उत्पादन करना लक्ष्य है।

## चितरपुर सोनार मोहल्ला में घटित घटना को लेकर आजसू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया

**रामगढ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के चितरपुर सोनार मोहल्ला में घटित घटना तथा लव जिहाद और लड़की का अपहरण करना संबंधित मामले को लेकर है जिसमें खास तौर पर इस प्रकार की घटना लगातार जो हमारे समाज और क्षेत्र में हो रही है इस पर फोकस करना है ,जब से ये सरकार आई है इस प्रकार की घटना आम हो गई है सरकार के द्वारा एक समाज की लगातार अनदेखी तथा एक समाज की तुर्ष्टीकरण वोट बैंक की राजनीति के लिए लगातार देखने को मिल रही है इस प्रकार के मामले में सरकार के साथ-साथ सरकार के दबाव में प्रशासनिक तंत्र भी कहीं ना कहीं पीड़ित परिवार के विरोध में और डराने धमकाने का काम कर रहा है सरकार में शामिल पार्टी और पार्टी के नेताओं के अंतर्गत बयान बाजी भी कल सोशल मीडिया में देखने को मिली है।रामगढ़ की विधायक कुंभकरनी नींद में सोई पड़ी है पीड़ित परिवार से मिलने तक का समय नहीं है विधायक की तुष्टिकरण की नीति साफ झलकती है। उनके एक नेता का क्या नाम है हां शहजाद जी हैं उन्हें भरम फैलाना ,नफरत फैलाना, जिनका हमेशा उद्देश्य रहा है जनता के बीच चुनावी मैदान में एक बार नहीं दो बार आए उनके नफरती बयान अलगाव वाद की राजनीति के कारण दोनों बार बड़े अंतर से चुनाव हारे कल कुछ-कुछ बयान दे रहे थे तथा चंद्र प्रकाश चौधरी पर उंगली भी उठा रहे थे लेकिन यह भूल गए थे की तीन उंगलियां उनकी स्वयं की और भी इशारा कर रही है। दीपक महतो प्रकरण पर शहजाद अनवर जी का बयान थोड़ा समझ से परे हैं चंद्रप्रकाश चौधरी ने कभी भी दीपक महतो या उस केस से जुड़े लोगों का समर्थन नहीं किया ।

**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि–पत्र**

आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टीशिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है।
**क्रम सं. 01, निविदा सं. :** 39235276D, **शुद्धिपत्र प्रकाशित करने की तिथि :** 19/02/2025, मौजूदा कंडीशन : निल, **संशोधित कंडीशन :** मौजूदाके अलावा "प्राइस वेरिएसन क्लाउज" प्राइस वेरिएसन क्लाउज पी. भी. सी. पी=पीओ + (सीयू–सीयूओ) वेयर पी = प्राइस पेबल एज एडजेसटेड इन एकॉर्डेन्स विद एबोव एप्रोप्रीएट फार्मूला इन रूपीस/केजी.पी रेट कोटेड/ एक्सेप्टेड इन रूपीस/केजी। सीयू–सीयूओ =आईईईएमए प्राइस ऑफ कोपर वायर रॉड इन रूपीस/केजी 30 डेज प्राइअर टु डेट ऑफ ओपनिंग ऑफ टेन्डर सीयू=आईईईएमए प्राइस ऑफ कोपर वायर रॉड इन रूपीस/केजी 30 डेज प्राइअर टु द डेट ऑफ इन्स्पेक्शन काल फॉर रिच लॉट., **निविदा बंद होने की तिथि :** दिनांक: 06/03/2025, 14:00 Hrs., प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन एवं समय से पहले आईआरईपीएस www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर–निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।
व. मंडल सामग्री प्रबंधक, पू.म.रेल, धनबाद
पीआर/02176/डीएचएन/म./सी/24–25/36

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं०–एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/02/25**

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती है।
**कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन क्योसन मेक ई.आई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 03 स्टेशन्स ईन कनेक्शन विथ करेक्शन ईन यार्ड लेआउट वर्क ऑफ (i) यार्ड रिमॉडलिंग फॉर ईनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ सेकंड अप लूप एंड प्रोविजन ऑफ शंटिंग नेक टू अवॉइड शंटिंग ईन मेन लाईन एट मानपुर (ii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन अप लूप लाईन एट परैया स्टेशन। (iii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन डाउन लूप लाईन एट गुरारू स्टेशन। **कार्य का अनुमानित मुल्य :** ₹ 3,44,27,401.79/–, **(तीन करोड़ चौवालीस लाख सताईस हजार चार सौ एक रूपये एवं उन्नासी पैसे मात्र), धरोहर राशि :** ₹ 3,22,100.00 (तीन लाख बाईस हजार एक सौ रूपये मात्र) **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 17.03.2025 को 12:30 तक। **वेब साईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in
**मं०सं० एवं दू०सं०अभि०, पं०दी०द०उपा०**
**पीआर/2177/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/24–25/32**

## धीरज बंसल बने मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा के नए अध्यक्ष, सचिव श्रिंजय मेवाड़ मनोनीत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा की बैठक में नये सत्र के लिए पदाधिकारियों का हुआ चयन। मारवाड़ी युवा मंच की बैठक आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को की गयी. बैठक में नये सत्र 2025-26 के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न करायी गयी. नये सत्र के लिए सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी निलिंद अग्रवाल के उपस्थिति में किया गया। जिसमें अध्यक्ष धीरज बंसल, सचिव श्रिंजय मेवाड़ को चयनित किया गया। दोनों पदाधिकारियों को मंच की तरफ से अग्रिम शुभकामनाओं के साथ ही आशा की कि आने वाले नये सत्र में सभी पदाधिकारियों द्वारा समाज के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. बैठक में चुनाव प्रक्रिया खत्म होने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों को वर्तमान अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष लोकेश बगड़िया एवं अमित अग्रवाल के साथ सभी सदस्यों ने मिलकर पुष्प गुच्छ देकर सभी का अभिनंदन किया, सभी को आगे नये सत्र में समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करते रहने के लिए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाए दी. बैठक में मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा में एक नये सदस्यों को भी सदस्यता दिलाने के विषय में चर्चा की गई।




## सयाल व उरीमारी में महाशिवरात्रि पर मंदिर व शिवालयों में उमड़ी लोगों कि भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सयाल व उरीमारी सहित पूरे कोयलांचल में बुधवार को महाशिवरात्रि पुजा धुमधाम से मनाया गया। उरीमारी गौरी शंकर मंदिर व पहाड़ी शिव मंदिर, उरीमारी ओपी स्थित भोलेनाथ मंदिर,सयाल स्टाफ कालोनी स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर आदि दर्जनों शिवालयों में भक्तों कि भारी भीड़ उमड़ी। यहां शिवरात्रि पर लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद कि कामना कि। वहीं सयाल स्टाफ स्थित प्राचीन शिव मंदिर व सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में प्रातः पांच बजे सुबह भगवान भोलेनाथ को पुरे 21 किलो दुध से रूद्राभिषेक व जलाभिषेक किया गया। वहीं मंदिर के पुजारी ब्रजेश पाठक ने सभी लोगों को विधिवत पूजा अर्चना कराये। वही पुजा के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरन किया गया। वहीं दूसरी ओर शाम के समय सयाल स्थित शिवालय से शिव बारात निकाली गई। वहीं इस शिव बारात में एक स्कूल के स्कूली बच्चों ने भगवान भोलेनाथ मां पार्वती, हनुमान,भुत पिचाश का भेष धारण किया। वहीं यह शिव बारात सयाल कि विभिन्न कालोनियों में भ्रमण कराया गया। बता दें कि सयाल प्राचीन शिव मंदिर शिवरात्रि पर संध्या सात बजे से धनबाद से आए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वहीं रूद्राभिषेक करने वालों में मंदिर कमेटी कि अध्यक्ष पम्मी कुमार, अर्जुन सिंह,एन के सिंह, संदीप कुमार, मंटू राय, सुरेश मेहता,उषा देवी,उदय मेहता, गीता सिन्हा, रामकृपाल मालाकार, सुलेखा बनर्जी, प्रदीप राय, संजय शर्मा,अनुराधा, सुनीता, सुरेन्द्र,आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।



## सांसद चंद्रप्रकाश ने सपरिवार देवाधिदेव महादेव की रुद्राभिषेक कर पूजा-अर्चना किये



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** महाशिवरात्रि पूजा के पावन अवसर पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व रामगढ़ पूर्व विधायक सुनीता चौधरी ने सपरिवार द्वारा पैतृक आवास मे वैदिक मंत्रोचारण के साथ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना व आराधना किया इस मौके पर पुरे क्षेत्र मे सुख समृद्धि शांति की आदि देव महादेव के कामना किये,देवाधिदेव महादेव की आराधना को समर्पित महाशिवरात्रि के पावन उपलक्ष्य पर अपने आवास पर गिरिडीह के सांसद ने पुरे देश व रामगढ़ वासियों को सुखमय जीवन की कामना किया, उन्होंने बताया की भोलेनाथ की आस्था के साथ सच्ची श्रद्धा विश्वास से आराधना करने वाले शिवभक्त श्रद्धालुओं की मनोकामना अवश्य भोले भंडारी पूर्ण करते है, पूजा नीलकंठ का रुद्राभिषेक कर लोकमंगल हेतु प्रार्थना किए,त्रिभुवनपति भगवान भोलेनाथ की कृपा से समस्त क्षेत्र व प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली का वास हो, यही मेरी मनोकामना है।

## सीसीएल रेलीगढ़ा, गिद्दी सी परियोजना कार्यालय में व्यापक भ्रष्टाचार और घूसखोरी की शिकायत पर सीबीआई की छापामारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** गिद्दी सी एवं रेलीगढा परियोजना कार्यालय में सीबीआई की टीम ने अचानक छापामारी शुरू की। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि लोकल सेल, कोयला डिस्पैच, कांटा घर में कोयला उठाव में व्यापक भ्रष्टाचार,घूसखोरी के बारे में हम लोगों को पता चल रहा था। जिस पर उक्त कार्रवाई की गई। सीबीआई का दल एक साथ रेलीगढ़ा परियोजना कार्यालय से दोपहर में दो सफेद इनोवा गाड़ियों में सवार होकर बाहर निकली।बताया जाता है की टीम में सीबीआई और विजिलेंस दल के करीब 15 सदस्य मौजूद थे। टीम द्वारा सीसीएल के माइनिंग, पर्सनल, रोड सेल, क्लर्क से भी पूछताछ की गई। परियोजना के कार्यालय, कांटाघर में जांच पड़ताल जुट गई है। रेलीगढ़ा, गिद्दी सी में रोड सेल के माध्यम से कोयला उठाव ग्रेडिंग, आवंटन, वजन और विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल में जुटी है। संभावना जताया जा रहा है कि इस कोयले के खेल में कई सफेदपोश, सीसीएल अधिकारी, कर्मचारी की मिलीभगत होने की संभावना जताई जा रही है। छापामारी दल में तीन राज्य के सीबीआई जॉइंट डायरेक्टर राजीव रंजन, सीबीआई अधिकारी एमएस खान, विजिलेंस डीएसपी कुलदीप कुमार, सीबीआई इंस्पेक्टर चंदन सिंह, संतोष कुमार सहित दर्जनों सीबीआई एवं विजिलेंस के महिला, पुरुष अधिकारी शामिल थे।

## महाशिवरात्रि की पूजा मे भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक व दुग्धभिषेक किया

*शिव मंदिरो मे उमड़ी शिवभक्तो की भीड़,आस्था और भक्ति मे डूबे श्रद्धालू*



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** रजरप्पा क्षेत्र मे महाशिवरात्रि पूजा को लेकर काफ़ी चहल पहल और भक्तिमय रहा शिवरात्रि पूजा को लेकर सुबह से शाम तक़ श्रद्धालू भोलेनाथ की भक्ति और आस्था डूबे,रजरप्पा चितरपुर क्षेत्र के शिव मंदिरो मे पूजा अर्चना विधि विधान से की गई,महाशिवरात्रि त्यौहार होने के कारण शिव मंदिरो मे पूजा अर्चना हेतू भक्तो की बहुत अधिक भीड़ उमड़ी,भोलेनाथ के भक्तों ने शंकर पार्वती की विधि विधान से जलाभिषेक कर पूजा किया फूल वेलपत्र नारियल गांजा भाँग धथुरा धुप अगरवती दर्ज़नों किस्म के पूजन सामग्री शिवलिंग पर अर्पित किया भक्तो ने भोलेनाथ शंकर से अपनी मनोकामना किया, महाशिवरात्रि मे आस्था और भक्ति के पूजा अर्चना की गई, रजरप्पा आवासीय कॉलोनी शिव मंदिर मे पूजा को लेकर सुबह से शाम तक़ भक्तों की भीड़ लगी रही,रजरप्पा मंदिर प्रांगण मे विराजमान विशाल 21 फिट की शिवलिंग पर जलाभिषेक व दुग्धभिषेक किया गया, चितरपुर शिवालय मंदिर मे पूजा के महिला पुरुष भक्तों को लम्बी लाइन लगी रही, कुंदरू कला शिव मंदिर मे पूजा अर्चना मे सैकड़ो शिवभक्त शामिल हुए, छोटकी पोना, चितरपुर मंदिर शिवालय मंदिर को आकर्षक फूलो से सजाया गया जगह जगह डीजे साउंड के द्वारा भोले शंकर के भाव से भरा गीत बजाए गये, मंदिरो को बिजली की रोशनी से सजाया मंदिरो को जगमग किया गया,जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग मे शराबोर हुआ, मरगमर्चा,लारी,छतर मांडू,कोठार लोधमा,बारलोंग दुलमी क्षेत्र के कुलही, सोसो, कोरचे, उसरा, प्रियातु सिकनी, होन्हे, मदगी, दुलमी ढूठवा सिरु, पोटमदगा आदि दर्ज़नों शिव मंदिरो मे धूमधाम से भक्तों ने पूजा अर्चना किया।

## भक्त जनों ने महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को होती है महाशिवरात्रि की पूजा कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को निराकार से आकर रूप में शिवलिंग में प्रकट हुए थे शिव कठोर तपस्या के कारण माता पार्वती से महाशिवरात्रि के दिन की थी माता पार्वती शादी भक्त जनों की इच्छा महाशिवरात्रि के दिन पूर्ण होती है निराकार से आकर रूप में महाशिवरात्रि के दिन ही शिव प्रकट हुए थे। देवों के देव महादेव कालों के काल महाकाल के शिवरात्रि के अवसर पर जिला के विभिन्न मंदिरों में शिव भक्त की काफी भीड़ नजर आई। रामगढ़ शहर के कैथा पुराना शिव मंदिर, नेहरू रोड के बुढ़वा महादेव मंदिर, प्रसिद्ध टूटी झरना के शिव मंदिर, आरा एवं सारुबेरा के पुराण शिव मंदिर एवं बैंक ऑफ़ इंडिया के पास स्थित शिव मंदिर, गोला ,रजरप्पा चितरपुर, बरकाकाना, पतरातु, भुरकुंडा, कुजू, वेस्ट बोकारो, सहित कोईलांचल क्षेत्र के सभी परियोजनाओं के शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर भक्त जनों ने पूजा अर्चना की। शिव पुराण में यह वर्णित है कि फाल्गुन मास के कृष्ण चतुर्दशी के दिन माता पार्वती के द्वारा भगवान शिव को अपना पति मानकर कठोर तपस्या की थी, जिसके कारण भगवान भोलेनाथ शिवलिंग में निराकार से आकर रूप में प्रकट हुए और इसी दिन उन्होंने माता पार्वती के साथ विवाह किया , जिसके कारण आज के दिन भगवान शिव एवं माता पार्वती के विवाह बंधन स्वरूप को मानते हुए भक्ता पूजा करते हैं और रात भर जागरण करते हैं। वैसे तो शिवरात्रि हर माह होती है, लेकिन महाशिवरात्रि साल में एक ही बार होता है। महाशिवरात्रि के दिन भक्तजन अपने भोलेनाथ एवं माता पार्वती से आशीर्वाद लेने के लिए, अपने जीवन में सुख समृद्धि कायम रहे, इसको लेकर पूजा अर्चना करते हैं और भगवान शिव एवं माता पार्वती भी भक्त जनों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं । शिवलिंग पर फूल बेलपत्र, भांग, धतूरा, गांजा दूध, दही ,मधु सहित जल अर्पित करते हैं और भक्तजन शिवलिंग पर ओम नमः शिवाय लिखते हैं।पुराण के मुताबिक, शिवलिंग भगवान शिव का प्रतीक है. यह निराकार ब्रह्म का प्रतीक भी माना जाता है. शिवलिंग को लिंगा, पार्थिव-लिंग, लिंगम् या शिवा लिंगम् भी कहा जाता है.शिवलिंग से जुड़ी कुछ और बातें- शिवलिंग को अनंत माना जाता है ।



## भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी सांसद के धरना की पूरी जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** भाजपा रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता एवं रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रामगढ़ में आयोजित की गई और कल से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की उपस्थिति में गोला डाक बंगला परिसर में होने वाले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की जानकारी साझा की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा रामगढ़ जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल और जिला मंत्री अनमोल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।प्रेस कांफ्रेंस में कहा गया कि कल से गोला डाक बंगला परिसर में माननीय सांसद मनीष जायसवाल स्वयं अनिश्चित कालीन धरना में बैठेंगे ,छोटे छोटे बच्चों के साथ, महिलाओं के साथ मारपीट की गई और सरस्वती पूजा का जुलुश रोकने का प्रयास किया गया । जिसका वीडियो भी वाइरल हुआ था जिसमे स्पष्ट था कि दूसरे समुदाय के द्वारा इस कृत्य को किया गया था। लेकिन अभी तक किसी भी दोषी के ऊपर करवाई नही करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है । आज एक सबसे उच्च जनप्रतिनिधि को विवश होकर स्वयं धरना में बैठना पड़ रहा है जो कि सरकार के लिए शर्म का विषय है । आज पूरे राज्य में असामाजिक तत्वों और एक विशेष समुदाय के द्वारा आतंक फैलाया जा रहा है और सरकार वैसे लोगो को संरक्षण भी दे रही है ।



**अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे सांसद, तैयारी पूरी**

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गोला प्रखंड के सोसो कलां गांव में, बीते सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा जुलूस में किए गए पत्थरबाजी को लेकर पुलिस प्रशासन को पंद्रह दिनों का समय दिया था कि इस घटना में संलिप्त आरोपीयों जल्द से जल्द गिरफ्तार करे। किंतु पुलिस प्रशासन के द्वारा अबतक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है सभी आरोपी निर्भीक होकर घूम रहे हैं।

**क्या है मामला**

गोला प्रखंड के सोसो कलां गांव में बीते दिनों सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदाय के बीच जुलूस को लेकर विवाद हो गया था।स्थानीय ग्रामीण मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस लेकर निकले हुए थे जिसमें ज्यादातर संख्या में महिलाएं एवं छोटी बच्चियां उपस्थित थी, जुलूस मां सरस्वती की प्रतिमा को रिक्शे पर लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ रही थी कि अचानक एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा विरोध जताते हुए कि जुलूस इस रास्ते से नहीं जाएगा कहकर विसर्जन जुलूस को रोकने का प्रयास किया जाने लगा, जिसके बाद विवाद बढ़ा और समुदाय विशेष के लोगों द्वारा जुलूस में शामिल महिलाओं और लड़कियों पर हिंसक हमला कर दिया गया और जुलूस में शामिल लोगों पर पत्थर भी फेंके गए। इस हमले में कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## धनबाद वासियों के लिए मंगल कामना की



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को बाबा नगरी देवघर में धनबाद के समाजसेवी सप्पू महतो ने पूजा अर्चना कर धनबाद वासियों के लिए मंगल कामना किया। इस दौरान मंदिर के समक्ष जरूरतमंद लोगों को दान पूण्य किया गया। सप्पू महतो ने बताया कि सनातन धर्म से जुड़े लोगों को इस प्रकार के धार्मिक आयोजन पूजा पाठ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। मौके पर विकेश भगत, ऋषभ पांडेय, रवि सोनी, रिंकू सोनी आदि मौजूद थे।

## हाजी अब्दुल लतीफ रिज़वी के निधन पर शोक की लहर

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुखिया



हाजी अब्दुल लतीफ रिज़वी का बुधवार को निधन हो गया। केंदुआ के गांधी कहे जाने वाले की निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। भारी संख्या में उनके चाहने उनकी अंतिम दर्शन के लिए उनके केंदुआ स्थित आवास में जुट गई। वे अपने पीछे एक बेटा और दो बेटी समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बताते हैं कि वे करीब दस साल तक मुखिया रहे। इस दौरान वे कई उल्लेखनीय कार्यों को भी अंजाम दिया। बताते हैं कि गुरुवार को बाद नमाज जोहर केंदुआ चार नंबर कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज अदा की जाएगी और वहीं सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। उनके निधन पर पूर्व मंत्री मन्नान मलिक, पूर्व मुखिया खुर्शीद खान, संजय जायसवाल, फूल ज़ाद खान समेत सैकड़ों ने दुख प्रकट किया है।

## कोल इंडिया के चेयरमैन से मिले खीरू महतो



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोलकाता में कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम प्रसाद से धनबाद बी.सी.सी.एल के आउटसोर्सिंग की समस्या तथा असंगठित मजदूर की समस्या को लेकर जदयू के राज्यसभा सांसद सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम प्रसाद से मिले। धनबाद जिला जदयू के जिलाध्यक्ष पिंटु कुमार सिंह उनके साथ थे।

## जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष पर मारपीट का लगा आरोप

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला परिषद धनबाद के पूर्व अध्यक्ष रोबिन गोराई विवादों में आ गए हैं। कलियासोल के रहने वाले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सकीर खान का आरोप है कि मजदूरी का पैसा मांगने गए लोगों के साथ गोराई ने मारपीट की है। साथ ही घायलों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। गांधी सेवा सदन में पत्रकार वार्ता में सकीर ने कहा कि पुलिस रोबिन गोराई के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर गिरफ्तार करे। उन्होंने बताया घायलों की स्थिति चिंताजनक है। सकीर खान का कहना है कि जिन दो मजदूरों की पिटाई की गई दरअसल वे रोबिन गोराई से अपना बकाया पैसा मांगने गए थे। जिन्हे रोबिन गोराई व उसके समर्थकों ने मजदूरों के साथ मारपीट की। सकीर खान का कहना है कि उन्हें इंसाफ नहीं मिला तो निरसा का चक्का जाम किया जायेगा।

### हर हर महादेव के जयकारा से गूंजमान हुआ भूली

**धनबाद :** महाशिवरात्रि का पर्व आज श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। हर हर महादेव के जयकारा से धनबाद के भुली गूंजमान है। भगवान शिव के जलाभिषेक को ले शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह होते ही शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगी। भूली नगर के प्रमुख शिव मंदिरों को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया है। भूली के ए ब्लॉक स्थित बाबा कामेश्वर नाथ शिव मंदिर,बी ब्लॉक शिव मंदिर,सी ब्लॉक शिव मंदिर और आजाद नगर शिव मंदिर सहित भूली के विभिन्न शिवालयों को भी विशेष रूप से सजाया गया है। भूली के ए ब्लॉक स्थित बाबा कामेश्वर नाथ शिव मंदिर और सी ब्लॉक के शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

खुली ई–निविदा सूचना सं.– टीआरडी–ओ.टी.–14–वाईडीआर–पीटी–3–24–25

नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं : **क्र.सं. : 1, कार्य का नाम और स्थान :** डीडीयू डिविजन में एमटीजीई, केटीक्यू, जीएक्यू एवं एसवाईजे स्टेशनों पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य ।, **क्र.सं. : 2, अनुमानित रकम : ₹** 2,83,90,004.41, **क्र.सं. : 3, बयाना राशि : ₹** 292000.00, **क्र.सं. : 4, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय :** दिनांक 18.03.2025 को 15:00 बजे तक ।, **क्र.सं. : 5, वेबसाईट का विवरण जहाँ ई–निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है : www.ireps.gov.in**

**वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क.वि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

पीआर/02182/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/24–25/28

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं. एस.जी./डी.एस.ई./ओ.टी./03/25** वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदारों से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यों के लिए आमन्त्रित करती है ।

**1. कार्य का नाम एवं स्थान :** अल्टरेशन ईन सिमेन्स मेक ई.आई (इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग) सिस्टम एट 02 स्टेशन्स ईन कनेक्शन विथ करेक्शन ईन यार्ड लेआउट वर्क एट (i) यार्ड रिमॉडलिंग एट सैयदराजा फॉर इनक्रिजिंग द सीएसएल ऑफ अप लूप लाईन एंड प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन डाउन लूप लाईन एंड (ii) प्रोविजन ऑफ ओभर रन लाईन ईन अप लूप लाईन एट गंज ख्वाजा स्टेशन । **2. कार्य का अनुमानित मूल्य :** रू. 2,56,99,717.75/– (दो करोड़ छप्पन लाख निन्यान्वे हजार सात सौ सतरह रूपये एवं पचहत्तर पैसे मात्र) । **3. धरोहर राशि :** रू. 2,78,500.00/– (दो लाख अठहत्तर हजार पाँच सौ रूपये मात्र)। **4. ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 17.03.2025 को 12.30 बजे तक । **5. वेबसाईट का पता जहाँ से ई– निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है :www.ireps.gov.in**

**मं.सं. एवं दू.सं.अभि., पूर्व मध्य रेल, डीडीयू**

पीआर/02178/डीडीयू/एस एण्ड टी/टी/24–25/32

**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई निविदा आमंत्रित की जाती है । **क्र.सं. 1, ई. निविदा सं॰ :** इ.सी.आर.–सी.ए.ओ.–सी / एस / इ.टी.इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–03, **कार्य का नाम :** दनीया–रांची रोड दोहरीकरण के अन्तर्गत दनीया–जोगेशवर बिहार स्टेशन के बीच हाथी और जंगली जानवर ओवर पास के लिए कि०मी० 72.150 में पर आर० ओ० बी. (1X 36.00 मीटर कंपोजिट गर्डर) का. निर्माण कार्य।, **अंकलित मूल्य (रु) :** 19,66,36,675.95, **बोली प्रतिभूति (रू.) :** 11,33,200.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 (बारह) महीने। **क्र.सं.2, ई. निविदा सं॰ :** इ.सी. आर.–सी.ए.ओ.–सी / एस / इ.टी.इ.एन.–एच.जेड.एम.इ.–04, **कार्य का नाम :** उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण / 1 और उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण / 1 पूर्व मध्य रेल हजारीबाग के अन्तर्गत विभिन्न रेल लाइन परियोजना के निर्माण के क्रम में हजारीबाग निर्माण परिसर में कार्यालय, अधिकारी विश्राम गृह, 02 युनिट टाइप–5 क्वार्टर, 02 युनिट टाइप–3 क्वार्टर तथा टोरी में अधिकारी विश्राम गृह तथा निरीक्षक विश्राम गृह का रखरखाव तथा अन्य सहायक कार्य।, **आंकलित मूल्य (रु) :** 96,68,766.20, **बोली प्रतिभूति (रू.) :** 1,93,400.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 (अठारह) महीने।

उप मुख्य अभियंता / निर्माण / 1 पूर्व मध्य रेलवे, हजारीबाग

पीआर / 02188 / कॉन / इंजी. / टी / 24–25 / 44


# उपायुक्त ने किया मॉडर्न पेंटाथलॉन के विजेताओं को सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में धनबाद के होनहार खिलाड़ी अनु कुमार, तनु कुमारी और प्रेम कुमार महतो को मॉडर्न पेंटाथलॉन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाने के लिए? सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन खिलाड़ियों की सभी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन और सुविधाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि वे राष्ट्रीय और



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें।इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, खिलाड़ियों के प्रशिक्षक जयराम भगत, तरुण मुखिया, शिवा कुमार महतो के साथ खिलाड़ियों के माता-पिता, डीएससी रिंकू गुप्ता और कोच नमिता टुडू भी उपस्थित थीं। इससे पहले जिला खेल पदाधिकारी ने अपने कार्यालय में खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। वहीं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात की। उनकी उपलब्धियों की सराहना की और आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

## विशेष शिक्षा में प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बस्ताकोला, गौशाला मोड़, धनसार, अवस्थित जीवन विशेष शिक्षक -प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दो वार्षिक कोर्स (विशेष शिक्षा में डिप्लोमा) में अध्यनरत विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण समेकित क्षेत्रीय केंद्र रांची का भ्रमण किया गया। उक्त भ्रमण में प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों ने शारीरिक चिकित्सा, वाक्य चिकित्सा, व्यवहार चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक आकलन तथा व्यवहार परिमार्जन एवं काउंसलिंग के बारे में विस्तार रूप से जानकारी समेकित क्षेत्रीय केंद्र रांची के विशेषज्ञों द्वारा दी गई। यही नहीं समेकित क्षेत्रीय केंद्र में उपलब्ध अत्य आधुनिक उपकरणों से भी चीर परचित कराया गया। इस अवसर पर जीवन संस्थान में प्रशिक्षणरत डिप्लोमा के दो वार्षिक विद्यार्थियों में प्रिया कुमारी बनर्जी, स्नेहा कुमारी, सौरभ कुमार, ज्योति कुमारी, पूजा कुमारी, ममता कुमारी, हिमांगी ऐश्वर्या, प्रिंस कुमार, अमृता कुमारी, दीपा कुमारी व अन्य लोग उपस्थित थे। उक्त शैक्षणिक भ्रमण पाठ्यक्रम समन्वयक गणेश गौरव के दिशा निर्देश में आयोजन किया गया था।

## श्रीरामपुर के मुखिया पर झामुमो नेता ने लगाए गंभीर आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लाभुक समिति अध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता विवेक दूबे ने श्रीरामपुर पंचायत के मुखिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। विवेक दूबे का कहना है कि तोपचांची प्रखंड अंतर्गत श्रीरामपुर पंचायत के दीगनगर गांव में दुबे बांध में घाट निर्माण, नया बांध में घाट निर्माण, पूरन महतो के घर के सामने जलमीनार का निर्माण, हरिहरपुर धीरन पांडे के घर के सामने जलमीनार निर्माण व मानपुर प्राथमिक विद्यालय में जलमीनार आदि कार्य पंचायत की सरकार के द्वारा कराया गया है। योजना पूर्ण होने के बाद भी लाभुक समिति को राशि का भुगतान नहीं किया। विवेक कुमार दुबे ने बताया कि इसकी शिकायत जिला के उपायुक्त व प्रखंड विकास पदाधिकारी तोपचांची से भी की है। उन्होंने कहा की राशि का भुगतान समिति को नहीं करता है तो इसकी लिखित शिकायत थाना में भी की जाएगी।

# पारा शिक्षकों से किए गए वेतनमान को पूरा करें सरकार : जयराम महतो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** तोपचांची सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल धनबाद जिला महिला अध्यक्ष डिंपल चौबे, आरती कुमारी, सद्दाम के नेतृत्व में डुमरी विधायक जयराम महतो से मिला संघर्ष मोर्चा प्रतिनिधिमंडल में राज्य सदस्य निरंजन दे, राज्य सदस्य सुशील कुमार पांडे, जिला सदस्य कल्याण चक्रवर्ती प्रखंड सदस्य संतोष कुमार महतो ने डूमरी विधायक से शिष्टाचार मुलाकात की साथ ही सहायक अध्यापकों की समस्याओं से अवगत कराया। बताते चले की झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चुनाव पूर्व अपने संकल्प पत्र में घोषणा किया था कि जेएमएम की सरकार बनते ही राज्य के 62000 पारा शिक्षकों को वेतनमान देंगे



लेकिन अब तक इसमें किसी भी प्रकार की ठेस कार्यवाही नहीं की गई मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए डुमरी विधायक ने कहा सहायक अध्यापकों का वेतनमान की मांगे जायज है। निश्चित रूप से सदन में पारा शिक्षकों की वेतनमान कीमांग को उठाऊंगा पारा शिक्षक अपनी पूरी जवानी का आहुतिकरण राज्य के विकास में लगा चुके हैं। अब पारा शिक्षकों का कैसे विकास हो सरकार को निश्चित रूप से सोचनी चाहिए आज अल्प मानदेय में विगत 20 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। निश्चित रूप से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा राज्य के पास शिक्षकों के साथ खड़ा है।

# अनूप सिंह कांग्रेस संगठन के प्रभारी बनाए गए, कांग्रेसियों में हर्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** कुमार जय मंगल सिंह अनूप सिंह को धनबाद एवं कोडरमा जिले का प्रभारी बनाए जाने पर जोड़ापोखर स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यालय में प्रसन्नता से एक दूसरे को बधाइयां देकर हर्ष हर्ष जताया तथा कांग्रेस के संगठन नेतृत्व एवं झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सतपाल सिंह ब्रोका ने कहा निश्चित रूप से बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के प्रभारी बनने से कांग्रेस पार्टी का संगठन धनबाद और कोडरमा में सशक्त और मजबूत होगा। उनके कुशल नेतृत्व संगठनात्मक अनुभव का लाभ दोनों जिलों को मिलेगा। नई ऊर्जा प्रखंड से लेकर पंचायत स्तर मिलेगी तथा कांग्रेस सांगठनिक कामकाज बेहतर होकर ग्रास रूट तक सशक्त होकर उभरेगी और जनहित के कार्यों को सेवा भावना से समर्पित होकर करेगी। निश्चित



रूप से पूर्ण विश्वास है कि कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी धनबाद एवं कोडरमा जिले में नई ऊंचाइयों को छूएगी और संगठन को मजबूती एवीएन बल मिलेगा। बधाई देने वालों में धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव किशोर कुमार, आर एन चौबे, प्रदेश सचिव रामगोपाल भुवानिया, प्रदेश सचिव वैभव सिन्हा, धनबाद जिला उपाध्यक्ष नवनीत नीरज, झरिया प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष भगवान दास, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव बंभोली सिंह, पाथरडीह कोलवाशरी के यूनियन अध्यक्ष श्याम प्रसाद सिंह, एसके सही, संतोष महतो, संतोष चौधरी, मनोज सिंह, जितेश सिंह, जयप्रकाश चौहान, अनु पासवान, धनबाद जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, अच्छेयवर प्रसाद, कयूम खान, गुड्डू खान, जमालुद्दीन, विक्की कुमार, राजू सिंह, सोनू सिंह, हरेंद्र सिंह, अशोक राय, झरिया नगर अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राकेश पासवान, फ़ैज़ अहमद, प्रमोद सिंह, चंद्रवंशी, भोला सिंह, शिव शंकर, सिंह रामविलास राम आदि सैकड़ो कांग्रेस गण थे।

# शादी शुदा पति ने नौकरी का झांसा देकर किया दूसरी शादी, दहेज़ के लिए कर रहा है प्रताड़ित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** रुपा कुमारी ने अपने पति संजय कुमार ओझा, पर कई गंभीर आरोप लगाते हुवे जोरापोखर थाना में लिखित शिकायत की है। लिखित शिकायत में उन्होंने कहा है की वर्ष 2017 में संजय कुमार ने पहले दोस्ती की फिर नौकरी का झांसा दे कर मेरा मानसिक शारीरिक एवं आर्थिक शोषण किया। दबाव के बाद अशोक वाटिका कमरे रांची में विवाह करके राउरकेला ले गया। उस विवाह में चार दोस्त शामिल हुए। रूपा कुमारी के द्वारा परिवार के शामिल नहीं होने की कारण की जानकारी ली तो उन्होंने कहा की पूरा परिवार दुर्घटना में मारे गए है। शादी के शुरुआती दौर से ही लगातार मेरे साथ मार पिट एवं मायके से तथा दीदी जीजा से बराबर पैसे मांगता था और मेरे मना करने पर बोलता था कि यह तो दहेज की शुरुआत है। जब उनसे पैसा मिलना बंद हो गया तो मुझे पैसो के लिए दुसरो के साथ शारीरिक संबंध बनाने को कहता है और नहीं करने पर मुझे शारीरिक




एवं मानसिक पीड़ा पहुँचाता था। किसी तरह में जामाडोबा अपने मायके आ गई तो अब फ़ोन से मेरे पति संजय ओझा मेरे माता पिता और मेरे जीजा आलोक कुमार साहा एवं भाई विवेक कुमार को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। जोरापोखर थाना द्वारा आवेदन के आधार पर कांड संख्या 15/20 25 धारा 85/86/318 (4)/338/ 3240 (1) / 340(2) / बी0 एन0 एस0 एवं 3 / 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत संजय कुमार ओझा, पिता भीम ओझा निवासी रामनगर चास, बोकारो द्वारा धनबाद बोकारो के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है वही संजय कुमार ओझा, से संपर्क करना चाहा तो मोबाईल बंद बता रहा है।

# महाशिवरात्रि का उत्साह : शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंज रहे बम-बम भोले के जयकारे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। सुबह से ही शिव भक्त मंदिरों में पहुंच रहे हैं। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर सभी कोयलांचल वाशी भक्तिमय हो गये हैं। मंदिर की मनोहारी साज-सज्जा की गई है और महादेव के भक्तों से पूरा परिसर भरा हुआ है। सुबह से ही हर-हर महादेव की गूंज सुनाई दे रही है। हर हर महादेव के जय कारें के साथ कोयलांचल के आसपास क्षेत्रों में महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालय में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। खासकर कोयलांचल का प्रसिद्ध मंदिर अलकडीहा बूढा बाबा पातालेश्वर धाम में सुबह से ही भक्तों का ताता लगा रहा। आसपास के कोलियरी



एवं ग्रामीण क्षेत्र से हजारों महिला-पुरुष यहां आकर भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाएं। श्रद्धालु बेलपत्र, फूल, भांग, धतूरा, दूध और चंदन से सजे थाल लेकर पूजन के लिए पहुंचे। मंदिरों में कहीं शिव पुराण की ऋचाएं गूंज रही थीं तो कहीं हर-हर महादेव के जयघोष हो रहे थे।बूढ़ा बाबा मंदिर में विगत 200 वर्ष से अधिक समय से पूजा अर्चना किया जाता है। मंदिर के पुजारी संदीप शास्त्री, अमीर मुखर्जी व अन्य पंडित ने पूजा किया। कमेटी के लोग विधि व्यवस्था में थे। पुजारी ने बताया कि शाम को भव्य जुलूस के साथ बरात निकाली गई। मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर मुकूंदा तिरंगा मोड आदि क्षेत्रों से भ्रमण करते हुए कुसमाटाड पहुंचे। लालचन अग्रवाल के शिव मंदिर में शिव और पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। चार पहर का पूजा व विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बरात में भूत, पिचास, राक्षस, नंदी, नर, नारी आदि नाचते गाते झूमते जा रहे थे। बजरंगबली व ऋषि मुनि का भेस धारण किए हुए थे। इसके अलावा गोल्डन पहाड़ी अमरनाथ शिव मंदिर जयरामपुर मोड, एमओसीपी कुइयां 10 नंबर शिव मंदिर, चांद कुइयां, मोहरीबांध, घनुडीह, आमटाल, बेरा, दोबारी, कुजामा, साउथ गोलकडीह शिव मंदिर में धूमधाम से पूजा आयोजन किया गया। विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन मौजूद थे।


## पहला कदम स्कूल में धूमधाम से मना महाशिवरात्रि का पावन उत्सव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पहला कदम दिव्यांग बच्चों के स्कूल में महाशिवरात्रि बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष आयोजन में बच्चों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की, भजन-कीर्तन गाए और नृत्य प्रस्तुत किया। संस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान बच्चों ने मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर वहाँ उपस्थित सभी लोगों का मन जीत लिया। इन दिव्यांग बच्चों की कलात्मकता, भक्ति और प्रतिभा को देख कर हर किसी ने उनकी खूब सराहना की। इस मौके पर सचिव अनीता अग्रवाल ने कहा कि पहला कदम स्कूल की हमेशा यह कोशिश रहती है कि इन विशेष बच्चों को समाज और संस्कृति से जोड़ा जाए तथा उन्हें हमारे देश के धार्मिक पर्वों की जानकारी दी जाए, जिससे उनका मानसिक और आत्मिक विकास हो सके। सचिव अनिता अग्रवाल समेत स्कूल के समस्त सदस्यों ने इस अवसर पर सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और भगवान शिव से सभी के कल्याण की प्रार्थना की।

# सूदूरवर्ती चंदवा गढ़गांव के गुफा स्थित शिवलिंग में भक्तों ने की पूजा अर्चना भक्तों



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**सेन्हा-लोहरदगा :** महाशिवरात्रि त्यौहार को लेकर पूरे देशभर में धूमधाम से विभिन्न रूप से पर्व मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सूदूरवर्ती चंदवा गढ़गांव में गुफा स्थित शिवलिंग में पूजा अर्चना भक्तों द्वारा सुबह से ही आरम्भ कर दिया गया। जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। जबकि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में भी श्राद्धभाव से पूजा अर्चना किया गया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत स्थित चंदवा गढ़गांव के समीप स्थित 12 सौ फीट पहाड़ के ऊपर गुफा में प्राचीन काल से स्थापित शिवलिंग पर श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना किया गया। महाशिवरात्रि पर्व के दौरान प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालयों में भक्तों का भीड़ व उत्साह चरम पर देखा गया। और हर जगह बम-बम भोले के जयकारे से क्षेत्र गूँजमान रहा। महाशिवरात्रि पर्व की विशेषता पर चर्चा किया जाए तो धार्मिक मान्यता है कि फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था। जिसे याद करते हुए विशेष रूप से चार पहर में भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। और भक्त व्रत रखते हुए शिवलिंग पर जल, दूध, गंगाजल, बेलपत्र, शहद, दही, चंदन, अक्षत और फल आदि अर्पित कर भोग लगाते हैं ताकि भगवान भोलेनाथ सभी श्रद्धालुओ का मनोकामना पूर्ण करें। इसके साथ ही 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन समस्त स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आयोजन किया गया। तथा रात्रि में संस्कृति कार्यक्रम तथा 27 फरवरी को जतरा का भी आयोजन किया जाना है। पुनः गुफा स्थित शिवलिंग की ओर आकर्षित कराते हुए बताना चाहता हूं कि महाशिवरात्रि त्यौहार के अलावे सावन माह एवं जनवरी माह में भी दूर दूर से श्रद्धालु भक्तगण की भीड़ उमड़ती है। और यहां की एक अलग विशेषता भी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है। कहा जाता है कि प्राचीन काल में ही पूर्वजों के द्वारा गुफा स्थित शिवलिंग का खोज किया गया था। और उसी समय से पगडंडी रास्ते 12 सौ फीट पहाड़ के ऊपर शिव भक्त पहुंच पूजा अर्चना करते थे। समय बदलते गया तथा धीरे धीरे विकसित हुआ और काफी संख्या में भीड़ जिला व प्रखंड क्षेत्र से उमड़ने लगी। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश कुमार के अलावे त्रिलोकी सिंह, संदीप उरांव, संजय सिंह, नन्दगोपाल ठाकुर, दीपक उरांव, प्रसाद उरांव, कृष्णा खेरवार, शिवकुमार सिंह, रोहित सिंह, आनन्द खेरवार, वीरेंद्र खेरवार सहित सैकड़ों स्थानीय महिला पुरुष व बच्चे नवजवान भक्तजन शामिल थे।

## महाशिवरात्रि को लेकर मंदिरो में उमड़े श्रद्धालु, जयकारों से गूंज उठा वातावरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लोहरदगा :** जिले भर में बुधवार को महाशिवरात्रि को लेकर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के मंदिरो में सुबह से ही भक्तो का तांता लगा रहा, वही प्रखंड क्षेत्र के खखपरता शिव धाम में पूजा पाठ के लिए भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा, बाबा भोलेनाथ के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा साथ ही मंदिरो में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था जहां भक्तो ने पूजा पाठ कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान क्षेत्र भर के मंदिरों व शिवालयों को बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वहीं महाशिवरात्रि को लेकर भक्तों की सहूलियत के लिए अन्य विधि व्यवस्था पूरी तरह कर दी गई थी। कई जगह कीर्तन, भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा भंडारे का भी आयोजन किया, भंडरा प्रखंड स्थित अखिलेश्वर धाम को फूलों तथा रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया था, महाशिवरात्रि के पूजा के दौरान खखपरता शिव मंदिर, कोराम्बे मंदिर इत्यादि मंदिरो में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। जिसके लिए सुरक्षा व्यवस्था पूरी चाक चौबंद की गई थी।वही शहरी क्षेत्रों में महाशिवरात्रि के मौके पर भगवान शिव पार्वती की बारात की झांकी निकाली गई। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

## कार्यशाला में रूढ़िवादी परम्परा ग्राम सभा नियमवाली पेशा कानून पर विस्तृत जानकारी दी गयी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को लोहरदगा झखरा कुम्बा सभागार में राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति की अगुवाई में पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 का परिचय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यक्रम की शुरुआत अन्ना आदि प्रार्थना व सुस्वागत गाने के साथ की गई। कार्यशाला में जिला के सातों प्रखंडों के पहान, महतो, पूजार व बुद्धिजीवियों सामाजिक कार्यकर्तागण मौजूद थे। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत महासचिव जालेश्वर उरांव, उपाध्यक्ष सोमे उरांव, कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, मीडिया प्रभारी नूतन कच्छप, जिलाध्यक्ष सोमदेव उरांव वक्तों द्वारा रूढ़िवादी परम्परा ग्राम सभा नियमवाली पेशा कानून पर विस्तृत जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहान, महतो, पूजार, सुकेनदर उरांव, कृष्ण उरांव, बिहारी भगत, हरी उरांव, कार्तिक उरांव, रामकिशोर उरांव, जतरू उरांव, महेश्वर उरांव, सोमरा, रवीन्द्र, बिरजू, बासुदेव मुण्डा, सुमित्रा, शनि, सुरजमुनी उरांव, सोनामनी उरांव समेत भारी संख्या में पहान पूजार महतो बुद्धिजीवीगण मौजूद थे।

## नवपदस्थापित, जिला शिक्षा अधिक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी का किया गया स्वागत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में मंगलवार को विजय कुमार साहू की अध्यक्षता में झारखण्ड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ लोहरदगा इकाई के द्वारा नवपदस्थापित, जिला शिक्षा अधिक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी को पुष्पगुच्छ एवं शॉल ओढाकर स्वागत किया गया साथ ही महोदय से अपेक्षा किया गया कि जिले के शिक्षकों के समक्ष जो भी समस्या है उनमें सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए समाधान किया जाय। साथ ही साथ महीने दो महिने में कम से कम एक बार विद्यालय का भ्रमण किया जाए। भ्रमण के दौरान जो भी कमी हो विद्यालय में उसे पूरा करने के लिए स्थान आकृष्ट कराया जाय। जिला शिक्षा अधिक्षक सह जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सारी बातें ध्यान सुने महोदय के द्वारा सुनी जाए तथा पूरी तरह अस्वस्थ किये कि इसमें पूरी तरह से सहयोग जायगा। इस दौरान स्वागत करने वाले में जिलाध्यक्ष विजय कुमार साहु, उपाध्यक्ष देवव्रत मिश्रा, संयुक्त सचिव अनुपमा कंचन, संजय कुमार साहु एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### सांसद सुखदेव भगत क्षेत्र के विकास के प्रति हैं कृत संकल्प : आलोक साहू

# सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से सलगी गांव में लगा 63 केवी का ट्रांसफार्मर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लोहरदगा :** कुडू प्रखंड के ग्राम सलगी हाई स्कूल के समीप एक सादे समारोह में लोहरदगा सांसद के निजी सहायक सह कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ने 63 केवी ट्रांसफार्मर का फीता काटकर किया उद्घाटन। मौके पर श्री साहू ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान इस क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू हुए थे। तो ग्रामीणों ने बताया था कि यहां 25 KV का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है ज्यादा लोड होने के कारण बराबर जल जाता है इसलिए सांसद के द्वारा 63केवी ट्रांसफॉर्मर दिलवाने के मांग किए थे। सांसद सुखदेव भगत ने त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए 63 के वी का ट्रांसफार्मर गुमला से उपलब्ध कराये। सांसद क्षेत्र के विकास के प्रतिकृति संकल्प है। जन समस्याओं के निदान की दिशा में त्वरित गति से कार्य करते हैं। श्री साहू ने कहा कि सांसद के प्रयास से कुडू प्रखंड के चिताकोनी में 63 केवी का ट्रांसफार्मर 4 दिन पहले उपलब्ध कराया गया है। 63 केवी ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों के साथ-साथ हाई स्कूल के बच्चे को काफी फायदा होगा। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए सांसद का आभार प्रकट किया। इस दौरान ललकु बैठा, रामकुमार साहू, अजय चौरसिया, भोला साहू, नरेश साहू, मुकेश साहू, विनोद साहू मुन्ना सिंह, कार्तिक उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजकिशोर राम बने जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत ग्राम स्थित विद्यालय के समीप मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा का बैठक जिप सदस्य की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में संगठन को मजबूती के साथ सुचारू ढंग से चलाने के उद्देश्य से संगठन विस्तार को लेकर प्रखंड कमिटी के चुनाव किया गया। जिसमे प्रखंड अध्यक्ष राजकिशोर राम, सचिव अमन उरांव और उपाध्यक्ष नइम अंसारी को बनाया गया। वही मुख्य रूप से उपस्थित जिप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि मुख्यमंत्री का विकास कार्य और पार्टी संघठन का नीति सिद्धान्त से प्रभावित हो झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रति ग्रामीणों का रुचि बढ़ रहा है जिसे लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। साथ ही कहा कि संगठन को सुचारू ढंग से चलाने के लिये सभी पंचायत अध्यक्षों का चुनाव के बाद विधिवत प्रखंड अध्यक्ष और कमेटी का विस्तार किया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा दिन प्रति दिन क्षेत्र में मजबूत हो रहा है और आने वाला समय में पार्टी मजबूत होगा। मौके पर संयोजक मंडल सदस्य अनिल उरांव, सेन्हा प्रखंड प्रभारी सरिता भगत, सतीम टोप्पो, केश्वर उरांव अमन उरांव, संदीप उरांव, अख्तर अंसारी समेत जेएमएम के अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## शिव उरांव के घर में असामाजिक तत्व द्वारा दो मोटरसाइकिल फूंक डाला



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा प्रखंड के अरकोसा पंचायत अंतर्गत ग्राम भस्को में शिव उरांव के घर में असामाजिक तत्व द्वारा घर के अंदर दो मोटरसाइकिल में आग लगा दिया गया और आग लगाने के बाद अंधेरा का फायदा उठाकर फरहर हो गया। शिवकुमार उरांव का घर में शादी विवाह का कार्यक्रम चल रहा था नया घर में शरारती आए हुए थे और आगजनी उनके पुराने घर में हुआ। आगजनी हुआ उस समय पुराने घर में 8 वर्ष की एक बच्ची दूसरा कमरा में सोई हुई थी बच्ची शादी प्रोग्राम में मेहमान आई हुई थी। आग का लपेटा देखकर भागते हुए शादी घर में जाकर जानकारी दी लोगों को आते बहुत देर हो चुका था तब तक घर में रखे हुए दोनों मोटरसाइकिल घर का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि जिस व्यक्ति के द्वारा आगजनी को अंजाम दिया है उस पर अनुसंधान करते हुए वैसे लोगों को सख्त कानूनी करवाई किया जाए और भविष्य में इस तरह से घटना का पुरनार्विती ना हो और शिवा उरांव के क्षतिपूर्ति का मुआवजा देने की प्रक्रिया को गति दिया जाए। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू, दीपक कुमार साहू, शशि नंदन भगत, सुकरु उरांव, चंद्र किशोर उरांव, हसमुख रंजन, पवन तिग्गा, मुखिया बसंत उरांव, लोहरदगा थाना के गश्ती दल रात में ही घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी परिवार जनों से लिया।

## शिक्षक अपने कर्तव्य का निर्वहन मनोयोग से करें : अभिजीत कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लोहरदगा :** किसी भी शिक्षक को अकारण कार्यालय की भाग दौड़ की जरूरत नहीं होगी। उपर्युक्त बातें जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार ने झापसा शिक्षक प्रतिनिधि के साथ भेंटवार्ता में कही। डीईओ सह डीएसई अभिजीत कुमार ने कहा कि शिक्षक मनोयोग से शिक्षण कार्य करें। कार्य अगर समर्पण और ईमानदारी के साथ होगा तो नौनिहालों का भविष्य बेहतर होगा। शिक्षा में विकास में सबकी भूमिका अहम है। झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के शैलेंद्र सुमन और मुमताज अहमद के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं शॉल देकर अधिकारी का स्वागत किया गया। नेता ने कहा कि नए अधिकारी युवा हैं कर्मठ हैं। साथ ही आशा व्यक्त किया गया कि आनेवाले समय में शिक्षा और शिक्षक की बेहतरी के लिए कार्य होगा। इस दौरान अन्य लोगों के अलावा शिक्षक आरिफ अख्तर, अकबर अंसारी, कृष्णा भगत, कार्यालय कर्मी अमर कुमार, सुनील तिर्की मौजूद थे।

## आगामी समय में मारवाड़ी युवा मंच जन सेवा के अनेक कार्यक्रम करेगी : जय प्रकाश शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लोहरदगा :** मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय उपाध्यक्ष विनीता सिंघानिया और मंच के रांची शाखा के पदाधिकारीगण सांगठनिक दौरे के क्रम में प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा के आवास पर बुधवार सुबह लोहरदगा पहुंचे। सभी आगंतुकों का स्वागत पुष्प गुच्छ दे कर किया गया। मंच के लोहरदगा शाखा के सदस्यों के साथ बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। मार्च माह में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कर नई कमिटी का गठन और विस्तार कर लोहरदगा में जन सेवा के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाए जाने पर सहमति बनी। जय प्रकाश शर्मा ने सफल संगठनकर्ता तथा सफलता का सक्सेस मंत्र युवा साथियों से साझा किया। विनीता सिंघानिया ने 22 मार्च से जमशेदपुर में होने वाले प्रांतीय अधिवेशन का आमंत्रण सभी को दिया। शाखा उपाध्यक्ष अभिषेक पोद्दार (मोनू) ने उपास्थित सदस्यों का परिचय कराया। पूर्व अध्यक्ष निशांत सर्राफ और कोषाध्यक्ष मयंक मोदी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। बैठक में मुख्य रूप से विनीता सिंघानिया, जय प्रकाश शर्मा, अभिषेक पोद्दार, निशांत सर्राफ, मयंक मोदी, पायल जैन, कविता जालान, पिंकी शर्मा, आकांक्षा सर्राफ, नीरजा, धैर्य, श्रेष्ठ सहित अन्य उपस्थित रहें।

## जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार ने किसानों को मधुमक्खी बॉक्स का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लोहरदगा :** उद्यान विकास योजना के अंतर्गत उद्यान कार्यालय लोहरदगा द्वारा कुडू प्रखंड के तीन पंचायत के 26 किसानों के बीच मधुमक्खी बॉक्स का वितरण जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार के द्वारा किया गया। किसानों को मधुमक्खी बॉक्स के साथ मधु निष्कासन यंत्र नकाब ब्रश स्टैंड सेलो सुपर छाता सहित मधुमक्खी स्मोकर देते हुए जिला उद्यान पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा की किसान भाई बहन मधुमक्खी का उचित देखभाल कर मधु का निष्कासन करें एवं आर्थिक रूप से समृद्ध बने इससे पूर्व किसानों को 5 दिनों का प्रशिक्षण जिला उद्यान कार्यालय लोहरदगा के सौजन्य से गोस्वामी मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केंद्र रांची द्वारा दिया गया। इस अवसर पर चंदलासो पंचायत के उप मुखिया अखिलेश कुमार सिंह,जिला उद्यान कार्यालय के राकेश कुमार, सत्य प्रकाश गोस्वामी, मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केंद्र के राधेकांत गिरी, राजेश कुमार सिंह, रविंद्र यादव, रामबली राम, सुजीत कुमार महतो, सरिता देवी, रेखा देवी, अनुपा देवी, किरण देवी, कलावती कुमारी, प्रतिमा कुमारी, अभय कुमार सिंह, मोहम्मद साबिर, सरस्वती देवी, रिजवाना परवीन, फरहत यासमीन, सोमालिया परवीन, हलीमा खातून, हमीदा खातून, रुखसाना खातून, अमृता देवी, राम कुमारी, फुलेश्वरी देवी, शकुंतला भगत, रजवंती भगत, अनीता भगत, पार्वती भगत, भगवती पाहन सहित कई किसान उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर कुडू प्रखंड के शिवालयो में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, कई शिव मंदिरों में विशेष अनुष्ठान



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर पूरे कुडू प्रखंड के सभी शिवालयो में बुधवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही महिलाएं,पुरुष व बच्चे शिवालयों में विधिवत पूजा-अर्चना की। और अपने व परिवार की मंगल कामना की मांग भोलेनाथ व माता पार्वती से की। महाशिवरात्रि को लेकर शिव मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कई जगहों पर भजन कीर्तन, भंडारा, शिव बारात सहित विशेष अनुष्ठान किये गए। कुडू टीको नदी तट पर स्थित महाकाल शिव मंदिर,तान पहाड़ी स्थित शिव मंदिर,सलगी-चापी के प्राचीन महादेव मंडा,बड़की चाँपि शिव मंदिर, बड़की चाँपि दुर्गा मंदिर, कुंडगड़ा शिव मंदिर, टाटी शिव मंदिर सहित कई मंदिरों में भजन-कीर्तन, शिव बारात, व भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावे कुडू इन्दिरागांधी चौक के बिड़ला शिव मंदिर, ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर, कुडू बाजार ताड़ के बुडुवा महादेव, टाटी, जिमा, बड़की चापी, सलगी, कोलसिमरी, माराडीह शिव मंदिर सहित प्रखंड के सभी शिवालयो में लोगो की भीड़ रही। इस मौके पर सलगी-बड़की चाँपि सिमाना स्थित प्राचीन महादेव मण्डा धाम में कुडू प्रखंड प्रमुख मुनि देवी ने पूजा अर्चना कर पूरे प्रखंड क्षेत्र की मंगलकामना की मांग की। इस मौके पर बड़की चाँपि पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी ने भगवान भोलेनाथ,माता पार्वती सहित सभी देवी-देवताओं का पूजा अर्चना कर अपने-अपने क्षेत्र सहित परिवार की मंगलकामना की मांग भगवान से की। इस मौके पर पूर्व कुडू सांसद प्रतिनिधि भूषण प्रसाद, कुनू नाथ बैद्य, धीरेंद्र सिंह, मनोज दुबे, राजेन्द्र लोहरा, आनंद सिंह, रामेश्वर महतो, सुरेश महतो, बंधु महतो सहित काफी संख्या में भक्तगण थे।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में शिवभक्तों का पुजा को लेकर दिनभर दिखा उत्साह, रुद्राभिषेक के साथ हुआ अखंड कीर्तन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत मुख्यालय कैरो समेत प्रखंड के अनेकों गाँवो में 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि पर प्रखंड क्षेत्र के शिवालयों में शिव की पुजा अर्चना को लेकर दिनभर शिवभक्तों को दिखाई दिया उत्साह वही कैरो नर्मदेश्वर शिव मंदिर में युवको ने किया रुद्राभिषेक तो प्रखंड के गजनी पंचायत स्थित वनखंडि शिवधाम पर 24 घंटा का हो रहा है अखंड हरिकिर्तन का आयोजन। प्रखंड के हनहट शिव मंदिर, सढ़ाबे महादेव मंदिर, खरता मनोकामना भोलेनाथ मंदिर, कैरो नर्मदेश्वर शिवमंदिर, नरौली, गुड़ि शिवालयों पर भी शिव की पुजा-अर्चना को लेकर दिनभर शिवभक्तो में दिखाई दिया उत्साह वही कैरो थाना परिसर स्थित शिव मंदिर पर भण्डारा का भी आयोजन थाना परिवार के द्वारा किया गया आयोजन। इस अवसर पर गजनी वनखंडि शिवधाम में 24 घन्टे अखंड किर्तन का भी किया गया आयोजन। अध्यक्ष आयोजन समिति वनखंडि अखंड कीर्तन मंडली के महेश महतो ने बताया कि कीर्तन में कैरो, उतका, नरौली, खन्डा, गोके, बेयान्सी,जिंगी, चाल्हो, खरता, टाटी, नगजुवा, करगे, तिलसीरी, इत्यादि आसपास के कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है अखंड कीर्तन 26 फरवरी बुधवार को प्रात-10:13 मिनट में प्रारम्भ हुई है सो 27 फरवरी गुरुवार को 10:13 में ही समापन होगी। इस अवसर पर आयोजन समिति के सचिव कुलदीप साहु, कोषाध्यक्ष रामधन साहू, गोपाल महतो, हरिशंकर प्रजापति, मुखिया सुमन उराँव, गनमान्य विगू सिंह, विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू, रवि प्रजापति, प्रवीण साहू, सुरेन्द्र साहू इत्यादि वनखंडि शिवधाम पर उपस्थित थे।

# डॉ. अशोक आचार्य ने 51000 महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप कराया संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**लोहरदगा :** डॉ. अशोक आचार्य ने 26 फरवरी 2025 महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ गुदरी बाजार लोहरदगा मे 51000 हज़ार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक रूप से जाप कराए। इसके बाद वेद के शिव संकल्प सूक्त के मत्रों की विशेष आहुति दिए गए। महामृत्युंजय मंत्र शिव जी को प्रसन्न करने वाला मंत्र है यह मंत्र व्यक्ति को सब प्रकार के दुखों-बाधाओं से दूर करने वाला है। एवं अकाल मृत्यु से भी बचाता है,रोगों और परेशानी से भी यह मंत्र रक्षा करता है। इसके बाद सभी शिव भक्तों ने आदियोगी शिव जी का 5 मिनट तक ध्यान किये यज्ञ के ब्रह्म डॉ. अशोक आचार्य ने सभी शिव भक्तों के लिए सामूहिक रूप से मंगल कामना के लिए प्रार्थना किए। कार्यक्रम का शुरुआत कार्यक्रम अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुषमा सिंह गायत्री परिवार के सदस्य के द्वारा दीप प्रजनन करके किया गया। जाप एवं यज्ञ के मुख्य यजमान- नारायण अग्रवाल, दीपक कर्मकार शीतल कर्मकार, राजकिशोर प्रतिमा, रत्नेश सीमा, मदन, राजीव, दीपा शेखर, राजेश्वरी साहू, मानिक देवघरिया, प्रतिमा, राकेश साहू, श्वेता मित्तल, उमंग प्रसाद,र शिम अग्रवाल, गुंजा साहू, रेखा मित्तल, प्रतिमा मुखर्जी, रागिनी, श्याम नितेश, संगीता साहू, निलेश गुप्ता अवधेश नीतू मित्तल, सरिता, शैली विश्वकर्मा, विदेशी साहू, रोहित साहू, अखिल अंकित एवं सभी शिव भक्त उपस्थित रहें।

## चलते चलते एक नजर

### साइबर ठगी के अंतरराष्ट्रीय रैकेट का किया खुलासा

**जयपुर :** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का खुलासा किया है। जयपुर के वैशाली नगर इलाके में सिरसी रोड से स्थानीय पुलिस को साथ लेकर एक युवक यशवंत सिंह पंवार (21) निवासी गुर्जर बस्ती शास्त्री नगर जयपुर को 61 एक्टिव मोबाईल सिम व दो मोबाइल सहित पकड़ा है। आरोपित दुबई में बैठे इस गिरोह के सरगना के कहने पर अरुणाचल प्रदेश एवं असम से फर्जी सिम मंगवाता है।अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि टीम को एक गिरोह द्वारा जयपुर में आसाम से भारी मात्रा में एक्टिव सिम फ्लाइट के द्वारा मंगवाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर एक टीम पुष्टि के लिए रवाना की गई। चाय की थड़ी पर खड़ा था युवक, 61 एक्टिव सिम मिली-सूचना संकलन एवं तकनीकी मदद से खबर की तस्दीक होने पर वैशाली थाना पुलिस को सूचना देकर सिरसी रोड बुलाया गया। जहां कालरा पेट्रोल पम्प के सामने चाय की थड़ी पर बाइक लेकर खड़ा युवक पुलिस की गाड़ी और टीम को देख बाइक लेकर जाने लगा। बाइक रोक कर युवक को डिटेन किया गया। पुलिस को देख युवक सकपकाने लगा और पसीने-पसीने हो गया। शास्त्री नगर की गुर्जर बस्ती निवासी इस युवक यशवंत सिंह की तलाशी ली गई तो उसके पास मिले एक लिफाफे से 61 मोबाइल सिम व जेब से मिले दो मोबाइल जब्त किये गये।

### पाकिस्तान में विपक्षी महागठबंधन ने सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में तहरीक तहफुज आईन-ए-पाकिस्तान महमूद खान अचकजई के आवास पर हुए हंगामे के बाद विपक्ष को एक छतरी के नीचे आने का मौका मिल गया। अपनी ढपली और अपना राग अलाप रहे पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई), इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी), अवाम पाकिस्तान और मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन (एमडब्ल्यूएम) व कुछ अन्य कुछ दलों ने महागठबंधन बनाकर संघीय सरकार पर नकेल कसने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। विपक्षी महागठबंधन का दो दिवसीय सम्मेलन आज यहां शुरू हुआ है।द न्यूज समाचार पत्र के अनुसार, सम्मेलन में कई वक्ताओं ने संघीय सरकार पर संविधान की हत्या करने का आरोप लगाया। सम्मेलन में पीटीआई महासचिव सलमान अकरम राजा, सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के प्रमुख साहिबजादा हामिद रजा, अवाम पाकिस्तान के शाहिद खाकन अब्बासी, एमडब्ल्यूएम के नासिर शिराजी व अन्य मौजूद हैं। इस महागठबंधन को ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) का नाम दिया गया है।महागठबंधन ने एक बयान में कहा,पाकिस्तान समय के साथ गंभीर संकटों से जूझ रहा है। शुरुआत में हमने एक विकासशील, समृद्ध और लोकतांत्रिक राज्य की नींव रखने की कोशिश की, लेकिन साजिशों, अलोकतांत्रिक ताकतों के हस्तक्षेप, कमजोर राजनीतिक व्यवस्था, भ्रष्टाचार और संस्थागत संघर्षों ने देश को अस्थिरता के दलदल में धकेल दिया है। यही नहीं 2024 के चुनाव में जनादेश को कुचल दिया गया। आज देश एक ऐसे चौराहे पर है जहां आगे बढ़ना असंभव हो गया है।

# किशुनपुर ओपी में तीन दिवसीय महायज्ञ संपन्न

### नवनिर्मित शिव मंदिर में हुआ प्राण प्रतिष्ठा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाटन (पलामू) :** पाटन थाना क्षेत्र के किशनपुर ओपी में तीन दिवसीय महायज्ञ भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। किशनपुर ओपी में बड़े ही धूमधाम के साथ भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। इसी शिव मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर 3 दिनों तक यहां भक्तिपूर्ण माहौल रहा। 24 मार्च को किशनपुर ओपी से कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में किसुनपुर ओपी के प्रभारी निलेश कुमार, सब इंस्पेक्टर प्रभात किरण, बलगाड़ा, पाटन निवासी महेंद्र पाण्डेय, किशनपुर के पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी उर्फ़ भिंडुल गिरी, किशनपुर के युवा व्यवसाई कुंदन उपाध्याय, समाजसेवी शशिकांत उपाध्याय उर्फ बबलू उपाध्याय,चौकीदार राजेंद्र प्रसाद, चिंटू चौधरी, पवन कश्यप, मनोज कश्यप, मनोज यादव, विनोद सोनी, दीपू सोनी, राजू माली, बचन उपाध्याय आदि का भरपूर सहयोग रहा। कलश यात्रा में कई गांव के महिला पुरुष शामिल रहे। बड़े ही धूमधाम और गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाला गया। यह कलश यात्रा अपने आप में भव्य और अद्भुत था। पूरे कलश यात्रा की निगरानी खुद ओपी प्रभारी निलेश कुमार कर रहे थे। इसी दिन शाम में कीर्तन का आयोजन किया गया। कीर्तन भी पूरे क्षेत्र को भक्त पूर्ण माहौल में तब्दील कर दिया। भगवान श्री राम के नाम का कीर्तन से पूरा क्षेत्र रात भर गूंजयामान रहा। सुबह यानी 25 मार्च को शिव मंदिर में दिनभर पूजा पाठ का कार्यक्रम चला। इस पूजा में ओपी प्रभारी निलेश कुमार और सब इंस्पेक्टर प्रभात किरण अपने पत्नी के साथ पूजा पर बैठे। यह पूजा दिन भर चला। प्रकांड आचार्य के द्वारा विधिवत दिनभर पूजा संपन्न कराया गया। 26 मार्च की सुबह से दोपहर तक मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुआ। प्राण प्रतिष्ठा में भी निलेश कुमार और प्रभात किरण की महत्वपूर्ण सहभागिता देखा गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारा का आयोजन किया गया भंडारा में सैकड़ो लोगों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। तीन दिनों तक किशनपुर यूपी में पूरी तरह से भक्तिपूर्ण माहौल बना रहा। इसमें ओपी में तैनात सभी पुलिस पदाधिकारी और जवान सजग देखे गए। सभी में गजब का भक्ति पूर्ण माहौल भी देखा गया। इस पूरे पूजा पाठ के कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों में भी गजब का उत्साह था। सभी लोगों से जितना बन पड़ा उतना इस महायज्ञ में अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

### भक्ति की छटा बिखेर रहा है किशनपुर ओपी का शिव मंदिर

किशनपुर आप में बने शिव मंदिर अपने आप में भक्ति की छटा बिखेर रहा है। यहां ओपी प्रभारी के रूप में निलेश कुमार की पदस्थापना हुई। इनकी पदस्थापना से पूर्व यहां मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। इन्होंने देखा कि मंदिर का निर्माण कार्य शुरू तो हुआ लेकिन आगे नहीं बढ़ रहा है। इन्होंने तुरंत इस ओर अपना ध्यान दिया और मंदिर के निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया। मंदिर के निर्माण कार्य में इन्होंने खुद अपनी ताकत झोंकी और क्षेत्र के लोगों से भी सहयोग लिया इसका परिणाम यह हुआ की भाग्य मंदिर बहुत कम ही दिनों में बनकर तैयार हो गया मंदिर में भगवान शिव की भी स्थापना कर दी गई अब मंदिर में पूजा पाठ भी शुरू हो गया। ओपी प्रभारी निलेश कुमार के साथ सब इंस्पेक्टर प्रभात किरण का भी इस मंदिर के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान रहा।

### ओपी प्रभारी निलेश कुमार और सब इंस्पेक्टर प्रभात किरण की भक्ति की हो रही प्रशंसा

किशनपुर आप के प्रभारी निलेश कुमार और सब इंस्पेक्टर प्रभात किरण के भक्ति की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। मंदिर निर्माण से लेकर प्राण प्रतिष्ठा तक, ये दोनों पदाधिकारी भक्ति भाव में पूरी तरह से लिन रहे। एक तरफ पुलिस अधिकारी होने के नाते लाइन ऑर्डर को संभालना, वहीं दूसरी तरफ मंदिर का निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा भी कराना। यह दोनों काम इन दोनों पदाधिकारीयों ने इतनी सजकता से किया कि हर कोई अचंभित रह गया। अपने ड्यूटी का निर्वहन करते हुए तीन दिवसीय महायज्ञ को संपन्न करना किसी अचरज से काम नहीं है। मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिनों तक चले महायज्ञ के दौरान लाइन ऑर्डर को संभालते हुए इस पुनीत कार्य को संपन्न करना, किसी आश्चर्य से कम नहीं है। सचमुच बधाई के पात्र हैं निलेश कुमार और प्रभात किरण। जिन्होंने भक्ति का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का ही पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन किया।

## सात देशों के बिमस्टेक शिखर सम्मेलन में नैनीताल के चित्रांश ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

एजेंसी

**नैनीताल :** कृषि एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अंतिम वर्ष के नैनीताल निवासी विद्यार्थी चित्रांश देवलियाल ने नई दिल्ली में आयोजित बिमस्टेक यानी 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन' में भारत का प्रतिनिधित्व किया।विदेश मंत्रालय और भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में आयोजित यह शिखर सम्मेलन 19 से 24 फरवरी तक विश्व युवक केंद्र में आयोजित हुआ, जिसमें बांग्लादेश,



भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड सहित सात देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह में केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त डॉ. केके खंडेलवाल, पेशेवर मुक्केबाज विजेंदर सिंह, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (बिमस्टेक और सार्क) सीएसआर राम और भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख दलबीर सिंह सुहाग सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे।इस सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले नौ सदस्यीय दल में तोशी कलबांडे के नेतृत्व में रविना राजपुरोहित, राहुल शर्मा, विवेक, ईशिका वारवड़े, जया शर्मा, श्रेया पोपली, अदिति शर्मा और चित्रांश देवलियाल प्रतिनिधि के रूप में सम्मिलित हुए। ये सभी पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और जलवायु परिवर्तन के विषयों पर सक्रियता से कार्यरत हैं।

## महाशिवरात्रि पर्व पर स्वयंसेवकों ने किया शिवनाद

एजेंसी

**फिरोजाबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बुधवार को अखिल भारतीय घोष दिवस के उपलक्ष्य में शिवनाद कार्यक्रम का आयोजन नगर के राज राजेश्वरी कैला देवी मंदिर प्रांगण में किया गया।इस अवसर पर कैला देवी मंदिर प्रागढ़ में सभी स्वयंसेवक बंधु अनुशासित, व्यवस्थित और पूर्ण गणवेश में एकत्रित हो गए। सभी स्वयंसेवकों ने भगवान शिव की आराधना हेतु घोष वादन के साथ अदभुद शिवनाद किया। भगवान शिव के डमरू का नाद हो घोष है। घोष वादन की टीम में विद्यार्थियों के साथ साथ व्यवसाई भी पूरी दृढ़ता



और एकाग्रता के साथ घोष वादन की सुंदर रचनाओं पर शिवनाद कर रहे थे।इस अवसर पर भूप, तिलंग, मीरा, शिवरंजनी, पहाड़ी, केदार, श्रीपाद, बंगश्री, जन्मभूमि, किरण, उदय, सोनभद्र समेत शंख एवं वेणु की 15 रचनाओं का वादन स्वयंसेवकों द्वारा प्रणव, आनक, वेणु, शंख, त्रिभुज, झल्लरी आदि वाद्य यंत्रों पर किया, जोकि आकर्षण का केन्द्र रहा।कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण हुआ और फिर स्वयंसेवक बंधुओं द्वारा श्रद्धालुओं की सुगमता से आने जाने के उद्देश्य को लेकर यातायात व्यवस्था की बागडोर संभाली गई।

# संत मरियम स्कूल का छात्र बना डॉक्टर, अविनाश देव ने दी बधाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र रौशन सोनी, जो मूलतः गढ़वा के निवासी है। रौशन संत मरियम विद्यालय से 2014 में पासआउट हैं। बोकारो से इंटर साइंस और कोटा से मेडिकल इंट्रेंस निकाल कर सरहद पार के मुल्क यूक्रेन में दाखिला लिया। एमबीबीएस कि पढ़ाई पूरी कर स्वदेश लौटा और आते ही सबसे पहले गुरु के पांव छुआ, मिठाई खिलाया और अपनी आपबीती बताई। रौशन सोनी ने कहा, भैया यूक्रेन में मेरा कोई नहीं था। शुरुआती सत्र में शानदार सफलता मिली। साहस के साथ रहा। मेरा सपना हिचकोला लेता रहा। मेडिकल की पढ़ाई में मन लगता रहा। एकाएक खबर आया कि रुस यूक्रेन में जंग का ऐलान हो गया है। सप्ताह भी नहीं बिता और बम के बज्रनाद कान के चादरें को चीथड़ा



करने लगा। हिम्मत हार गया और हिंदुस्तान के लिए हवाई जहाज पकड़ लिया।मातृभूमि को चूमा और खुली आसमान को देखा। जिंदगी को खैर मांगा। गढ़वा अपने मित्रों संग समय बीतने लगा। कुछ ही वक्त गुजरा था कि हमें असफलता का एहसास होने लगा। मन कड़ा किया और सपनो को परवान देने जान जोखिम में डाल बम के गड़गड़ाहट के बीच यूक्रेन के धरती पर उतरा। पुनः कॉलेज ज्वाइन किया और संत मरियम विद्यालय के हॉस्टल में मिले संस्कार शिष्टाचार और मोटिवेशन हिम्मत हौसला तन्हा जीवन में काम आया। गुरु का बताया बात आज काम आया। उस वक्त फालतू का बात लगता था। अविनाश भैया का बताया बात जीवन में आज सूत्र की तरह काम आ रहा है। अकेला में किताब गुरु मां पिता के बताए रास्ता ही काम आया। भारत के इंटर्नशिप इम्तिहान पास कर आज डॉक्टर रौशन आपके सामने हूं। इसीलिए कहा गया है कि सफलता का कोई आसान रास्ता नहीं है। कांटो भरा डगर है। मेहनत संघर्ष और साफ़ दृष्टि ही सफलता के मुकाम पहुंचा सकता है। विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए संत मरियम विद्यालय हमेशा तत्पर है। हमारी कोशिश है कि हमारे बच्चे हर क्षेत्र में अपना सफलता के परचम लहराएं। शुक्रिया।

### भोले बाबा के जयकारों से गूंजा बागपत का महादेव मंदिर

**बागपत :** श्री परशुरामेश्वर महादेव मंदिर पर बुधवार को लाखों शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया है। फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि पर यह जलाभिषेक किया जा रहा है। शिव भक्त कांवड़िया पैदल हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं।पुरा महादेव मंदिर की मान्यता प्राचीनता से चली आ रही है। यहां श्रवण मास और फाल्गुनी मास की शिवरात्री पर भारी भीड़ होती है। बुधवार 26 फरवरी फाल्गुन मास की महाशिवरात्रि का मुख्य जलाभिषेक एवं झंडारोहण कार्यक्रम जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजय वर्गीय द्वारा विधि विधान के साथ झंडारोहण पूर्वाह्न 11:8 बजे पर हुआ। पुरा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी जय भगवान शर्मा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। शिवलिंग पर जलाभिषेक कराया। जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं।

## चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस पर रोजगार सृजन मेला आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** निलाम्बर पीताम्बर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन गढ़वा में चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर पलाश (जेएसएलपीएस) गढ़वा के द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला में देश के विभिन्न जगहों से करीब 33 कंपनियों ने अपने रिक्तियों के साथ भाग लिया। जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला में कुल 895 इच्छुक बेरोजगार युवक युवतियों का विभिन्न कंपनियों द्वारा रजिस्ट्रेशन किया गया।

कुल 483 लोगों को विभिन्न कंपनियों द्वारा ऑफर लेटर प्रदान किया गया तथा 188 लोगों को विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया।रोजगार मेले में उपायुक्त शेखर



जमुआर ने कहा कि बेरोजगारी की मार झेल रहें युवक यूवतियों को रोजगार मुहैय्या कराने के उद्देश्य से सरकार कईजनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

इसी को ध्यान में रखते हुए चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस पर गढ़वा जिले में भी रोजगार मेला का आयोजन कराया गया है। राज्य सरकार बेरोजगारों को रोजगार प्रदान कर अपने पैर पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करती है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। उन्होंने रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं यूवतियों से भी कहा कि सच्चे लग्न एवं निष्ठा तथा मेहनत से कार्य करते हुए अपने कंपनी, संस्थान, प्रतिष्ठान को नई ऊंचाई प्राप्त करने में सहयोग करें। इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि भारत युवाओं का देश है तथा युवाओं के समक्ष बेरोजगारी की भी एक बहुत बड़ी समस्या है।

## अभिषेक बनर्जी के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट पर तृणमूल का पलटवार

एजेंसी

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने केंद्रीय जांच ब्यूरो पर सांसद अभिषेक बनर्जी की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि शिक्षक नियुक्ति घोटाले की चार्जशीट में सीबीआई ने बिना किसी ठोस प्रमाण के अभिषेक बनर्जी का नाम जोड़ने की कोशिश की है। अभिषेक के वकील संजय बसु ने इसे राजनीति से प्रेरित कदम बताया है और कहा है कि यह उन्हें बदनाम करने की सोची-समझी साजिश है।सीबीआई ने शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपित सुजयकृष्ण भद्र उर्फ %कालीघाट के काकू% के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसमें एक ऑडियो क्लिप का जिक्र किया गया है, जिसमें कथित तौर पर %अभिषेक बनर्जी% नाम सुना गया है। हालांकि, चार्जशीट में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह अभिषेक बनर्जी कौन हैं। दिलचस्प बात यह है कि चार्जशीट में पूर्व शिक्षा मंत्री



पार्थ चटर्जी और विधायक माणिक भट्टाचार्य के नाम के साथ उनकी पहचान दी गई है, लेकिन अभिषेक के बारे में कुछ नहीं लिखा गया। इससे तृणमूल कांग्रेस का गुस्सा और बढ़ गया है।सीबीआई का कहना है कि ऑडियो क्लिप को सत्यापित करने के लिए फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। वहीं, सुजयकृष्ण भद्र और अन्य आरोपितों कुंतल घोष व शांतनु बनर्जी के वॉइस सैंपल की भी जांच की जा रही है। अभिषेक बनर्जी के वकील संजय बसु ने बयान जारी कर कहा,सीबीआई का यह कदम एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। जांच एजेंसियों को जबरदस्ती अभिषेक बनर्जी के खिलाफ सबूत जुटाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।उन्होंने यह भी कहा कि अभिषेक ने हर जांच में सहयोग किया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई जब भी उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया, उन्होंने उपस्थिति दर्ज कराई और सभी जरूरी दस्तावेज भी दिए। बावजूद इसके, सीबीआई ने तीसरी बार चार्जशीट में उनका नाम जोड़ने की कोशिश की, जो उन्हें परेशान करने की कोशिश के अलावा कुछ नहीं है।

# पर्यावरणविद ने विमला बहुगुणा के श्राद्ध में देहरादून में लगाए चंदन का पौधा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**देहरादून :** शिवनारायण बिहार माजरी माफी मोहकमपुर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्रीमैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने भारत के महान पर्यावरण चिंतक व चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता रहे प्रख्यात पर्यावरणविद पदमविभूषित स्व. सुंदरलाल बहुगुणा के धर्मपत्नी विमल बहुगुना के श्राद्ध में उनके निवास उत्तराखंड के देहरादून उनके नाम का कर्नाटक के लाल चंदन का पौधा पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ लगा कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को याद किया।

डॉ कौशल ने कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा भारत के एक महान

**चिपको मूवमेंट के दौरान पर्यावरणविद डॉ. कौशल के घर दो बार पलामू पहुंचे थे देश के प्रख्यात पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा व इनकी धर्मपत्नी विमल बहुगुणा**



**टिहरी से शुरू हुए चिपको आंदोलन के दौरान देश के दर्जनों राज्यों में विमला बहुगुणा के साथ में रहे थे पर्यावरण धर्मगुरु डॉ. कौशल**

पर्यावरण-चिन्तक एवं चिपको आन्दोलन के प्रमुख नेता थे।उन्होने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के लिए आजीवन संघर्ष किया। इस कार्य में उनकी धर्मपत्नी विमल बहुगुणा जीवन भर साथ दिया। उन्होंने कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े, रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर, धूम सिंह नेगी, अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके अन्दोलन से जुड़ी हुई थीं। 1970 के दशक में पहले वे चिपको आन्दोलन से जुड़े रहे और 1980 के दशक से 2004 तक के दशक में टिहरी बाँध के निर्माण के विरुद्ध आन्दोलन से जुड़े रहे। बहुगुणा जी भारत के आरम्भिक पर्यावरण प्रेमियों में से एक थे। उन्होंने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान बहुगुणा जी ने उनके निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का न सिर्फ हिस्सा बने थे बल्कि उन्होंने लावारिस सेवा केंद्र व पानी पंचायत का केंद्रीय कार्यालय का भी शुभारंभ किया था।

डॉ कौशल ने कहा कि बहुगुणा जी के साथ 1977 में टिहरी के चामा, चमोली के चिपको मूवमेंट से कर्नाटक के अप्पिको आंदोलन समेत देश-विदेश के दर्जनों प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिला था। श्री जायसवाल ने उपस्थित लोगों को अपना धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मत्रों की पालन करने का शपथ दिलाया।तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करने में स्व विमला बहुगुणा के पुत्र प्रदीप बहुगुणा, राजू नयन बहुगुणा, गिरीश बहुगुणा,पुत्री, डॉ मधु पाठक, दामाद डीपी नोनियाल, बहू डॉ मंजू बहुगुणा, रंजीत बहुगुणा,मनजीत रावत, श्रीमती बीनिउनियाल राज्य मंत्री उत्तराखंड, विधायक किशोर उपाध्याय टिहरी गढ़वाल, उमेश शर्मा विधायक रायपुर,ममता चमोली, सुनीता जोशी, डॉ डी पी नोनियाल,पंडित मोहन, सूरज नौटियाल सूरज जायसवाल शामिल थे।